CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 25°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 6 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 235 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 13 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



शिक्षकों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के रूप में मान्यता मिले: राष्ट्रपति मुर्मू पेज 2




भारतीय जर्सी को स्पॉन्सर करना अब और महंगा खेल टाइम्स



सरकारी स्कूलों को जिंदा रहने दें 'प्लीज' सम्पादकीय



रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत की यूएन में दो टूक राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने को तैयार पेज 2

# मां नंदा-सुनंदा की विदाई को उमड़ा आस्था का सागर

अफजल 'फौजी'

**नैनीताल।** मां नंदा सुनंदा महोत्सव के अंतिम दिन शुक्रवार को मां नैना देवी मंदिर से डोला तय समय के अनुसार धार्मिक ध्वज के साथ 12:00 बजे निकाला गया।

इस दौरान मंदिर परिसर व क्षेत्र मां के जयकारों से गूंज उठा, वहीं हजारों की संख्या में भक्तों ने मां को विदा करने को लेकर डोले में शामिल हुए और डोला नैना देवी मंदिर से प्रारंभ होकर आर्य समाज में पूजा-अर्चना के बाद मल्लीताल बाजार से पंत पार्क, लोअर माल रोड से तल्लीताल बाजार वैष्णव देवी मंदिर में पूजा के बाद नया बाजार पिछाड़ी बाजार होते हुए वापस बड़ा बाजार चीना बाबा मंदिर होते हुए ठंडी सड़क में विसर्जन किया गया। भक्त मां को नाच गाकर और मां के जयकारों के साथ विदा कर रहे थे। डोला भ्रमण अलग-अलग शहरों से आए बैंड बाजों व छोला नृत्य के ग्रुप ने भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया और पूरा शहर मां के जयकारों से गूंज रहा था। प्रात: से ही मां के भक्त मंदिर में पहुंच रहे थे और पूरा मंदिर परिसर मेला क्षेत्र में भक्तों का जनसैलाब उमड़ा हुआ था। मां को विदा करने नैनीताल के अलावा -शेष पृष्ठ दो पर



### बैंडों के बेहतरीन गीतों की शानदार प्रस्तुति दी

मां नंदा देवी महोत्सव में नगर के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से बैंड द्वारा बेहतरीन गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई, भक्त झूमते नजर आए एवं करतब दिखाया गया। वही मां नंदा देवी महोत्सव का सीधा प्रसारण ताल चैनल व यूट्यूब के माध्यम से दिखाया गया।

### चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे

एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्रा ने बताया मां नंदा देवी महोत्सव के दौरान नगर के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। पुलिस बल की तैनाती हर प्रमुख स्थल पर की गई ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। फायर व पुलिस के वाहन भी भीड़ के साथ ही चल रहें है। नैनी झील में सुरक्षा को लेकर एसडीआरएफ की टीम तैनात की हुई है। पूरे मेले को पुलिस अपने संचालन में नियंत्रण कर रही है। ड्रोन के माध्यम से भी नजर रखी जा रही है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए करीब डेढ़ सौ पुलिसकर्मी लगाए गए हैं।

### मां नंदा-सुनंदा के डोले का भव्य स्वागत

नंदा देवी महोत्सव के तहत तल्लीताल टोल टैक्स पर मां नंदा-सुनंदा के डोले का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर पारंपरिक ढोल-दमाऊं की थाप पर जयकारों के साथ स्वागत किया। नगर का माहौल धार्मिक उत्साह और आस्था से सराबोर हो उठा।

### उमड़ी भीड़ से बसों में सफर करना हुआ मुश्किल

नंदा देवी महोत्सव के दौरान दूर दराज से नैनीताल मां के दर्शन करने आए भक्तों को वापस जाने के लिए बसों में सफर करना मुश्किल हुआ। बसों में बैठने के लोग खिड़कियों से चढ़ने लगे।

# सीडीएस चौहान ने बताया ऑपरेशन सिंदूर का सीक्रेट

गोरखपुर, वार्ता

■ कहा: बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत और पाकिस्तान ने अलग-अलग सबक सीखे

**चीफ ऑफ** डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत और पाकिस्तान ने अलग-अलग सबक सीखे।

भारत ने जहां लंबी दूरी तक मार करने वाले प्रिंसिजन हथियार और हमले के बाद नुकसान का आकलन करने की क्षमता पर ध्यान दिया, वहीं पाकिस्तान ने संभवत: अपनी एयर डिफेंस प्रणाली को मजबूत करने पर फोकस किया। जनरल चौहान ने याद दिलाया कि 2016 में उरी हमले के बाद भारतीय सेना ने जमीनी रास्ते से पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के कैंप तबाह किए। 2019 पुलवामा हमले के बाद भारतीय वायुसेना ने खैबर पख्तूनख्वा में एयरस्ट्राइक की थी। हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के पास पहले से ही और बेहतर प्रिंसिजन स्ट्राइक क्षमता मौजूद थी।जब राजनीतिक नेतृत्व से चर्चा हुई तो यह साफ हो गया कि सिर्फ ड्रोन और लोटरिंग म्यूनिशन से लक्ष्य हासिल नहीं होगा। बहावलपुर और मुरीदके में आतंकी ठिकाने तबाह करने के लिए एयर पावर का इस्तेमाल जरूरी था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने सेना को साफ निर्देश दिए थे कि आतंकी ठिकाने नष्ट करने हैं।

### नौ लाख शिक्षकों को योगी का तोहफा, मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। लोकभवन में इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिषदीय विद्यालयों के 66 व माध्यमिक शिक्षा विभाग के 15 शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व मॉनिटरिंग के लिए टैबलेट, विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना के लिए प्रधानाचार्यों को टैबलेट व प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि बेसिक शिक्षा ने बाल वाटिका का एक नया रूप लाया है। इस सत्र में पांच हजार से अधिक बाल वाटिकाएं शुरू हो चुकी हैं।

### मुंबई में अनंत चतुर्दशी से पहले ब्लास्ट की धमकी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस को गुरुवार देर रात व्हाट्सएप पर धमकी भरा मैसेज मिला, जिसमें दावा किया गया है कि लश्कर-ए-जिहादी के 14 आतंकी शहर में आ चुके हैं। आतंकी 400 किलो आरडीएक्स 34 गाड़ियों में लगाकर बड़ा ब्लास्ट करने वाले हैं। धमकी मिलते ही मुंबई पुलिस ने शहर भर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया। क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। एंटी-टेररिज्म स्क्वाड (एटीएस) व अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया गया है। शनिवार को गणेशोत्सव का अंतिम दिन (अनंत चतुर्दशी) है।

### भारत-अमेरिका से लेगा 5वीं जनरेशन के विमान इंजन

**नई दिल्ली।** टैरिफ वॉर की तल्खी के बीच भारत की विमान निर्माता कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के बीच जेट इंजन को लेकर कई रक्षा सौदे फाइनल स्टेज में हैं। एचएएल सूत्रों के मुताबिक सबसे बड़ा सौदा जेट जीई 414 इंजन का होने जा रहा है। यह इंजन भारत के 5वीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान एम्का में लगेगा।

# मोदी की कूटनीतिक चाल से ट्रम्प हैरान, परेशान

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने मानी गलती: भारत-रूस को चीन के हाथों खोया

वाशिंगटन, वार्ता



■ टैरिफ वॉर: एससीओ समिट के बाद नरम पड़े ट्रम्प
■ ट्रम्प ने पोस्ट में लिखा- ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो, एक तस्वीर भी शेयर की

**अमेरिका की** तरफ भारत पर लगाए गए टैरिफ के बाद दोनों देशों के बीच तनाव देखने को मिल रहा है। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार भारत पर निशाना साधते नजर आ रहे थे, लेकिन चीन में हाल ही में संपन्न हुए एससीओ सम्मेलन के बाद अब ट्रम्प के तेवर नरम पड़ते दिख रहे हैं। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा कि लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को सोशल मीडिया ट्रुथ पर पोस्ट में एक तस्वीर भी शेयर की है। इस तस्वीर में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट में डोनाल्ड ट्रम्प ने लिखा कि लगता है कि हमने भारत और रूस को गहरे, अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो। ट्रम्प की यह टिप्पणी पर उस समय आई है जब पिछले दिनों चीन के तियानजिन में आयोजित एससीओ शिखर सम्मेलन पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नजदीकियों ने विश्व का ध्यान खींचा था। भारत-अमेरिका संबंधों में खटास तब और गहरी हो गई जब ट्रम्प प्रशासन ने भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ दोगुना कर 50 प्रतिशत कर दिया और साथ ही रूस से कच्चा तेल खरीदने पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क भी लगा दिया। वहीं अपने साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इस पोस्ट को लेकर सवाल पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस समय इस पोस्ट पर मेरी कोई टिप्पणी नहीं है। इससे पहले तमाम पूर्व अमेरिकी अधिकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत के साथ संबंध सुधारने की नसीहत दी थी। इस कड़ी में पूर्व अमेरिकी एनएसए जॉन बोल्टन ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिका-भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया है, जिससे पीएम मोदी रूस और चीन के करीब चले गए हैं।

### ट्रम्प के करीबी पीटर नवारो के बयान पर भारत का पलटवार

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के करीबी और व्हाइट हाउस ट्रेड के सलाहकार पीटर नवारो के हालिया बयानों को सख्ती से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने साफ कहा कि नवारो के बयान न केवल गलत हैं, बल्कि भ्रामक भी हैं। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते गहरे हैं और इन्हें भ्रामक बयानों से प्रभावित नहीं किया जा सकता। साथ ही ब्लूमबर्ग की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को गुप्त पत्र भेजने वाली रिपोर्ट को गलत बताया। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया में हो रहे प्रदर्शन पर भी विदेश मंत्रालय ने अपनी बात कही। जायसवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं। यह साझेदारी साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के बीच मजबूत रिश्तों पर आधारित है।

# मुसीबत में अनिल अंबानी

## SBI, BOI के बाद BOB ने ऋण खाते को फ्रॉड घोषित किया

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ आरकॉम ने अनिल अंबानी के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने की जानकारी दी

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ इंडिया के बाद अब बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी दिवालिया रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी के ऋण खाते को फ्रॉड के रूप में वर्गीकृत कर दिया है।

एक नियामक फाइलिंग के अनुसार उनपर इस कार्रवाई के लिए एक दशक से पहले दिए गए ऋणों के कथित दुरुपयोग का हवाला दिया गया है। आरकॉम ने कहा कि उसे बैंक ऑफ बड़ौदा से 2 सितम्बर को एक पत्र मिला है जिसमें कंपनी और उसके प्रवर्तक अनिल अंबानी के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने के निर्णय की जानकारी दी गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने कंपनी को 1,600 करोड़ रुपये और 862.50 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा स्वीकृत की थी। आरकॉम की ओर से नियामकीय फाइलिंग में जारी बैंकों के पत्र के अनुसार, कुल 2,462.50 करोड़ रुपये में से 28 अगस्त तक 1,656.07 करोड़ रुपये बकाया थे। पत्र में कहा गया है, इस खाते को 5 जून 2017 से गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। आरकॉम नियंत्रण और अपनी देनदारियों को चुकाने के लिए कॉर्पोरेट दिवाला समाधान कार्यवाही से गुजर रही है। हालांकि, बैंक ऑफ बड़ौदा ने पत्र में कहा है कि वर्तमान में एनसीएलटी की ओर से अनुमोदित कोई सक्रिय समाधान योजना अस्तित्व में नहीं है।

### दंतेवाड़ा में मुठभेड़, छह माओवादी ढेर!

**दंतेवाड़ा।** मानसून ब्रेक के बाद बस्तर में नक्सलियों के खात्मे को लेकर फिर ऑपरेशन तेज हो गए हैं। नारायणपुर और दंतेवाड़ा के बॉर्डर इलाके में जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ चल रही है, जिसमें छह नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिल रही है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के पास सूचना थी कि नक्सलियों की एक बड़ी टीम अबूझमाड़ के एक इलाके में जमा है और किसी बड़ी बैठक की तैयारी चल रही है।

# देश में बरसाती आफत का कहर जारी

## दिल्ली समेत राजस्थान व पंजाब के हालत बदतर



शाह टाइम्स ब्यूरो

■ एनसीआर में बाढ़, नोएडा के कई सेक्टर डूबे, अजमेर में बोराज तालाब टूटा, 1000 घरों में भरा पानी
■ पंजाब में 43 मौतें, पाकिस्तान का पानी भारत में घुसा

**नई दिल्ली।** बारिश से पहाड़ी राज्यों से लेकर मैदानी इलाकों तक तबाही आ गई है। दिल्ली-एनसीआर में लगातार बारिश के कारण यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इससे कई इलाकों में बाढ़ आ गई है।

नोएडा में सेक्टर-135 और सेक्टर-151 डूब गए हैं। कई इलाके में 3 से 4 फीट पानी भरा है। पाकिस्तान से आने वाले बाढ़ के पानी से भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर कई किलोमीटर लंबा बाड़ डूब गया है। पंजाब के फिरोजपुर में शुक्रवार को लोगों ने रेत से भरी बोरियां रखकर बांध बनाया। मध्य प्रदेश के राजगढ़ में शुक्रवार को एक कार पुल से कालीसिंध नदी में गिर गई। इसमें स्थानीय भाजपा नेता महेश सोनी के 26 साल का बेटा सवार था, जिसके नदी में बह जाने की आशंका है। दिल्ली में सिविल लाइंस स्थित मॉनेस्ट्री मार्केट और वासुदेव घाट -शेष पृष्ठ दो पर

## देश के 47 प्रतिशत मंत्रियों पर आपराधिक केस दर्ज

# 653 मंत्रियों में से 174 पर मर्डर, रेप जैसे गंभीर आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ आरोपियों में भाजपा के 136, कांग्रेस के 45 मंत्री, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, नागालैंड व उत्तराखंड के किसी मंत्री पर कोई आपराधिक केस दर्ज नहीं

**नई दिल्ली।** देशभर के 302 मंत्री (करीब 47प्रतिशत) खुद पर आपराधिक केस होने की बात स्वीकार कर चुके हैं। इनमें 174 मंत्री ऐसे हैं, जिन पर हत्या, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं।

वहीं, केंद्र सरकार के 72 मंत्रियों में से 29 (40प्रतिशत) ने आपराधिक केस होने की बात मानी है। यह जानकारी चुनाव सुधार संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स' (एडीआर) की रिपोर्ट में सामने आई है। एडीआर ने 27 राज्यों, 3 केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के कुल 643 मंत्रियों के शपथ पत्रों (एफिडेविट) का विश्लेषण किया। एडीआर ने यह भी कहा कि जिन शपथ पत्रों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है, वे 2020 से 2025 के बीच चुनावों के दौरान दाखिल हुए थे। इन मामलों की स्थिति बदल भी सकती है। केंद्र सरकार ने हाल ही में एक प्रस्ताव रखा था, जिसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक मामलों में 30 दिन की गिरफ्तारी के बाद पद से हटाने की बात कही गई थी। भाजपा के 336 मंत्रियों में से 136 (40 प्रतिशत) पर आपराधिक केस हैं, वहीं 88 (26प्रतिशत) पर गंभीर आरोप हैं। कांग्रेस के 61 मंत्रियों में से 45 (74 प्रतिशत) पर केस हैं, 18 (30 प्रतिशत) पर गंभीर आरोप हैं। डीएमके के 31 में से 27 (87 प्रतिशत) मंत्री आरोपी हैं, 14 (45 प्रतिशत) पर गंभीर केस हैं। टीएमसी के 40 में से 13 (33 प्रतिशत) पर केस हैं, 8 (20 प्रतिशत) पर गंभीर आरोप हैं। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के 23 में से 22 (96 प्रतिशत) मंत्री आरोपी हैं, 13 (57प्रतिशत) पर गंभीर केस हैं। आम आदमी पार्टी के16 में से 11 (69प्रतिशत) मंत्री आरोपी हैं, 5 (31प्रतिशत) पर गंभीर आरोप हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### खड़गे-राहुल ने शिक्षक दिवस पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शिक्षक दिवस पर देशवासियों को बधाई दी है। खड़गे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा कि शिक्षकों को सच्चा राष्ट्र-निर्माता माना जाता है। उन्होंने कहा कि इस शिक्षक दिवस पर, हम इन राष्ट्र-निर्माताओं के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। हम भारत के पूर्व राष्ट्रपति, एक दार्शनिक और राजनेता, डा. एस. राधाकृष्णन को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिनका ज्ञान, समर्पण और योगदान पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। गांधी ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान दार्शनिक डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन।

### शिक्षण संस्थानों में आरक्षण समाप्त करने की साजिश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग के बच्चों के हक को भी चुरा रही है और सरकारी संस्थानों को रणनीति के तहत बंद कर शिक्षा व्यवस्था को निजी हाथों में सौंप कर आरक्षण को समाप्त करने की साजिश कर रही है। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेंद्र पाल गौतम, आदिवासी कांग्रेस के प्रमुख डा. विक्रांत भूरिया तथा कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रमुख डा. अनिल जयहिंद ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग के बच्चों के संवैधानिक अधिकारों का हनन कर रही है और उनके हित में जो फैसला न्यायालय से आया है उसको लागू नहीं किया जा रहा है।

# दुष्टों का संहार करके ही सुरक्षित रहेगा राष्ट्र: योगी

## सुरक्षा के माहौल में ही समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर, वार्ता**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्य नाथ ने शुक्रवार कहा कि नागरिकों के संरक्षण और दुष्टों का संहार करके ही कोई राष्ट्र सुरक्षित रह सकता है और सुरक्षा के माहौल में ही समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

योगी शुक्रवार को लीन महंत दिग्विजयनाथ की 56वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 11वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में समसामयिक विषयों पर संगोष्ठी श्रृंखला के पहले दिन भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफअनिल चौहान का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने आचार्य चाणक्य के एक उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि कोई राष्ट्र वाह्य रूप से सुरक्षित हो और आंतिरक रूप से सुरक्षित न हो, तो उसे अराजक राष्ट्र माना जाता है। ऐसा अराजक राष्ट्र शीघ्र समाप्त होने के कगार पर होता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इसी तरह के अराजक राष्ट्र का उदाहरण है। आंतरिक अराजकता से वह पूरी तरह खोखला हो चुका है। अराजकता किसी भी राष्ट्र को दुर्गति की ओर ले जाती है। दुर्गति से अस्तित्व पर संकट होता है। भारत प्राचीनकाल से ही इस पर सजग और सतर्क रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैदिककाल से ही भारत में यह शिक्षा दी गई है कि धरती हमारी माता है और हम धरती के पुत्र हैं। कोई भी सुयोग्य पुत्र मां के साथ अराजकता बर्दाश्त नहीं कर सकता। भारत मां की आन, बान और शान के प्रति किसी ने दुस्साहस किया तो उसके खिलाफ हर भारतीय खड़ा होगा।

### मुख्ययमंत्री योगी ने दी शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद, 'भारत रत्न' डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं प्रदेश वासियों को 'शिक्षक दिवस' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि भारतीय संस्कृति एवं वेदांत दर्शन को वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठित कर 'आधुनिक भारत-शिक्षित भारत' के निर्माण में उनका अतुलनीय योगदान हम सभी के लिए पाथेय है। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश जारी किए।

# मनरेगा को कमजोर करना बड़ी रणनीति का हिस्सा: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मोदी सरकार ने योजना को पर्याप्त बजट का आवंटन नहीं किया: जयराम रमेश

कांग्रेस ने मनरेगा को ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वपूर्ण योजना बताते हुए कहा कि एक रणनीति के तहत दुनिया की इस सबसे बड़ी कल्याणकारी योजना को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां एक बयान में इस बात पर चिता व्यक्त की है कि मोदी सरकार ने इस योजना को पर्याप्त बजट का आवंटन नहीं किया है। रमेश ने कहा कि आज महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना-मनरेगा कानून बनने की 20वीं वर्षगांठ है। होना तो यह चाहिए था कि आज हम दुनिया की सबसे बड़ी सामाजिक कल्याण योजना की उपलब्धियों को याद करते, लेकिन इस सरकार में योजना के अनिश्चित भविष्य को लेकर चिता जतानी पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि वित्त मंत्रालय के नियमों के अनुसार किसी भी सरकारी योजना को वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में बजट का 60 प्रतिशत से अधिक खर्च करने की अनुमति नहीं है, लेकिन मंत्रालय ने सिर्फ पांच महीनों में ही 60 प्रतिशत बजट खत्म कर दिया है, जिससे देश की करोड़ों ग्रामीण परिवारों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। रमेश ने कहा कि यह संकट कोई अपवाद नहीं, बल्कि मोदी सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर करने की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा है। मनरेगा को पिछले 11 वर्षों से पर्याप्त बजट नहीं मिला है। उच्च महंगाई के बावजूद पिछले तीन सालों से बजट लगभग स्थिर है। इससे योजना की मांग-आधारित दृष्टि का मजाक बन गया है और करोड़ों श्रमिकों को जरूरत पड़ने पर काम नहीं मिल पाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा मजदूरों को वेतन भुगतान 15 दिनों की वैधानिक समयसीमा के बाद भी देर से मिलता है और मुआवजा भी नहीं दिया जाता।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अलर्ट

**शाह टाइम्स बयूरो**

■ यमुना नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए राहत और बचाव कार्य तेजी पर

**लखनऊ।** पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश का असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ प्रभावित जिलों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है। इनमें से ज्‌डादातर जिले यमुना नदी के किनारे हैं, जिसका जलस्तर पिछले चार दिनों से लगातार बढ़ रहा है। इन क्षेत्रों में खासकर राज्य के पश्चिमी हिस्सों में राहत और बचाव दल को हाई अलर्ट पर रखा गया है। अभी तक जिन 28 जिलों में बाढ़ की सूचना मिली थी, उनमें आगरा, अलीगढ़, बलिया, बारा. बंकी, बदायूं, बस्ती, चंदौली, फर्रुखाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गोंडा, गोरखपुर, हरदोई, कासगंज, कानपुर देहात, कन्नौज, लखीमपुर खीरी, मेरठ, मथुरा, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, सहारनपुर, शाहज. हांपुर, संत कबीर नगर, सीतापुर और उन्नाव शामिल थे। इनमें से आगरा, अलीगढ़, बाराबंकी, बस्ती, गौतमबुद्ध नगर, गोरखपुर, हरदोई, कन्नौज, मथुरा, पीलीभीत, सहारनपुर, संत कबीर नगर और सीतापुर में लोग बाष्ट से प्रभावित हैं। अधिकारियों की मानें तो 889 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। राज्य 319 बाढ़ आश्रय स्थलों का संचालन कर रहा था जहां 5,453 लोगों को स्थानांतरित किया गया था।

## योगी सरकार और पुलिस पर जमकर बरसे सपा प्रमुख

# अखिलेश की गाड़ी का 8 लाख का चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: भाजपा के लोग पूरा सिस्टम चला रहे, सरकार जनता से वसूली कर रही

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अपनी गाड़ी का आठ लाख का चालान होने के बाद शुक्रवार को सरकार और पुलिस पर जमकर बरसे। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के लोग पूरा सिस्टम चला रहे हैं।

सरकार जनता से वसूली कर रही है। सुविधाएं नहीं दे रही है, लेकिन जमकर टैक्स वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरी गाड़ी का आगरा एक्सप्रेस वे पर ओवर स्पीडिंग के कारण आठ लाख रुपये का चालान कर दिया। सरकार की तरफ से जो गाड़ी हमें दी गई है, वो चलने की हालत में नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर वो भी गाड़ी ढूढेंगे और विपक्षियों को देंगे। शिक्षक दिवस पर शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए यादव ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षक जगत में जो पहचान बनाई है, उसको हम नमन करते हैं। आने वाले दिनों में समा. जवादी सरकार बनने पर क्वालिटी ऑफ एजुकेशन और रोजगार पर फोकस करेंगे। यह सरकार समाज, शिक्षक, शिक्षा को बर्बाद कर रही है। सरकार लोगों को पढ़ने नहीं देना चाहती है। समाज पढ़ेगा तो तर्क करेगा। शिक्षा से आत्मबल बढ़ता है। सपा प्रमुख ने कहा कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में नहीं है। ऐसा नहीं रहता, तो 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों को आंदोलन नहीं करना पढ़ता। स्कूल बंद नहीं करने पड़ते। प्रतापगढ़ में डीफार्मा का फर्जी कोर्स चलाने वाले को जेल में डाल दिया गया, जबकि वो बीजेपी का करीबी है। उन्होंने ने कहा कि सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। आज से महज 493 दिन बचे हैं। इस बार वो वोट नही बच्ने देंगे। इनके पास चुनावी तिकघे है। जुगाष्ट आयोग के जरिये यह सारा काम करते हैं। उन्होंने जीएसटी की दरों में बदलाव पर कहा कि ये सब चुनाव को देखकर किया गया है। मुनाफाखोरी कम नहीं हो रही है। ट्रंप के टैरिफ ने भाजपा के लोगों के मुंह पर ताला लगा दिया है।

### चीन का सामान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को पूरी तरह खत्म कर देगा

चीन का सामान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को पूरी तरह खत्म कर देगामेक इन इंडिया की बात करने वाले लोग हमारे बाजारों में चीन का माल भर दे रहे हैं। । आज पूरा बाजार चीन के माल से भरा पड़ा है। इस दौरान भाजपा विधायक केतकी सिंह के टोटी चोर वाले बयान पर उन्होंने कहा कि मेरे ऊपर टोटी चोर होने का आरोप लगाया गया, मेरे घर को गंगाजल से धुलवाया गया। भाजपा भले इस बात को भूल जाए, लेकिन मैं नहीं भूल सकता। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी को जिम्मेदार ठहराया और कहा स्टिंग ऑपरेशन कराया गया, मैं इसे कभी नहीं भूलूंगा।

सेंसेक्स 8145667
निफ्टी 24950.50

सोना रु. 105751
प्रति 10 ग्रा. 24 कैरेट

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 122900
प्रति किलो



# शुरुआती तेजी के बाद सपाट बंद हुए शेयर

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को शुरुआती तेजी और उसके बाद बड़ी गिरावट से गुजरते हुये प्रमुख सूचकांक अंत में सपाट बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 7.25 अंक टूटकर 80,710.76 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 6.70 अंक की मजबूती के साथ कारोबार की समाप्ति पर 24,741 अंक पर पहुंच गया। एफएमसीजी, आईटी और रियलिटी सेक्टरों पर काफी दबाव रहा। वहीं ऑटो, धातु और बैंकिग सेक्टरों में तेजी रही। ऑटो कंपनियों में लिवाली से सेंसेक्स में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2.34 प्रतिशत और मारुति सुजुकी का 1.70 फीसदी की बढ़त में रहा। पावर ग्रिड (1.21 प्रतिशत) और रिलायंस इंडस्ट्रीज (1.11 प्रतिशत) में भी एक फीसदी से अधिक की तेजी रही। एफएमसीजी और आईटी पर दबाव के कारण आईटीसी का शेयर 2.01 प्रतिशत टूट गया, जबकि एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टीसीएस में क्रमशः 1.55 फीसदी और 1.53 फीसदी की गिरावट रही। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच सेंसेक्स 294.41 अंक की तेजी के साथ 81,012.42 अंक पर खुला और 81,036.56 अंक तक मजबूत हुआ, लेकिन एक घंटे के भीतर यह लाल निशान में चला गया। एक समय यह गत दिवस के मुकाबले करीब 400 अंक नीचे 80,321.19 अंक तक उतर गया था, लेकिन बाद में फिर सुधार देखा गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 84.55 अंक चढ़कर 24,818.85 अंक पर खुला। इसका ग्राफ भी कमोबेश सेंसेक्स जैसा ही रहा। यह ऊपर 24,832.35 अंक और नीचे 24,621.60 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.19 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। बढ़त में रहने वाली अन्य कंपनियों में इटरनल, सनफार्मा, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक और टाटा स्टील के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, हिदुस्तान यूनीलिवर, एलएंडटी, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट और अडानी पोर्ट्स के शेयर लाल निशान में बंद हुये। एशियाई बाजारों में जापान की निक्केई 1.03 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 1.24 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 1.43 प्रतिशत उछल गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.29 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.27 फीसदी ऊपर कारोबार कर रहा था।

### जीएसटी घटने से जूता कारोबारी खुश

**आगरा।** जीएसटी काउंसिल की बैठक में आगरा के फुटवियर कारोबार को काफी राहत मिली है। 2500 रुपए तक की कीमत के फुटवियर पर अब 12 फीसदी की बजाय सिर्फ पांच फीसदी जीएसटी लगेगी। आगरा में जूता कारोबारियों की ये मांग लंबे वक्त से मांग चली आ रही थी। आगरा के जूता कारोबारी इस कदम का स्वागत कर रहे हैं तो राज्य सभा सांसद रामजी लाल सुमन ने कहा है कि ये जनता के दबाव में हुआ है। शू फैक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष विजय सामा ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पिछले साल अगस्त से 12 से 5 फीसदी जीएसटी की मांग कर रहे थे। 2 सितम्बर 2024 में एक महासभा की थी, जिसमें 26 प्रांतों के कारोबारी शामिल हुए थे। महासभा में जीएसटी कम करने को लेकर चर्चा हुई थी। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से भी मुलाकात हुई थी उन्होंने जीएसटी कम करने का आश्वासन दिया था।

# शिक्षकों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के रूप में मान्यता मिले: मुर्मू

**नई दिल्ली, वार्ता**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर यहां एक समारोह में देश भर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। श्रीमती मुर्मू ने इस मौके पर कहा कि भोजन, वस्त्र और आवास की तरह शिक्षा भी व्यक्ति के सम्मान और सुरक्षा के लिए आवश्यक है। समझदार शिक्षक बच्चों में सम्मान और सुरक्षा की भावना पैदा करते हैं।

उन्होंने एक शिक्षक के रूप में अपने वक्त को याद किया और उस समय को अपने जीवन का एक बहुत ही सार्थक काल बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को सक्षम बनाती है। शिक्षा की शक्ति से गरीब से गरीब पृष्ठभूमि के बच्चे भी उन्नति के आसमान को छू सकते हैं। बच्चों की उड़ान को बल देने में स्नेही और समर्पित शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों का सबसे बड़ा पुरस्कार यही है कि उनके विद्यार्थी उन्हें जीवन भर याद रखें और परिवार, समाज और देश के लिए सराहनीय योगदान दें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण एक शिक्षक का प्राथमिक कर्तव्य है। नैतिक आचरण का पालन करने वाले संवेदनशील, जिम्मेदार और समर्पित विद्यार्थी उन विद्यार्थियों से बेहतर होते हैं, जो केवल प्रतिस्पर्धा, किताबी ज्ञान और स्वार्थ में रुचि रखते हैं। एक अच्छे शिक्षक में भावनाएं और बुद्धि दोनों होती हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मां-नंदा....**

आसपास के ग्रामीण, हल्द्वानी, रामनगर काशीपुर, रुद्रपुर सहित अन्य शहरों से मां के भक्तों मां को विदा करने के लिए नैनीताल पहुंचे हुए हैं। और पूरा शहर मां नंदा सुनंदा के रंग में रंगा हुआ है। आयोजक श्री -राम सेवक सभा द्वारा भक्तों को प्रसाद वितरण किया जा रहा था। गाड़ियों में सवार मां के भक्तों द्वारा भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मां नंदा सुनंदा की शोभायात्रा में मेला अधिकारी एसडीएम केएन गोस्वामी, अधिशाषी अधिकारी रोहतांश शर्मा, विनोद जीना, एसपी क्राइम व यातायात डा. जगदीश चन्द्रा ने कंधा देकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान महोत्सव राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश बवाड़ी, मुकेश जोशी मंटू,प्रो. ललित तिवारी, मिथिलेश पांडे, मोहित लाल साह, हरीश राणा, आयुष भंडारी, विक्रम राठौर विक्की, तेज सिंह नेगी समेत कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, एडीएम विवेक राय, शैलेन्द्र नेगी, एसडीएम नवाजिश खालिक, मल्लीताल कोतवाल हरीश पंत, एसआई दीपक बिष्ट, तल्लीताल एसओ मनोज नयाल, समेत हजारों की तादाद में स्थानीय व दूर दराज से आए भक्त भी मौजूद रहे।

**देश में बरसाती आफत...**

इलाके यमुना नदी के पानी में डूब गए हैं। मॉनेस्ट्री मार्केट में दुकानों के सामने 2-2 फीट पानी भरा है। दुकानें बंद पड़ी हैं। हरियाणा के फरीदाबाद में बाढ़ का पानी आने से सड़क को जेस. ीबी मशीन से खोद दिया गया। ताकि पानी आसानी से दूसरी तरफ जा सके। हालांकि, सड़क खोदने से 13 गांव का रास्ता बंद हो गया है। हरियाणा के पंचकूला, हिसार, रोहतक और झज्जर में सभी स्कूल बंद हैं। फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर और फरीदाबाद में भी कुछ स्कूल बंद कर दिए गए हैं। गुरुग्राम की सिग्नेचर ग्लोबल सलोरा सोसाइटी में गुरुवार को पानी भर गया। इससे महिलाएं और बच्चे घरों में कैद हो गए। राजस्थान के अजमेर में गुरुवार रात भारी बारिश के बाद बोराज तालाब की दीवार ढह गई।

इससे एक हजार से ज्यादा घरों में अचानक सैलाब आ गया। लोगों ने छतों पर जाकर जान बचाई। पानी का बहाव इतना तेज था कि कई गाड़ियां बह गईं। मकान क्षतिग्रस्त हो गए। देर रात तक लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला। पंजाब में बाढ़ में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 43 हो गई। राज्य के 23 जिलों के 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 1.71 लाख हेक्टेयर फसलें बर्बाद हो गई हैं। राज्य में अगले 5 दिन बारिश का कोई अलर्ट नहीं है। इससे बाढ़ से राहत मिल सकती है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद
आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद
ऑल इण्डिया
आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा,
एकता का राज चलेगा।

साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Ph. 9027879829, 9411626066

# दुकानदार का शव फांसी पर लटका मिला

## गांव मौहम्मदपुर रायसिंह में परचून की दुकान चलाता था मृतक, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भौराकलां थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर रायसिंह ने प्रचून के दुकानदार का शव उसी के घर के कमरे में फांसी पर लटका हुआ मिला। अचानक हुई इस घटना से परिवार के लोग दुखी है तो गांव में भी शोक छा गया। घटना के पीछे क्या कारण है यह तो पुलिस जांच का विषय है, लेकिन अचानक हुई घटना को लेकर पुलिस भी हैरत में है।

गांव मौहम्मदपुर राय सिंह निवासी 40 वर्षीय राजू कश्यप गांव में परचून की दुकान चलाता था बीती रात वह परिवार के अन्य लोगों की तरह ही रोजाना की भांति ही घर में सो गया था। शुक्रवार की सवेरे परिवार के लोगों की आंखे खुली तो वह कमरे का नजारा देखकर रोने बिलखने लगे। इस समय यहां परचूनिया राजू कश्यप का शव फांसी पर लटक रहा था। चीख पुकार शुरू हुई तो आस पास के लोग भी मौके पर पहुंच गए उधर घटना की जानकारी मिलने पर भौराकलां थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। इस समय यहां परिवार में गम का माहौल था, लेकिन पुलिस ने आस पास के लोगों से घटना के संबंध में जानकारी ली फिलहाल पुलिस को फांसी लगाने के पीछे घटना का कारण तो पता नहीं लग सका, लेकिन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पीएम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की जानकारी हो पाएगी। उधर परिवार व पडौसियों का कहना है कि राजू कश्यप ने रोजाना की तरह गुरूवार को भी दुकान खोली थी और शाम के समय वह अपने घर चला गया था। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि मृतक राजू कश्यप का किसी से कोई विवाद नहीं था और वही दुकान चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था।

ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि मृतक इस तरह का कोई कदम नहीं उठा सकता, लेकिन वह इस घटना को देखकर सोच में है कि आखिर राजू कश्यप ने मौत का रास्ता क्यो चूना। इस मामले को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं भी फेल गई है।

### अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों की मौत

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने रूड़की रोड के जनकपुरी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव अस्पताल में भेजा था। कुछ देर बाद ही मृतक की पहचान हुई तो पुलिस ने उसका पीएम कराया। वहीं दूसरी ओर शहर कोतवाली क्षेत्र में भी अचानक ही एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का पीएम कराया है।

गुरूवार की रात सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि जनकपुरी के निकट एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है पुलिस ने जब पहचान नहीं हुई तो उसको मोर्चरी में रखवा दिया था। कुछ देर बाद ही मृतक की पहचान आत्माराम पुत्र आशाराम निवासी पिनना के रूप में हुई। जिसके बाद मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। शहर कोतवाली क्षेत्र के मिमलाना रोड निवासी 40 वर्षीय मौहम्मद इसरार पुत्र गफ्फूर मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था अचानक ही गंभीर हालत में उसको जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसको मृतक घोषित कर दिया। इसरार की मौत भी मजदूरी करते समय हुई है।

# मंत्री कपिल देव ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने शिक्षक दिवस पर 50 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया इनमें 34 महिलाएं शिक्षिकाएं और सोलह पुरूष शिक्षक सहित माध्यमिक शिक्षा से जुडे पांच अध्यापक मौजूद रहे। इसके साथ ही जिला पंचायत स

भागार में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, डीएम उमेश मिश्रा, जिला पंचायत चेयरमैन डॉक्टर वीरपाल निर्वाल व सीडीओ कंडारकर कमल किशोर व डीआईओ ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रसारण भी स्क्रीन पर दिखाया। इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला समन्वयक सुशील कुमार, अंकुर कुमार, अंकित कुमार व कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित एसआरजी का विशेष सहयोग रहा।

# अग्निवीर भर्ती में ठगी करने वाला फर्जी अधिकारी दबोचा

■ सेना की वर्दी, जूते, बेल्ट, फर्जी आई कार्ड बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने अग्निवीर भर्ती में नौकरी दिलाने के नाम पर अभ्यर्थियों युवाओं के साथ धोखाधडी करने वाले फर्जी अधिकारी को दबोचा है। पकडे गए फर्जी अधिकारी से आर्मी की वर्दी, फर्जी आई कार्ड व कुछ फर्जी दस्तावेज भी बरामद किए गए है। आरोपी ने जांच के दौरान निकाले गए अभ्यर्थी युवक से नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख रूपये की ठगी की थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से स्कूटी, मोबाइल व कुछ फर्जी सामाग्री भी बरामद की है। पुलिस कार्यालय में एसपी सिटी सत्यानारायण प्रजापत ने शुक्रवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि कई रोज से जनपद मुख्यालय पर अग्निवीर सैन्य की भर्ती चल रही है। इसमें दूर-दूर से अभ्यर्थी भर्ती होने के लिए आए है। उन्होने बताया कि सिविल लाइन पुलिस ने एक सूचना के आधार पर अपना जाल बिछाया और ऐसे फर्जी सैन्य अधिकारी को हिरासत में लिया जो अब तक कई जनपदों में भर्ती के दौरान अभ्यर्थी युवाओं के सपने से खिलवाड कर लाखों रूपये की ठगी कर चुका है आरोपी ने जहां-जहां अग्निवीर भर्ती हुई वहीं पहुंचकर भोले-भाले अभ्यथियों को अपने जाल में फंसाकर उनसे ठगी की ओर अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा (फिजिकल टेस्ट) पास कराने और भर्ती का पक्का भरोसा दिलाकर उनसे मोटी रकम वसूलने के बाद नकली टोकन स्लिप देने के बाद वह गायब हो जाता था। इस घटना का खुलासा उस वक्त हुआ जब बिजनौर के रहने वाले अभिषेक पुत्र राजेन्द्र कुमार ने सिविल लाइन थाने की पुलिस को एक तहरीर देकर बताया था कि उससे एक व्यक्ति ने अपने को अधिकारी बताकर अग्निवीर भर्ती में पास करने के नाम पर एक लाख रूपयें की ठगी की है। और उसको एक टोकन स्लिप भी दी गई है। पुलिस जांच में पता चला कि उक्त टोकन स्लिप नकली है। सिविल लाइन पुलिस ने इस मामले को तुरंत ही अधिकारियों को बताया और उनके निर्देशन में एक टीम गठित की गई। इस मामले में इकलेक्ट्रॉनिक सर्विलेंस का सहारा लिया गया और पुलिस ने सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सिविल लाइन पुलिस ने जांच के बाद मिलिट्री इंटेलीजेंस के सहयोग से आरोपी को दबोच लिया। कम्पनी बाग के निकट से की गई गिरफ्तारी के बाद से पुलिस ने थाने लाकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम सुमित कुमार पुत्र रकम सिंह निवासी शमशेर नगर थाना इंचौली जनपद मेरठ बताया। आरोपी की उम्र करीब 31 वर्ष है और पुलिस ने उसके कब्जे से सैना की वर्दी, जूते, बैल्ट, कैप सहित फर्जी आर्मी आई कार्ड, एक स्कूटी बरामद किया।

उन्होने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह भर्ती के दौरान ऐसे अभ्यर्थियों की तलाश करता था जो फिजिकल टैस्ट में फेल हो जाते थे और इसके बाद उन्हे अपने विश्वास में लेकर भर्ती कराने का झांसा देकर नकली टोकन स्लिप दे देता था इसके बाद अभ्यर्थियों से रकम ठग लेता था। एसपी सिटी ने जानकारी दी कि भर्ती को आए अभ्यर्थी आरोपी को वर्दी पहने हुए देखकर और फर्जी आईडी पर भरोसा करते थे अब तक वह अलीगढ़, रूड़की, लखनऊ, आगरा सहित कई जनपदों में ठगी कर चुका है।

फर्जी अधिकारी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी आशुतोष, दरोगा सतेन्द्र सिंह, सिपाही विशाल, धर्मेन्द्र, सुधीर कुमार आदि शामिल रहे।

# अंतिम चरण में अग्नि वीर भर्ती, लिखित परीक्षा के बाद होगा चयन



■ शुक्रवार को चयनित अभ्यर्थियों को मेडिकल के लिए बुलाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 22 अगस्त से शुरू हुई भारतीय थल सेना की अग्निवीर भर्ती रैली अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है।

चौधरी चरण सिंह स्पोट्र्स स्टेडियम में चल रही अग्निवीर तकनीकी और अग्निवीर ट्रेडमैन पदों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा के साथ शुक्रवार को भर्ती का अंतिम चरण आयोजित हुआ। गुरुवार दोपहर से ही सभी जिलों से चयनित उम्मीदवार मुजफ्फरनगर स्टेडियम पहुंचने लगे थे। इसमें 13 जिलों से आए चयनित 1157 अभ्यर्थियों ने अपनी ताकत दिखाई। दौड़ के पहले ही पड़ाव में बड़ी संख्या में उम्मीदवार बाहर हो गए, जबकि सफल उम्मीदवारों ने आगे की बाधा दौड़, बीम, लांग जंप और अन्य शारीरिक दक्षता चरणों में भाग लिया। लिखित परीक्षा के बाद चयनित अभ्यर्थियों को इस शारीरिक परीक्षा में बुलाया गया था। इस परीक्षा के बाद सभी सफल अभ्यर्थियों को मेडिकल और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाएगा। इसके बाद अंतिम लिखित परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले युवाओं का भारतीय सेना में चयन होगा।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को डटे रहे शिक्षक

**मुजफ्फरनगर।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे शिक्षकों का आंदोलन अवकाश व शिक्षक दिवस होने के बावजूद भी जारी रहा।

गांधी कॉलौनी में गांधी बालिका पार्क में शालिनी व उनकी टीम ने संघर्ष में प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए साबित कर दिया कि शिक्षक न केवल ज्ञान के दीपक है बल्कि संघर्ष के योद्धा भी है। इस दौरान शिक्षिकाओं ने संकल्प लिया कि वह पुरानी पेंशन बहाली व अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष मं डटी रहेगी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ से जुडे डॉक्टर राहुल कुशवाह ने शिक्षिकाओं के प्रयासों की सराहाना करते हुए कहा कि यह संघर्ष और समर्पण संगठन को शक्ति देता है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा भी देगा। उन्होने शिक्षक दिवस व अवकाश के बावुजूद भी अपने अधिकारों की लड़ाई लडने वाली शालिनी के नेतृत्व में यहां पहुंची शिक्षिकाओं की सराहाना करते हुए कहा कि उनक प्रयासो से ही अब तक यह संघर्ष जारी है।

# चेयरपर्सन ने कराया रामलीला ध्वज यात्रा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर में शुक्रवार को रामलीला मंचन कार्यक्रम समारोह के लिए विधिवत ध्वज स्थापना की गई।

श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर द्वारा अपने 50वें स्वर्ण जयंती रामलीला महोत्सव के आयोजन की विधिवत घोषणा करते हुए हनुमान की झांकी के साथ रामलीला ध्वज यात्रा निकाली गई और पूजन के साथ रामलीला मैदान में ध्वज स्थापित कर दिया गया। श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन और कार्यक्रम संयोजक पूर्व सभासद विकल्प जैन ने बताया कि रामलीला भवन में मुख्य अतिथि उद्यमी मुकेश गोयल एवं चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने रामायण का पूजन और हनुमान की आरती की। मैदान से ध्वज यात्रा का शुभारंभ कराया। शोभायात्रा पटेलनगर मैदान से प्रारम्भ होकर नई मंडी, मुनीम कालोनी, गऊशाला रोड, बिन्दल बाजार, पुरानी गुड मंडी



सहित अन्य मार्गों से होते हुए रामलीला मैदान पर आकर सम्पन्न हुई। यहां अनिल ऐरन, विकल्प जैन, गोपाल चौधरी, जितेन्द्र कुच्छल, जितेन्द्र नामदेव, नारायण ऐरन, प्रमोद गुप्ता, विनय मित्तल, दिनेश जेन, अंशुल गुप्ता, विकास भारद्वाज, मोन्टू पाटिल, अनिल लोहिया, विपुल मोहन, सोनू कुमार, पीयूष शर्मा, राकेश बंसल, तनिष्क भारद्वाज, देवेन्द्र पतला आदि रहे।

# मूक-बधिर बच्चों ने जाना शिक्षकों का महत्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आशादीप मूक-बधिर एवं मंदबुद्धि संस्थान में शिक्षक दिवस के अवसर पर लायन्स क्लब दिव्य द्वारा भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया, वहीं दिव्यांग बच्चों को भी उपहार प्रदान किए गए। क्लब अध्यक्ष नंद गोपाल बंसल, सचिव संदीप सिंघल एवं संस्थान अध्यक्ष इंजीनियर लोकेश चंद्रा व सचिव इंजीनियर आर.के. गोयल ने माँ शारदा एवं भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह की अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष इंजीनियर लोकेश चंद्रा ने की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ब्रजमोहन शर्मा ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लायन्स क्लब दिव्य के निरंतर सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामबीर सिंह,



ब्रजमोहन शर्मा, नंद गोपाल बंसल, संदीप सिंघल, राजीव अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, अजय गर्ग, श्याम गुप्ता, रजनीश अग्रवाल, विनय शर्मा, दीपक शर्मा, पवन अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, सत्यप्रकाश, अविन अग्रवाल, सलेख मित्तल, डॉ. कामिनी सिंघल, शर्मिला मित्तल और इंजीनियर लो. केश चंद्रा का विशेष सहयोग रहा।

# शिकायतों के समाधान में जनपद पुलिस अव्वल

## आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों का प्रमुखता से हुआ निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शिकायतों के निस्तारण और पीड़ितों को न्याय दिलाने में जनपद पुलिस ने प्रथम स्थान हासिल कर नई उपलब्धि हासिल की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में कार्य कर रही टीम ने जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) के माध्यम से आने वाली शिकायतों का समय से निस्तारण निष्पक्ष और गुणवत्ता पूर्ण करने पर पूरे प्रदेश में जनपद पुलिस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि अगर 2025 माह के आंकडों के आधार पर जनपद पुलिस को मिली है।

उत्तर प्रदेश शासन ने जनता की समस्या की जल्द निस्तारण और निष्पक्ष ईमानदारी से समाधान करने के लिए जन सुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) प्रणाली लागू की थी। हर जनपद की तरह ही जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस को मिली शिकायतों को अधिकारियों ने निष्पक्षपूर्ण व जल्द कार्यवाही के आदेश दिए तो जनपद पुलिस ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समय से निस्तारण किया।

इस दौरान पुलिस ने तहरीर की सच्चाई तक पहुंचने के लिए विशेष ध्यान रखा। आईजीआरएस पुलिस शाखा के नोडल अधिकारी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल के नेतृत्व में आईजीआरएस शाखा थानो में नियुक्त आईजीआरएस कर्मचारी जांच करता तथा समस्त अधिकारियों के प्रयास से यह सफलता मिली है। इस दौरान उच्च अधिकारी भी समय-समय पर दिशा निर्देश देते रहे और उन्होने हर शिकायत का समाधान समय से करने के लिए कहा। इस उपलब्धि में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा का दिशा निर्देश सराहनीय रहा। जनपद के प्रथम स्थान पर आने पर एसएसपी ने अधिकारी व कर्मचारियों की सराहाना करते हुए कहा कि उन्होने अधिकारियों के साथ जनता का भी विश्वास जीता है।



मुजफ्फरनगर:सुदर्शन चैनल के खिलाफ ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे शिया समाज के लोग।

# सुदर्शन चैनल पर फूटा शिया समाज का गुस्सा

■ डीएम व एसएसपी को ज्ञापन देकर उठाई प्रतिबंध लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मोहर्रम के जुलूस में घोडा एवं ऊंट की पवित्र सवारी पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले सुदर्शन न्यूज चैनल के न्यूज चैनल के एडिटर इन चीफ सुरेश चव्हाण के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए शिया समाज के लोगों ने चौनल को प्रतिबंध लगाने की मांग की। ये लोग सुरेश चव्हाण मुर्दाबाद लिखी तख्तियां लेकर

शुक्रवार को किदवईनगर से कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां अली जैदी व अंजुमन ए जेहरा के नेतृत्व में शिया धर्म गुरु और समाज के लोगों ने प्रदर्शन करते हुए अपने हस्ताक्षर कर डीएम और एसएसपी के नाम ज्ञापन सौंपा। शिया समाज का आरोप था कि हजरत मौहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों को करबला (इराक) में शहीद कर दिया गया था जिनकी याद में देश का सम्पूर्ण शिया समाज मोहर्रम एवं जुलूस निकालकर उनको श्रृद्धांजलि देता आ रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि विगत दिनों सुर्दशन न्यूज चैनल के एडिटर इन चीफ सुरेश चव्हाण ने अपने टीवी शो बिन्दास बोल में दिल्ली के मुस्तफाबाद में निकाले गये मोहर्रम के जुलूस में घोडा एवं ऊंट की पवित्र सवारी को अपशब्द कहते हुये उन्हे जानवरो का इस्लामिकरण, घोडी को बुर्का, ऊंटनी को हिजाब जैसे घिनौने शब्दो का प्रयोग करके देश के सम्पूर्ण शिया समाज एवं अमनपंसद लोगो की धार्मिक भावनाओ को आहत किया है। जिससे समस्त शिया समाज में नाराजगी है। ज्ञापन में कहा गया कि उनके द्वारा ऐसे शब्दो का इस्तेमाल करके जो खबर दिखायी गयी है उससे ये जाहिर होता है कि वो देश में दंगा भडकाकर शांति को भंग करना चाहते है। उनका यह व्यक्तव्य संविधान एवं लोकतंत्र के विपरीत है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को इस मामले में संज्ञान लेकर चौनल को प्रतिबंधित करने की कार्रवाई करनी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में अंजुमन दुआए-जेहरा के सक्रेटरी और प्रवक्ता रौनक अली, मौलाना अरशद काजमी, मौलाना बदर काजमी, साजिद, सलीम हुसैन, हसन नवाज, जमाल मुजफ्फरनगरी पूर्व राज्य मंत्री शबाब जैदी, मनुव्वर हुसैन, नदीम जैदी, शहजाद जैदी, हसन रजा, नबी हैदर, वारींस आरफी आदि मौजूद रहे।

# फायरिंग की वीडियो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने ऐसे एक आरोपी को धर दबोचा है जिसकी तमंचे से फायरिंग करते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रही थी कई दिन तक पुलिस आरोपी की पहचान व उस तक पहुंचने के प्रयास में लगी रही और जब आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा तो उसको पुलिस कर्मियों के कंधे पर आना पड़ा। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर तमंचा व कारतूस भी बरामद होना बताया है।

बता दे कि कई रोज से सोशल मीडिया पर एक युवक का तमंचे से फायरिंग करते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। जब यह वीडियो सिविल लाइन पुलिस के पास पहुंचा तो पुलिस ने फायरिंग करने वाले युवक की तलाश करना शुरू कर दी थी, हालांकि पुलिस को इस घटना के खुलासे में काफी समय लगा, क्योकि पुलिस ने कई स्थानों पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। इसके बाद पुलिस ने कुछ सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली और युवक के फोटो की पहचान कराने का काम भी किया। पुलिस जल्द से जल्द आरोपी तक पहुंचना चाहती थी और पुलिस को कामयाबी भी मिली। पुलिस ने माल रोड स्थित पचैण्डा पुल के निकट एक युवक को हिरासत में लिया। सूचना के आधार पर हिरासत में लिए गए आपना नाम उन्नीस वर्षीय दक्ष पुत्र प्रभात कुमार निवासी गंगल वाली गली उत्तरी सिविल लाइन बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा व कारतूस भी बरामद होना बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको जेल भेजने की कार्यवाही की। आरोपी पुलिस के कंधो पर थाने तक पहुंचा है।

# समझौते को लेकर हुई पंचायत में जमकर मारपीट

■ लाठी डंडे चलने से चार घायल, एक की हालत गम्भीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** ग्राम सिकंदरपुर में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर हुई कहासुनी में एक पक्ष पर पंचायत के दौरान लाठी डंडे से हमला करने का आरोप है।इस मारपीट में एक पक्ष के चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर निवासी सुकपाल ने दी तहरीर में बताया कि दो दिन पूर्व किसी बात को लेकर बच्चों में विवाद हो गया था। विवाद के निपटारे को लेकर शुक्रवार को गांव में बाबूराम के आवास पर एक पंचायत बुलायी गयी थी।गांव के लोग इस मामले को सुलझाने के प्रयास में जुटे थे,लेकिन बातचीत के दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में तनातनी हो गई। देखते ही देखते कहासुनी इतनी बढ़ी कि एक पक्ष ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया। अचानक हुए इस हमले से मौके पर भगदड़ मच गई। हमले में दोनों पक्षों से चार लोग घायल हो गये। तहरीर में सुकपाल ने बताया कि हमले में उसका भाई धीरसिंह व उसके दो पुत्र वंश व विशु घायल हो गये जबकि दूसरे पक्ष से नेमपाल घायल हो गया।



मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। धीरसिंह की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। हमले के आरोप में आठ लोगों जयकुमार, हर्ष, देव, रविन्द्र, विवेक, अभिषेक, अक्षय व नरेंद्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि सुकपाल की तहरीर पर आठ लोगो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।


आदर्श महिला मर्केन्टाइल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड
27A/1, New Mandi Muzaffarnagar, U.P. 251001

महत्वपूर्ण सूचना

आदर्श महिला मर्केटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के सभी सम्मानित शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि बैंक की एक विशेष सामान्य निकाय बैठक दिनांक 15 सितम्बर 2025 (सोमवार) शाम 4:00 बजे बैंक के प्रधान कार्यालय - 27A/1, न्यू मंडी, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) में आयोजित की जाएगी।

सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर बैठक में सम्मिलित हो कर इसे सफल बनाएं।

बैठक की कार्य सूची (Agenda):

इन्नोवेटिव को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड, दिल्ली के आदर्श महिला मर्केटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) में प्रस्तावित विलय योजना पर विचार करना एवं अनुमोदन प्रदान करना।

द्वारा, आदर्श महिला मर्केटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड
(कैलाश चंद गोयल)
(अध्यक्ष)

# युवक पर मस्कट से दो फायर झोंके, बाल-बाल बची जान

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली थाना क्षेत्र के गांव चाँदसमंद में बुधवार को एक युवक पर जानलेवा हमला होने से हड़कंप मच गया। आरोपी ने पहले मारपीट की, फिर मस्कट से फायर कर युवक को लहूलुहान कर दिया। इतना ही नहीं, मौके पर दो फायर भी झोंके गए, गनीमत रही कि गोली लगने से पीड़ित बाल-बाल बच गया।

पीड़ित दैवेन्द्र पुत्र रामू निवासी चाँदसमंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही राहुल पुत्र जयबीर ने पहले फोन पर वीडियो कॉल कर मस्कट दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद 4 सितंबर को आरोपी उसके घर पहुंचा और झगड़ा शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान राहुल ने मस्कट से फायर कर उसे घायल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी ने दैवेन्द्र पर लगातार दो फायर झोंक दिए। ग्रामीणों की मौजूदगी के चलते किये गए फायर में वह बाल बाल बच गया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुआ फरार हो गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने आरोपी की तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नही लग पाया। ग्रामीणों की मदद से गंभीर रूप से घायल दैवेन्द्र को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुय जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम रवाना कर दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## मोनू कांड की जांच करने आए खतौली सीओ

**बुढ़ाना।** बीती 17 अगस्त की सुबह को कुछ लोगों की पिटाई से घायल होकर अगले दिन अपने ही घर के बिस्तर पर मृत मिले मोनू तितौरिया के मामले की जांच करने खतौली सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी रामाशीष यादव आज बुढ़ाना कस्बे में आए और उक्त मामले की बारीकी से जांच की। उन्होंने सबसे पहले मृतक मोनू के परिजनों के बयान लिए और इसके बाद उन्होंने पड़ोसियों और मौहल्ले के अन्य लोगों के भी बयान लिए।घ्इस मामले की जांच पहले बुढ़ाना पुलिस ही कर रही थी लेकिन मृतक मोनू के समाज के लोगों ने बुढ़ाना पुलिस पर खुले आरोप लगाकर मामले की जांच किसी और अधिकारी से कराने की मांग की थी। तब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार यादव ने उक्त मामले की जांच बुढ़ाना पुलिस से हटाते हुए खतौली सीओ रामाशीष यादव को सौंप दी थी। अब इस मामले की जांच सीओ रामाशीष यादव कर रहे हैं। दूसरी बुलंदशहर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद डाक्टर भोला सिंह शुक्रवार को मृतक मोनू के आवास पर पहुंचे और मृतक मोनू के परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री डाक्टर संजीव बालियान और बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र त्यागी सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि मोनू बीती 17 अगस्त को एक घर में चोरी के इरादे से घुस गया था। तब कुछ लोगों ने उसकी पिटाई की थी। अगले दिन वो अपने बिस्तर में मृत पाया गया था। जिसमें दूसरे समुदाय के कई लोग नामजद हुये थे।

# जश्ने ईदमिलादुनंबी के मौके पर जुलूसे मोहम्मदी का हुआ आयोजन



**भोपा।** बेलडा मे गत वर्ष की भांति पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन ईदमिलादुन्नबी के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एक जुलूस गांव के मुख्य मार्गो से निकाला गया। जुलूस मे लाठी डंडो करतब प्रस्तुत किये गये। पुष्प वर्षा कर जलूस का अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया। क्षेत्र के गांव बेलडा स्थित लतीफी मस्जिद से जलूस मोहम्मदी आरम्भ हुआ जो बाजार के रास्ते होकर डाखाना चौक होली चौक दलित बस्ती होकर बंस स्टैंड से वापस लतीफी मस्जिद मे सम्पन्न हुआ। बस स्टैंड चौक पर मौलाना मौ. अजीम ने तकरीर की जिस मे मुहम्मद साहब के बताये रास्ते पर चलने को कहा ओर बताया की आज के दिन मुहम्मद साहब का जन्म हुआ था जिसे हम बडी धूमधाम से मनाते है मुहम्मद साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दूसरों की भलाई के लिये कष्ट उठाना ही कामयाब ज़िन्दगी है। इसके बाद जलूस शान्ति पूर्वक सम्पन्न हो गया।जिसके उपरान्त ग्रामीणो ने कलियर शरीफ की ओर प्रस्थान किया। शान्ति सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा।जलूस मे लुत्फुर्रह्मान, हाजी हनीफ, शमीम, अब्दुल कयूम, खुर्शीद, , रजाऊल कादरी, हनी शेख,मौलाना नाजिम ,गुलफाम कस्सार, सुहैल, जमाल मलिक , आजम इदरीसी, अरमान, अहमद, सुलेमान, फिरोज, अलिजान, राशिद अंसारी, शमीम, इस्लाम, नदीम, मोहसिन,अलीम कादरी, सुहैल कस्सार, अनस, खिजर, सलमानी, साजिश अंसारी, अर्श ,अहसान, नईम आदि मौजूद रहे।

## पंजाब में बाढ़ से पीड़ित लोगों के लिए दुआ में उठे सैंकड़ों हाथ, इमाम ने कराई मुल्क में अमन चैन की दुआ

**जानसठ/सिखेड़ा।** सिखेड़ा क्षेत्र के निराना गांव में ईद उल मिलाद उल नबी के मौके पर शुक्रवार को आयशा मस्जिद मे पंजाब मे बाढ़ से पीड़ित लोगो के लिये अमन चैन की दुआ कराई गयी। आयशा मस्जिद के इमाम मौहम्मद हुमायु ने पंजाब व देश के अन्य जगहों पर बाढ़ पीड़ितों का जिक्र करते हुए कहा की इस्लाम में पड़ोसी का हक भी है यदि वह परेशान बीमार या भूखा है तो पहले उसका ख्याल रखने का हुक्म है हमारे मुल्क का एक प्रदेश आसमानी आफत से परेशान है उन्होंने दुआ मांगी कि अल्लाह उन्हें हर आफत से महफूज रखे इमाम ने देश मे शांति व अमन चौन की दुआ मांगी तो वही मस्जिद के इमाम ने कहा, कि पंजाब में आई बाढ़ में काफी लोगों के घर तबाह हो गए जान माल का नुकसान हुआ जानवरो से लेकर घर तक बाढ़ बहाकर ले गयी। और बाढ से काफी लोग प्रभावित हुए हैं तो वहीं उन्होंने बताया कि बाढ से कई लोगों की मृत्यु की खबरें भी सामने आ रही है।

## शहर रामलीला सभा ने निकाली ध्वज यात्रा



**मुजफ्फरनगर।** श्री रामलीला सभा रजि. टाउन हॉल शहर द्वारामार्ग टॉऊन हॉल विभिन्न मार्गो से होकर श्री रामध्वज यात्रा निकाली। रामलीला टिल्ला रोड़-रामलीला टिल्ले पर स्थापित श्री हनुमान ध्वज विधिवत रूप से श्री रामलीला टिल्ले मैदान में स्थापित किया गया जिसमें रामलीला सभा के अध्यक्ष शिवचरण गर्ग,मंत्री सतीश गर्ग ,उपमन्त्री अनमोल सिघल, कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, मुख्य निर्देशक साधुराम गर्ग, निर्देशक अजय गर्ग , कमलकांत शर्मा, अरविंद शर्मा, जगन्नाथ रुहेला, सुखदेव मित्तल, नरेंद्र गुप्ता, सुशील गोयल, अंजुल भूषण, अमित गर्ग, रजत गोयल, अनुराग शर्मा, शोभित गुप्ता, नितिन नामदेव, रजत शर्मा, अनमोल मित्तल, स्वराज पाल, पंकज वर्मा,अर्पित अग्रवाल, प्रफुल्ल शर्मा उपस्थित हुए।

## विद्युत चोरी रोकने वाले जेई जनप्रतिनिधि की भेंट चढ़े

**बुढाना।** एक सत्ताधारी वरिष्ठ नेता विद्युत चोरों की हिमायत कर जेई को ही कस्बे से हटवा देंगे यह जेई ने भी कभी सपने में नहीं सोचा होगा। ईमानदार जेई को बिजली चोरों के खिलाफ कार्यवाही करने पर हटा दिया गया। इससे विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों की थू-थू और किरकिरी हो रही है कि कैसे जिले में बैठे अधिकारियों ने एक नेता के कहने भर पर बिना जांच किए ही जेई को जिला मुख्यालय से अटैच कर बिजली चोरों को बिजली चोरी करने की खुली छूट दे दी। यह बात पूरे कस्बे में चर्चा का विषय बनी है और कस्बे के संभ्रांत लोग खुले तौर पर कह रहे हैं कि बिजली चोरों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने वाले जेई का ही तबादला कर दिया गया। इसका मतलब अब बिजली चोरों की पौ-बारह होगी। जेई मनोज कुमार बुढ़ाना कस्बे में जेई के रुप में बीते वर्ष 25 अगस्त को आए थे। जिन्होंने शुरु से ही बिजली चोरों के विरुद्ध अभियान छेड़कर उनकी नाक में नकेल डाल रखी थी। अब गत दिवस उन्होंने बिजली चोरों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर रखी थी तो उनको यहां के एक नेता का कोप भाजन बनना पड़ा क्योंकि चर्चा के मुताबिक उन्होंने जनप्रतिनिधि के एक समर्थक को बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा और उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी लेकिन बस ये कार्यवाही उक्त नेता को बहुत ही बुरी लगी और उन्होंने उच्च अधिकारियों को गुमराह कर जेई मनोज कुमार का तबादला करा दिया। इससे नागरिकों में भी नाराजगी है f

# भारी उत्साह के साथ मनाया देश के प्रथम उपराष्ट्रपति का जन्म दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** पीएम श्री कंपोजिट स्कूल तुगलकपुर में देश .के प्रथम उप राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तथा उनके चित्रपर माल्यापर्ण तथा श्र)ा सुमन अर्पित कर उनको याद किया गया है

स्कूल के प्रधानाध्यापक सर्वप्रथम मेराज खालिद रिजवी ने भारत रत्न डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनके जीवनपर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया है कि भारत रत्न , डाक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति रहे।

शिक्षा से उन्हें बेहद लगाव था इसलिए उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान प्रदान किया इसलिए पूर्व राष्ट्रपति ने अपने जन्म दिवस को शिक्षक होने के नाते शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया तभी से आज तक हम सब उनके जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं । इसलिए हम सभी बच्चों को चाहिए कि हम सब डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के कदमों पर चलते हुए अपनी शिक्षा को जारी रखें और उच्च शिक्षा ग्रहण कर अपने देश के निर्माण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अनिल गौतम ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चे अपनी शिक्षा के प्रति जागरूक रहें और सरक. ारी विद्यालय में ही शिक्षा प्राप्त करें और अपने भविष्य को उज्जवल करें ताकि आने वाला समय उनके लिए एक आसान रास्ता बनाएं और उनका जीवन भारत के लिए कुछ करने योग्य बन जाए। इस दौरान बच्चों द्वारा साहित्यिक परिचय देते हुए कविताएं ,कहानी सुनाई और भाषण दिए जिससे समाज को शिक्षा प्राप्त करने का एक नया जोश पैदा हो। इस अवसर पर मधुसूदन शर्मा सहायक अध्यापक और छात्र-छात्राएं वार्तिक, मोहित, रुकैया सुमैया, अशफ़ा, राधिका, दुर्गा, आरुषि का ,राधिका गर्ग ,गुरमीत, सुमित, इकरा, चिराग अली ,परी गर्ग, आरजू, शीतल, प्रियांशी, तनीषा, विशाखा, सायमा, वर्षना, प्रियांशी,वंश ,कोशिंदर आदि उपस्थित रहे।

## श्री गुरू रामदास के गद्दी दिवस पर शिक्षक सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** श्री गुरु रामदास जी के गुर गद्दी दिवस एवं शिक्षक दिवस पर जनपद मुज़फ्फरनगर मे कार्यरत शिक्षकों को पंचायती गुरुद्वारा पंचदरा समिति (रजि.) मुज़फ्फरनगर द्वारा गुरुघर का सर्वोच्च सम्मान सरोपाओ व सर्टिफ़िकेट देकर प्रबंधक कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुखमनी साहिब के पाठ, शब्द कीर्तन, अरदास उपरांत सभी 15शिक्षक एवं शिक्षिकाओं किरण बावरा, आशा नारंग, राजिंदर कौर,शिम्पी कपूर,सिमरन कौर,कुलविंदर कौर,सोरव आहूजा,सिंम्पल, बबली कौर, के. जी. अरोरा, के. के. आनंद, सुमन अरोरा, प्राची अरोरा,लक्ष्मी अरोरा, बलविंदर सिँह चावला, आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंचायती गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के डॉक्टर प्रतिपाल सिँह कथूरिया, सतनाम सिंह हँसपाल, कवल वाधवा, श्री गुरु सिँह सभा मुज़फ्फरनगर के प्रधान सतपाल सिँह मान, महासचिव अजीत सिँह मलिक, नीलम बजाज, जसबीर कौर आदि उपस्थित रहे।

# सपा ने हर्ष के साथ मनाई डा. सर्वपल्ली राधाकृष्ण जयंती



**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी द्वारा महान दार्शनिक व देश के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं देश के दूसरे राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्ण की जयंती हर्ष के साथ मनाई।समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट व समाजवादी शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अक्षय चौधरी ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि वह देश के महान दार्शनिक व शिक्षक थे तथा उनके द्वारा संस्कृति व शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए अनेक पुस्तक लिखी गई। वह दर्शन शास्त्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रसिद्ध हुए इसलिए ही उनके जन्मदिन 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में सपा नेता अनुज कुमार गुर्जर इमलाक प्रधान,अली अब्बास जैदी, चौधरी योगेन्द्र कुमार, समाजवादी छात्र सभा जिला उपाध्यक्ष जुनेद आलम सहित अनेक सपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्यामपुरी नाले में बह गई जनता की उम्मीदें

**खतौली।** रेलवे रोड स्थित श्यामपुरी कॉलोनी का नाला बंद करने का मामला अब केवल जलभराव की समस्या नहीं रहा, बल्कि राजनीति का अखाड़ा बन गया है। शुरुआत में जहां कॉलोनीवासी मिलकर नाले को खुलवाने की मांग कर रहे थे, वहीं अब यह विवाद दो गुटों में बंट चुका है। एक ओर मौजूदा सभासद विकास कौशिक का खेमा है, तो दूसरी तरफ एक युवा नेता को कुछ लोगों ने बतौर ष्भावी उम्मीदवारष् मैदान में कूदा दिया है। नतीजा जनता की परेशानी जस की तस और नेताओं की जंग में तड़का और तेज।

**भाजपा में ही भिड़ंत**

दिलचस्प बात यह है कि दोनों दावेदार भाजपा से जुड़े हैं। यानी मामला केवल नाले का नहीं, बल्कि वर्चस्व का है। इससे पहले अशोका मार्केट की सड़क पर भी दोनों नेताओं की तकरार ने काम अधर में लटका दिया था। सड़क आज भी गड्ढों की गवाही देती है, लेकिन नेताओं की रस्साकशी थमने का नाम नहीं ले रही।

**जनता कहे, हमारे गम से किसे फुर्सत?**

आम लोग साफ कहते हैं दोनों नेताओं की खींचतान के चक्कर में हमारी समस्याएं पीछे छूट गई हैं। बरसात होते ही श्यामपुरी से लेकर सैनी नगर और गुज्जर कॉलोनी तक पानी-पानी हो जाता है। पालिका प्रशासन का नाला बंद करने का फैसला जनता पर भारी पड़ रहा है। लेकिन नेताओं के लिए यह मसला वोटों की फसल बोने का मौका बन चुका है।

**चुनाव से पहले नाला बना बड़ा मुद्दा**

नाले के बहाने राजनीति की धार इतनी तेज हो चुकी है कि आने वाले चुनाव में यही मुद्दा मतपेटियों तक गूंज सकता है। फिलहाल हालात ये हैं जनता डूब रही है, और राजनीति तैर रही है।

# रसूलपुर दभेड़ी में आवारा पशुओं का आतंक

**बुढ़ाना।** गांव रसूलपुर दभेडी में किसानों के द्वारा रात दिन कडी मेहनत करके अपने अपने खेतों मे उगाई गयी विभिन्न तरह की तैय्यार फसलों को अब आवारा पशु अपना निवाला बनाने से नहीं चूक रहे। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की भाजपा सरकार भी बुढ़ाना क्षेत्र में कई गौशाला बनवाने के बाद भी आवारा पशुओं की दुर्गति को रोक नही पा रही।

आवारा पशुओं के लिए जगह जगह गौशालाएं बनवाने का दावा करने वाली योगी सरकार यहां पर किंकर्तव्यविमूढ़ ही नजर आ रही है। योगी सरकार के इस दावे की पोल खोलते हुए ये आवारा पशु सैंकड़ों की संख्या में खुलेआम सड़कों पर ही घूमते हुए कहीं पर भी नजर आ जाते हैं। सबसे बुरा हाल तो बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी का है। जहां पर आवारा पशुओं की वजह से किसान और ग्रामीण हैरान और परेशान हैं। कई हादसे भी इन आवारा पशुओं की वजह से हो चुके है और किसानों की फसलें भी बर्बाद हो रही है। गोवंश व आवारा पशुओं के आतंक से किसान परेशान हैं। ये आवारा पशु किसानों की फसलें बर्बाद करने के साथ साथ सड़क से गुजरने वाले राहगीरों के जीवन के लिए भी खतरा पैदा कर रहे हैं। गांव रसूलपुर दभेडी में दर्जनों की तादाद में आवारा पशुओं का झुंड आता है। उसमें सांड भी होते हैं और ये खेतों में घुस जाते हैं। यह आवारा पशु पूरी की पूरी फसलें बर्बाद कर देते हैं। कई बार किसानों ने इसकी शिकायत आला अधिकारियों से भी की लेकिन उनकी शिकायत पर अभी तक सुनवाई नही हुई। गांव के एक रिटायर्ड बैंककर्मी ने बताया कि सबसे ज्यादा इन जानवरों से परेशानी आ रही है। खेत में फसलें खड़ी हैं। जिनको इन जानवरों ने नष्ट कर दी है। बहुत बड़ी दिक्कत हो रही हैघ् इन आवारा पशुओं की हम कब तक रखवाली करें।

### खोया-पाया सूचना

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2023 का प्रमाण पत्र (यू0पी0 बोर्ड) जिसका अनुक्रमांक संख्या 1230515201 वास्तव में कहीं खो गया है।

**राशिद पुत्र** कय्यूम अली, निवासी म0नं0 529, केवलपुरी, मु0नगर। मो0 **8958953310.**

## सिखेड़ा पुलिस ने तीसरे वांछित अभियुक्त कों भी दबोचा

**जानसठ।** थाना सिखेड़ा पुलिस पहले ही गौकशी में एक आरोपी नौसाद को लंगड़ा कर चुकी है। उसके बाद एक फरार अभियुक्त पीरू को दबिश के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार किया और अब तीसरे को भी सिखेडा पुलिस ने गस्त के दौरान गिरफ्तार किया है ज्ञात रहे कि जिस समय पुलिस टीम क्षेत्र में गस्त कर रही थी उस समय पुलिस को गस्त के दौरान बड़ी सफलता हासिल हुई और एक वांछित अभियुक्त मुलकिस पुत्र लियाकत को गिरफ्तार कर किया। पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिली थी कि अभियुक्त क्षेत्र में मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी की और आरोपी को दबोच लिया। पकड़ा गया अभियुक्त थाना सिखेड़ा क्षेत्र की हालिया घटना में नामजद था और तभी से फरार चल रहा था। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा समेत अन्य धाराओं में मुक. दमा दर्ज है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त से गहनता से पूछताछ की जा रही है और कानूनी कार्रवाई पूरी कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। इस सराहनीय कार्रवाई में उपनिरीक्षक नेपाल सिंह, उपनिरीक्षक फरीद अहमद और कांस्टेबल अरुण कुमार की विशेष भूमिका रही। थाना प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने जनता से अपील की है कि अपराध और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था कायम रखी जा सके।

## गुरु के नाम पर वन विभाग ने किया पौधारोपण



**बुढ़ाना।** एक पेड़ गुरू के नाम अभियान के तहत वन विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से बुढ़ाना के कांधला रोड पर स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन के भव्य परिसर में पौधारोपण किया। वन दारोगा अंशी लाल ने कहा कि पेड़ों का हमारे जीवन में बहुत ही महत्व है। पेड़ों का जीवन में विशेष योगदान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस अभियान की शुरुआत की थी। उन्होंने नई दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में पीपल का पौधा लगाया था। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान को जोड़ता है। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले दशक में वन क्षेत्र बढ़ाया है। यह अभियान देश के सतत विकास से जुड़ा है। मां के नाम पर पेड़ लगाने से दो लक्ष्य पूरे होते हैं। पहला माताओं का सम्मान और दूसरा पर्यावरण संरक्षण। पेड़ मां की तरह अगली पीढ़ी को पोषण और सुरक्षा देते हैं। इस अभियान से लोग अपनी माताओं की याद में स्थायी स्मृति बना सकते हैं और साथ ही पर्यावरण की रक्षा में भी अपना पूरा योगदान दे सकते हैं। इस मौके पर यहां मुख्य रूप से वन विभाग से प्रवेश कुमार, राजेश कुमार, नरेन्द्र कुमार, अवनीश कुमार, हुसैन अहमद, राजन शर्मा आदि वनकर्मी मौजूद रहे।

# नवागंतुक छात्र छात्राओं के लिए दीक्षा आरम्भ कार्यक्रम हुआ आयोजित

**चरथावल।** थानाभवन रोड पर सिथत चंद्रशेखर आजाद पीजी कालेज मे नवआगंतुक छात्र छात्राओं के लिए दीक्षा आरम्भ कार्यक्रम किया गया जिसमे सभी कक्षाओं के छात्र छात्राओं को महाविद्यालय मे सभी सुविधाओं एवं शिक्षा सबंधी ज्ञान प्रदान किया गया और आज शिक्षक दिवस होने के कारण पूर्व राष्ट्रपति महान शिक्षाविद महान नेता सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भी श्रद्धांजलि दी गयी कार्यक्रम का उद्घाटन राकेश वशिष्ठ एडवोकेट एवं प्राचार्य डॉक्टर गुलाब सिंह द्वारा किया गया कार्यक्रम मे सुमित कुमार नागयान,;षिपाल सिंह, अंशुल अग्रवाल, कुमारी तरबिया, कशिश अरोड़ा, सुखपाल सिंह, विनीत कुमार, तिरसपाल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा वही चंद्रशेखर आजाद पीजी कालेज मे मिल रही शिक्षा की क्षेत्र मे चारो और सराहना हो रही हैस कालेज के प्रबंधक राकेश वशिष्ठ एडवोकेट द्वारा जहाँ दिन रात दिन दुखियो की सेवा की जाती है वही वह शिक्षा प्राप्त करने वाले हर असहाय छात्र छात्राओं की भी भरपूर मदद करते है जिन छात्र छात्राओं की आर्थिक हालत ठीक नहीं है और वह छात्र छात्राए शिक्षा पाना चाहते है

## भाकियू नगराध्यक्ष इसरार ने स्मार्ट मीटर उखाड़े

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढाना क्षेत्र के मंदवाडा रोड सफीपुर पटी में विद्युतकर्मियों को शुक्रवार को कुछ उपभोक्ताओं के घर के बाहर स्मार्ट मीटर लगाने महंगे पड़ गये। उनका आक्रोशित ग्रामीणों ने खुलकर विरोध किया और मौके पर आए हुए भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार अहमद के नेतृत्व में लगाए गये चारों स्मार्ट मीटर उखाडकर फैंक दिए। तब विद्युतकर्मियों ने यहां से बैरंग लोटने में ही अपनी भलाई समझी। इस दौरान हंगामा भी हुआ। शुक्रवार को विद्युतकर्मी सफीपुर पटी मंदवाडा रोड पर सुंदर डेरी के पास की गली में आए और आते ही बिन पूछे संजय पुत्र सुखबीर सैनी, प्रवीण कश्यप व सुनील पुत्रगण विशम्बर और इरफान पुत्र रफीक राइन के घर के बाहर आनन फानन में स्मार्ट मीटर लगाने लगे। जब एक ग्रामीण ने इन विद्युतकर्मियों से कहा कि इन घरों में तो पहले से ही मीटर लगे हैं तो वे दूसरे मीटर क्यों लगा रहे हैं तो वे ग्रामीणों को कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसकी सूचना ग्रामीणों ने भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार अहमद को दी तो वे भाकियू कार्यकर्ता आबिद, रोजुद्दीन, इस्तकार, महताब, इरफान व शाह आलम के साथ मौके पर पहुंचे और स्मार्ट मीटर देख कर्मचारियों को भला बुरा कहा और एक एक करते हुए चारों मीटर उखाड़कर दूर फैंक दिये। इससे पहले कर्मचारी आक्रोशित ग्रामीणों को कुछ समझाते तब मौके की नजाकत देख कर्मचारी चारों मीटर उठा बैरंग लौट गये। भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार ने साफ कहा कि वे स्मार्ट मीटर किसी भी सूरत में लगने नहीं देंगे।

# सत्य विहार कालौनी में सफाई कर्मियों का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** नगर पंचायत सफाई कर्मचारियों के कार्य और मधुर व्यवहार से खुश होकर सत्य बिहार कालौनी वासियो द्वारा सफार्ड कमियो का पटका पहना कर जोरदार स्वागत किया गया है

शुक्रवार को नगर पंचायत सफाई कर्मचारियों द्वारा सत्य विहार कॉलोनी में स्वच्छता अभियान चलाया।

कॉलोनी की साफ सफाई से खुश होकर सत्य विहार कॉलोनी वासियों ने मेनपाल सिंह सुरेंद्र कुमार अरुण कुमार मोहम्मद आसिफ सागर कुमार किशोर अनुज आदि का पटका पहना कर जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रमुख समा. जसेवी हाफिज मोहसिन ने कहा कि पुरकाजी नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी बहुत ही मेहनत और लगन के साथ सफाई व्यवस्था के कार्य को बखूबी निभाते हैं उन्होंने कावड़ यात्रा के दौरान सफाई कर्मचारियों द्वारा की गई बेहतरीन सफाई की भी प्रशंसा की।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मनीष कुमार गोयल, अजय गुप्ता,दिनेश कुमार, राकेश कुमार, सुनील गोयल उर्फ बिट्टू, अमित कुमार, डॉक्टर कुलदीप कोरी, मोनू शर्मा, दुष्यंत कुमार, संजय सिंघल ,पंकज कुमार आदि शामिल रहे

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र आदिल व उसकी पत्नी श्रीमती समरीन मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यो के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गये हैं। इसलिए इनसे तंग आकर मैने इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं, इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**आस मौहम्मद पुत्र मेहरबान**
**निवासी- ग्राम शेरनगर,**
**थाना नई मण्डी तहसील**
**व जिला मुजफ्फरनगर**

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा बेटा इस्तखार उर्फ सोनू व पुत्रवधु रेशमा मेरे व परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं, इनका आचरण सही नही है और परिवार के साथ आये दिन लडाई झगडा रखते है तथा अन्य पुत्रों को झूठे मुकदमे में फंसवाकर जेल भिजवाने की धमकी देते रहते हैं। इसलिए मैने इन दोनों से तंग व परेशान होकर इन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। अब इन दोनों के किसी भी कृत्य व लेन देन की मेरी या मेरे परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**अय्यूब पुत्र शब्बीर**
**निवासी-हकीमपुरा रोड,**
**चरथावल देहात, कस्बा व थाना**
**चरथावल, जिला मुजफ्फरनगर**

# कार्यालय जिला गन्ना अधिकारी, मुजफ्फरनगर

पत्रांक /सी / रा.कृ.वि./एन.एफ.एस.एम. / जि.यो. दिनांक:

**राष्ट्रीय कृषि विकास योजना / राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन / जिला योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत**
**कृषकों के चयन सम्बन्धी सूचना**

उक्त तीनों योजनाओं हेतु वर्ष **2025-26** में अधोलिखित कार्यक्रमों में लाभार्थियों का चयन किया जाना है। इच्छुक कृषक संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु कृषि विभाग की वेबसाईट **http://agridarshan.up.gov.in** पर गन्ना विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण शीघ्र करा लें तथा निर्धारित आवेदन पत्र/अभिलेख शीघ्र सम्बन्धित गन्ना विकास परिषद कार्यालय में उपलब्ध करा दें। कृषक का चयन गन्ना विभाग के पोर्टल पर किये गये पंजीकरण के आधार पर **'प्रथम आओ-प्रथम पाओ'** के सिद्धान्त के आधार पर किया जायेगा।

**(1) राष्ट्रीय कृषि विकास योजना**

**(i) आधार पौधशाला:**- आधार पौधशाला अधिष्ठापन हेतु एक कृषक को अधिकतम 25 कु. अभिजनक बीज गन्ना दिया जायेगा तथा आधार पौधशाला में उत्पादित अधिकतम 500 कु.गन्ना बीज के वितरण पर पौधशाला धारक को रू. 50/- प्रति कु. की दर से अनुदान देय होगा।

**(ii) प्राथमिक पौधशाला:** प्राथमिक पौधशाला अधिष्ठापन हेतु एक कृषक को अधिकतम 50 कु. आधारीय बीज गन्ना दिया जायेगा तथा प्राथमिक पौधशाला में उत्पादित अधिकतम 1000 कु. गन्ना बीज के वितरण पर पौधशाला धारक को रू. 25/- प्रति कु. की दर से अनुदान देय होगा।

**(iii) क्षेत्र प्रदर्शन:**- प्रदर्शन धारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना की भाँति रू. 9000/- प्रति हेक्टेयर (निवेशों पर अनुदान रू. 8000/- एवं रू. 1000/- कन्टीजेन्सी के लिये) की दर से अनुदान देय होगा।

**(iv) रा.कृ.वि.योजनान्तर्गत संचालित ग्रामीण महिला शक्ति द्वारा उन्नत गन्ना बीज वितरण कार्यक्रम:**- इसके सम्बन्धित महिला समूह को तैयार सीडलिंग के वितरण पर बड़ चिप विधि से उत्पादित सीडलिंग के विक्रय मूल्य का 50 प्रतिशत अथवा प्रति सीडलिंग अधिकतम रू. 1.50 तथा सिंगिल बड़ विधि से उत्पादित सीलिंग के विक्रय मूल्य का 50 प्रतिशत अथवा प्रति सीडलिंग अधिकतम रू. 1.30 की दर से अनुदान दिया जायेगा। किन्तु किसी भी महिला समूह को अधिकतम 05 लाख सीडलिंग के वितरण पर ही अनुदान अनुमन्य होगा।

**(v) माईक्रोन्यूट्रीयन्ट**-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत माईक्रोन्यूट्रीयन्ट क्रय करने पर रू. 500 प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान देय होगा।

**(2) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन:** गन्ने के साथ अन्तः फसली खेती (दलहन व तिलहन एवं सिंगल बड चिप टेक्नोलॉजी प्रदर्शन पर रू. 9000/- प्रति हेक्टेयर (निवेशों पर अनुदान रु. 8000/- एवं रू. 1000/-कन्टीजेन्सी के लिये) देय है। कलस्टर प्रदर्शनों का आयोजन 10 हेक्टेयर क्षेत्रफल में समीपस्त / लगे हुये क्षेत्र में कराया जायेगा, प्रदर्शन में प्रत्येक कृषक का न्यूनतम 0.4 हेक्टे. तथा अधिकतम 02 हेक्टे. क्षेत्रफल होगा।

**(3) जिला योजना में अनुदान**

**(i) आधार पौधशाला:**- आधार पौधशाला अधिष्ठापन हेतु एक कृषक को अधिकतम 25 कु. अभिजनक बीज गन्ना दिया जायेगा तथा आधार पौधशाला में उत्पादित अधिकतम 500 कु. गन्ना बीज के वितरण पर पौधशाला धारक को रु.50/- प्रति कु. की दर से अनुदान देय होगा।

**(ii) प्राथमिक पौधशाला:**- प्राथमिक पौधशाला अधिष्ठापन हेतु एक कृषक को अधिकतम 50 कु .आधारीय बीज गन्ना दिया जायेगा तथा प्राथमिक पौधशाला में उत्पादित अधिकतम 1000 कु. गन्ना बीज के वितरण पर पौधशाला धारक को रू. 25/- प्रति कु. की दर से अनुदान देय होगा।

**(iii) अभिजनक बीज यातायात:**-अभिजनक गन्ना बीज (ब्रीडर) शोध केन्द्र / कृषक प्रक्षेत्र से यातायात हेतु रू. 15/- प्रति कुन्तल की दर से अनुदान देय होगा।

**(iv) आधार बीज यातायात:**-कृषकों के यहाँ स्थापित आधार पौधशालाओं में उत्पादित आधार बीज से प्राथमिक पौधशालाओं की स्थापना हेतु रू. 7/- प्रति कुन्तल की दर से अनुदान देय होगा।

**(v) पेड़ी प्रबन्धन एवं बीज भूमि उपचार:**- पेडी प्रबन्धन एवं बीज भूमि उपचार के लिए प्रयुक्त होने वाले रसायन के मूल्य का 50 प्रतिशत या अधिकतम अंकन रू. 900/- प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान देय होगा।

**(vi) बायोफर्टिलाइजर / वर्मी कम्पोस्ट:**- जैव उर्वरक एवं वर्मी कम्पोस्ट के मूल्य का 50 प्रतिशत अधिकतम रू. 600/- प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान देय होगा।

**(4) लाभार्थियों के चयन की शर्तें:**- (1) कृषक गन्ना समिति का वैधानिक आपूर्तिकर्ता सदस्य हो तथा गन्ने की खेती करता हो। (2) कृषक पर गन्ना समिति का एक वर्ष से अधिक पुराना बकाया न हो (3) अनुदान हेतु क्षेत्र प्रदर्शन, आधार / प्राथमिक पौधशाला बीज वितरण एवं आधार /अभिजनक बीज यातायात कार्यक्रम हेतु एक कृषक को प्रत्येक मद में तीन वर्ष में एक बार ही लाभान्वित किया जायेगा। (4) प्रदर्शन एवं पौधशालाओं के प्लाट सड़क के किनारे हो, जिससे की अधिकाधिक प्रचार-प्रसार हो सकें। (5) योजनान्तर्गत कार्यक्रमों में अनुदान की धनराशि प्राप्त होने पर ही अनुदान दिया जायेगा।

उक्त के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु कृषकगण सम्बन्धित ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक / सचिव गन्ना विकास परिषद खतौली, मन्सूरपुर, मोरना, बुढाना, रोहानाकलां, तितावी, टिकौला तथा खाईखेडी से सम्पर्क कर सकते है।

**समस्त**
**ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक**
**जनपद-मुजफ्फरनगर**

**जिला गन्ना अधिकारी**
**मुजफ्फरनगर**

# बच्चों के विवाद से भड़की मारपीट में तीन घायल, एक मेरठ रैफर

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब पंचायत के दौरान अचानक दो पक्षों में कहासुनी बढ़ गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर में गत दिनों बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर शुक्रवार को पंचायत बुलाई गई थी। गांव के लोग इस मामले को सुलझाने के प्रयास में जुटे थे, लेकिन बातचीत के दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में तनातनी हो गई। देखते ही देखते कहा. सुनी इतनी बढ़ी कि एक पक्ष ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला बोल दिया। अचानक हुए इस हमले से मौके पर भगदड़ मच गई।हिंसक झड़प में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष से धीर सिंह और वंश का नाम सामने आया है, जबकि दूसरे पक्ष से भी एक व्यक्ति घायल हुआ है। घायलों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हालत गंभीर होने के कारण धीर सिंह को मेरठ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही चरथावल थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।और शांति बिगाड़ने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी किसी को भी कानून व्यवस्था तोड़ने नहीं दी जाएगी

## मन नहीं लगा तो हास्टिल से ट्रक में बैठकर वापस आया सन्नी

**मंसूरपुर।** गांव मुड़िया खेड़ा थाना घंगीरी जनपद अलीगढ़ निवासी सन्नी पुत्र राजेश यादव घमरी जनपद एटा के राष्ट्रीय विद्या निकेतन हास्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था।शुक्रवार को वह हास्टल से निकलकर सड़क पर आया और एक ट्रक में बैठकर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेगराजपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में पहुंच तो थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान ट्रक रुकवा लिया। पुलिस ने बच्चे को संदिग्ध हालात में देखा तो उसे पकड़कर पूछताछ की।पूछताछ के बाद बच्चे ने बताया कि हास्टल में कुछ दिनों से उसका मन नहीं लग रहा था।इसलिए वह वहां से निकल आया था।रास्ते में ट्रक मिला तो उसने ड्राइवर से रोते हुए कहा कि मुझे रुड़की जाना है।उस पर तरस खाकर ड्राइवर ने उसे ट्र्क में बैठा लिया था।पुलिस ने उसकी मां सीमा उर्फ शशिलता को सूचना देकर थाने बुलाया और सन्नी को उसके सुपुर्द कर उन्हे सकुशल बस में बिठाकर रवाना किया।

# एनएच हाईवे पर रैंप न बनने से मौहल्लेवासी परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**जानसठ।** हाल ही में बने एनएच हाईवे के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाईवे के किनारे स्थित कई कॉलोनियों में अभी तक सड़क से जुड़ने वाले रैंप का निर्माण नहीं किया गया है, जिसके चलते निवासियों को अपनी गाड़ियों और पैदल आने-जाने में दिक्कत हो रही है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए कई बार अधिका. रियों से शिकायत की है। उन्होंने एसडीएम और तहसील दिवस में भी अपनी बात रखी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।मौहल्ला वासियों ने बताया, ष्हाईवे बनने के बाद से हमारी जिंदगी और मुश्किल हो गई है। हमें अपनी गाड़ियों को हाईवे पर लाने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, और पैदल चलना भी सुरक्षित नहीं है।

क्योंकि इस समय बरसात का मौसम चल रहा है रास्ते में पानी भर जाता है।जिसके कारण स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है। हमने इस संबंध में कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई, और शिकायती प्रार्थना पत्र भी अधिकारियो को दिए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।ष इस समस्या को लेकर मोहल्लेवासियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द रैंप का निर्माण कराने की मांग की है ताकि उनकी परेशानी खत्म हो सके।

# पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी गई राहत सामग्री

**जानसठ।** पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित किसानों और आम नागरिकों की मदद के लिए भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने एक सराहनीय पहल की है। भाकियू के पदाधिकारियों ने जानसठ से भारी मात्रा में राहत सामग्री पंजाब के बाढ़ग्रस्त इलाकों में भेजी है।

इस मुहिम का नेतृत्व करते हुए, भाकियू के जिला उपाध्यक्ष आकाश बालियान ने बताया कि पंजाब के किसान हमारे भाई हैं और इस मुश्किल घड़ी में हम उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि यह सामग्री कई ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर पंजाब भेजीष जा रही है, ताकि बाढ़ पीड़ितों को तत्काल राहत मिल सके।राहत सामग्री में 41 क्विंटल गेहूं चावल व 11हजार नकद राशि शामिल हैं। भाकियू के इस कदम की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।



चौधरी आकाश बालियान ने बताया कि जब हमारे देश के किसान भाई मुसीबत में हैं, तो यह हमारा फर्ज बनता है कि हम उनकी मदद करें। उन्होंने कहा कि यह राहत सामग्री उन गांवों में पहुंचाई जाएगी जो बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हैं और जहां तक सरकारी मदद पहुंचने में देरी हो रही है। भाकियू के पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार से पंजाब के किसानों के लिए जल्द से जल्द राहत पैकेज की घोषणा करने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि किसानों को हुए नुकसान की भरपाई करना बेहद जरूरी है, ताकि वे फिर से अपना जीवन सामान्य कर सकें। इस दौरान मुख्य रूप से अरुवनी काक. रान ब्लाक उपाध्यक्ष रमन चौधरी ब्लाक महासचिव रवि पंवार उपाध्यक्ष युवा अनुज पंवार शौर्य काकरान युवा समाजसेवी जुनैद मसूरी मोनिश हावरी संदीप पंडित आदि मौजूद रहे और सभी का पूर्ण रूप से सहयोग भी रहा है।

## बिना पूजन-अर्चन शुरू हुआ छड़ियों का मेला

**खतौली।** शहर का ऐतिहासिक छड़ियों का मेला इस बार परंपरा से हटकर शुरू किया गया है। बिना धार्मिक विधि-विधान और पारंपरिक उद्घाटन के मेले की शुरुआत होने से स्थानीय लोगों में गहरी नाराज़गी है। हर साल मेले का शुभारंभ जीटी रोड स्थित गोगा जाहरवीर मंदिर में पूजन-अर्चन के साथ होता रहा है, जहां पालिका अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मिलकर धार्मिक परंपरा निभाते हैं। लेकिन इस बार आधा मेला बीत जाने के बावजूद उद्घाटन नहीं किया गया। सूत्रें के अनुसार, पालिका अध्यक्ष हाजी शाहनवाज लालू इस परंपरा के पक्षधर नहीं हैं, जिसके चलते धार्मिक रीति-रिवाजों को दरकिनार कर सीधे मेले का संचालन शुरू करा दिया गया। हालांकि, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा घोषित कर दी गई है और मनोरंजन संबंधी परंपराएं निभाई जा रही हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि धार्मिक परंपरा का सम्मान नहीं किया गया तो मेले की ऐतिहासिक पहचान और उसकी मूल भावना प्रभावित होगी।

# बर्थ-डे पार्टी मनाने की इस्लाम धर्म में है मनाही : आसमौहम्मद

**बुढ़ाना।** ईद उल मिलाद पर कूबा मस्जिद में जुमे की नमाज से पहले मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी ने कहा कि इस्लाम में कोई भी ऐसा काम जो इस्लाम में नहीं बताया गया उसे लोगों की देखा देखी करना बिल्कुल मना है। इस्लाम का अपना क़ानून है और मुसलमान के लिए उसी पर चलना और अमल करना ज़रूरी है। आज कल जन्मदिन मनाने का एक रिवाज़ आम होता जा रहा है। जिसकी बुराई दिल से निकलती जा रही है और इस गुनाह का एहसास तक नहीं है। यह बहुत अफ़सोस की बात है। उन्होंने कहा कि यह सब दूसरे मज़हब के मानने वालों का काम है। जिससे हमें बचना ज़रूरी है। उन्होंने नबी की हदीस पढ़कर बताया कि नबी ने फरमाया है जो जिस क़ौम की मशाबहत समानता इख़्तियार करेगा वह क़यामत के दिन उसी के साथ होगा। मौमीन अल्लाह पर, जन्नत और जहन्नुम पर ईमान रखता है तो किसी मुसलमान के लिए किसी भी तरह मुनासिब नहीं कि वह इस तरह की ख़ुराफ़ात को अंजाम दे। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के प्रोग्राम आयोजित करने की इस्लाम में बिल्कुल भी इजाज़त नहीं है। उन्होंने कहा कि क़ुरआन व हदीस हमारे लिए अमल की किताब है। जिस चीज़ से क़ुरआन व हदीस में मना किया गया है एक मोमिन के लिए उस पर अमल करना ज़रूरी है। उन्होंने सब मोमीनों से इसके लिए तौबा इस्तिग़फ़ार करने व आइंदा न करने का वादा लिया। जिस पर सभी ने इसे आगे से नही करने का वादा किया।

# कस्तूरबा में धूमधाम से मनाया गया टीचर्स डे

**बुढ़ाना।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित हुआ। यहां वार्डन रश्मि, शिक्षिका पूनम शर्मा, मोनिका चौधरी एवं वर्षा रानी को शॉल व पेन देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक दिवस पर रिटायर्ड स्वास्थ्यकर्मी कुसुमलता बालियान व इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के सदस्य शिवराज सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में छात्रा सुम्बुल व छात्रा सुहाना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बीएसए संदीप कुमार के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। डाक्टर राजीव कुमार ने कहा राष्ट्रीय शिक्षक दिवस की शुरुआत 1962 में हुई। प्रख्यात शिक्षाविद्, दार्शनिक विद्वान डॉक्टर सर्वपल्ली राधा कृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु के तिरुत्तनी में हुआ बाद में वह देश के पहले उप राष्ट्रपति व दूसरे



राष्ट्रपति बने। वे एक उत्कृष्ट शिक्षक थे जिन्होंने कोलकाता विश्वविद्यालय ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों में पढाया। जब 1962 में डॉक्टर राधा कृष्णन राष्ट्रपति बने तो उनके मित्रों ने उनके बर्थडे को भव्य रूप से मनाने का प्रस्ताव रखा मगर उन्होने इसको विनम्रतापूर्वक ठुकराकर कहा उनके बर्थडे को व्यक्तिगत उत्सव के रुप में मनाने के बजाय इसे शिक्षकों के सम्मान में समर्पित किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### तहसील में लापरवाही पर भड़के एसडीएम

**खतौली।** तहसील में बढ़ती अव्यवस्थाओं और जनसमस्याओं के समय पर निस्तारण न होने पर गुरुवार को एसडीएम राजकुमार भारती का पारा चढ़ गया। जनसमस्या सुनवाई के दौरान पीड़ितों की फरियादें निपटाने में लापरवाही सामने आने पर एसडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों, लेखपालों और पटवारियों को सख्त हिदायत दी। एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि यदि आय, जाति या मूल निवास प्रमाणपत्र जैसे कार्यों के लिए आमजन को तहसील में चक्कर काटते पाया गया तो संबंधित अधिकारी पर न केवल कड़ी कार्रवाई होगी बल्कि उसका एक दिन का वेतन भी काटा जाएगा। उन्होंने लिपिक को निर्देशित किया कि पीड़ितों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर लगाने पर मजबूर करने वाले अधिका. रियों के खिलाफ तुरंत नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाए।एसडीएम भारती ने कहा कि तहसील जनता की समस्याओं के समाधान के लिए है, न कि उन्हें परेशान करने के लिए। समय पर निस्तारण हर हाल में किया जाए, अन्यथा कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए।

### गांव से सौर ऊर्जा की लाइट चोरी, पुलिस को दी तहरीर

**खतौली।** गांव टीटोडा में सरकारी योजना के तहत लगाई गई सौर ऊर्जा से चलने वाली पथ प्रकाश की लाइट अज्ञात चोर चुरा ले गए। इस घटना से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीण भोपाल सिंह पुत्र नत्थू सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि गांव में मुख्य रास्तों को रोशन करने के लिए कुछ समय पूर्व बिजली खंभों पर सौर ऊर्जा से चलने वाली लाइटें लगाई गई थीं। यह लाइटें रात में जलकर पूरे इलाके में उजाला फैलाती थीं, जिससे लोगों को आवाजाही में आसानी होती थी।भोपाल सिंह के अनुसार कुछ दिन पहले गांव का एक खंभा टूटकर नीचे गिर गया था। टूटा खंभा कई दिनों तक वहीं पड़ा रहा। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोर रात के समय लाइट को खंभे से अलग कर ले गए और मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिल सका। इस घटना से गांव के लोग खासे नाराज हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सौर ऊर्जा से चलने वाली लाइट लगने से गांव की गलियों में अंधेरा दूर हुआ था। अब लाइट चोरी होने से रात में फिर से अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित भोपाल सिंह ने पुलिस से मांग की है कि चोरों का जल्द से जल्द पता लगाकर चोरी हुई लाइट बरामद की जाए। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पूर्व गर्वनर की श्रद्धांजलि सभा में उमड़ी भीड़

**बुढ़ाना।** कस्बे के एक बैंकट हाल में सांसद हरेंद्र मलिक भाजपा सरकार पर जमकर आगबबूला हुए और कहा कि यह वाकई अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार ने इतना बड़ा राजनेता और पूर्व राज्यपाल होने के बाद उनके निधन



के बाद अपेक्षित राजकीय सम्मान नहीं दिया। ये केवल सत्यपाल मलिक का अपमान नहीं बल्कि लोकतंत्र व देश की राजनीतिक परंपराओं का भी अपमान है। सांसद श्री मलिक ने ये बात पूर्व गर्वनर सत्यपाल मलिक को श्रदांजलि देते हुए सपा के युवा नेता आकाश बालियान द्वारा आयोजित शोक सभा में कही। आकाश बालियान ने कहा कि यह केंद्र सरकार की इस मानसिकता को दर्शाता है कि वह विरोधी विचार धारा रखने वाले नेताओं को मरने के बाद भी सम्मान नहीं देती। जो कि निंदनीय है। सपा के युवा नेता आकाश बालियान के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भारी भीड़ जुटी। जाट संघर्ष समिति के अध्यक्ष यशपाल मलिक ने भी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सत्यपाल मलिक ने जीवन भर किसानों और समाज के दबे और कुचले वर्गों की लड़ाई लड़ी। वक्ताओं ने उन्हें किसानों का सच्चा हमदर्द और निडर नेता बताया। जिनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकेगा। सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, राकेश शर्मा, कपिल मलिक, सम्राट चौधरी, अतहर हसन व आसिफ कुरैशी आदि ने भी सभा को संबो. धित किया। यहां पर हारुण अली सिद्दीकी, प्रदीप डबास, फारुक सैफी, गगन बालियान, अनिल राठी आदि मौजूद रहे। सपा नेता आकाश बालियान द्वारा कराया गया ये प्रोग्राम सफल रहा व काफी भीड़ रही।

### सात वर्षीय बच्ची से हुआ दुष्कर्म का प्रयास

**बुढ़ाना।** एक सात साल की बच्ची को बहला फुसलाकर अपने घर पर ले जाकर एक कामान्ध युवक ने दुष्कर्म का प्रयास कर अश्लील हरकतें की। इस मामले में आरोपी ने बच्ची को कहीं पर भी बताने पर चाकू दिखाकर हत्या की भी धमकी दी। बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में आज शुक्रवार की शाम लगभग एक छह साल की बच्ची को उसकी मां ने गांव में चिकित्सक को दिखवाने के लिए अकेले ही भेजा तो चिकित्सक तो मिला नहीं तब गांव के ही दूसरे सांप्रदाय के एक कमान्ध युवक ने उसको बहला फुसला लिया और अपने घर ले गया। जहां पर उसने बच्ची के साथ अश्लील हरकतें की और उससे दुष्कर्म का भी प्रयास किया। तब बच्ची रोने लगी तो युवक ने बच्ची को चाकू दिखाकर चुप किया और घर पर बताने पर हत्या की धमकी दी। घटना के बारे में बच्ची ने घर पर आकर बताया तो बच्ची के परिजन आरोपी के घर पर पहुंचे तो आरोपी के परिजनों ने पीड़िता को भगा दिया। इस मामले में परिजन बच्ची को लेकर देर रात बुढ़ाना कोतवाली में आए और पुलिस को घटना से अवगत कराया। इस मामले में बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जांच शुरु कर दी है। बच्ची के साथ हुई घटना को लेकर गांव में दो तरह की चर्चा जोरों पर हैं। बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री ने बताया कि वे मामले की जांच करा रहे हैं।

# इमरान जिया ने बाढ़ पीड़ितों को चंदा किया एकत्रित

**बुढ़ाना।** पंजाब में भयंकर बारिश के कारण आई बाढ को देखकर पीड़ित लोगों के लिए कस्बे के कुछ लोगों ने समाजसेवी और जिला पंचायत सदस्य पद के निर्दलीय उम्मीदवार इमरान जिया के नेतृत्व में डोर टू डोर चंदा एकत्रित किया। चंदा एकत्रित करने वालों में मुख्य रूप से रोहित जैन, हाजी अख्तर कुरैशी, नसीम अहमद, इमरान अहमद, दिलशाद कस्सार फूल, शमीम रंगरेज, नवेद मंसूरी और चांद कस्सार आदि युवकों ने मौहल्ला मंडी, नदी वाला मंदिर, पुरानी सब्जी मंडी, कुरैशियान पुलिया, स्टेट बैंक मार्किट और छोटा बाजार की मार्किट से डोर टू डोर घूमकर 17 हजार रूपये एकत्रित किए। सभी के सामने यह रकम दो बार गिनी गयी। जिसको समाजसेवी इमरान जिया को सौंप दिया गया। इस बारे में



इमरान जिया ने कहा कि अन्य जगहों से भी पैसा इकठा किया जा रहा है। जिसमें सफीपुर पटी के युवा भी चंदा इकठा कर रहे हैं। यह सभी धनराशि जमा कर पंजाब पीड़ितों के लिए राशन खरीदकर गाड़ी में भरकर वे अपने कर कमलों द्वारा पंजाब राज्य के लिए रवाना करेंगे।घ वहीं दूसरी और गांव अटाली में भी आज भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कुछ कार्यकर्ताओं के द्वारा पंजाब बाढ पीड़ितों के लिए चंदा इकठ्ठा किया गया। ये जानकारी अतुल अटाली ने दी।

# भाकियू प्रतिनिधि मंडल श्रीलंका रवाना




**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन का एक डेलिगेशन राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के नेतृत्व में श्रीलंका के लिए रवाना हुआ है श्रीलंका के कोलंबो में अंतर्राष्ट्रीय किसान सम्मेलन होना है जिसमें 140 देशो के किसान संगठन भाग लेंगे भारतीय किसान यूनियन के 10 सदस्यीय डेलिगेशन में उनके सीनियर पदाधिकारी गए हैं जिसमें राष्ट्रीय महासचिव युद्ध वीर सिंह, पुरकाजी चेयरमैन प्रदेश महासचिव चेयरमैन जहीर फारुकी, पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना, पश्चिमी उत्तर प्रदेश महासचिव अशोक घटायन, मंटू चौधरी युवा एन सी आर अध्यक्ष, अंशिता बालियान, धर्मवीर सिंह आदि लोग मौजूद हैं।

## दुराचारी को बचाने में जुटे हैं सफेदपोश नेता

**चरथावल।** चरथावल थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी को भाई को जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती छत पर ले जाकर किराएदार द्वारा रेप की घटना सामने आने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने घटना के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करते हुए आरोपी अपंग युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव निवासी नाबालिग़ युवती को परिजनों की अनुपस्थिति में भाई को जान से करने की धमकी देकर जबरदस्ती छत पर ले जाकर बलात्कार की घटना सामने आई है। नाबालिग युवती की माता ने घटना के विषय में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। कुछ सफेदपोश नेता आरोपी युवक के अपंग होने का हवाला देकर फैसला कराने में जुटे थे पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित बलात्कार की धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना से परिजनों सहित क्षेत्र में रोष व्याप्त है।

# एसडीएवी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुजफ्फरनगर।** एस. एफ. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर के प्रांगण में 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में अति हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह दिन डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयन्ती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है।

इस अवसर पर विद्यार्थी अपने प्रिय शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते है।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्री ऐके मोहन द्वारा दीप प्रज्वल्लन से किया गया। तदोपरान्त विद्यार्थियों ने रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। नृत्य, गीतों और कविताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट किया। तपश्चात प्रधानाचार्य ऐके मोहन ने अपने उद्बोधन में समाज में शिक्षकों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक चरित्र और राष्ट्र निर्माता होते है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शिक्षकों का सम्मान करने और उनके मार्गदर्शन का सदैव पालन करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने समस्त अध्यापकगण एवं कर्मचारी वर्ग की सराहना की।

# बिहारगढ़ चिल्लागाह में मनाया गया ईद मिलादुन्नबी का पर्व

**मोरना।** बिहारगढ़ चिल्लागाह शरीफ मे ईद मिलादुन्नबी का पर्व आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया।चिल्लागाह शरीफ से जयरीनो का एक जत्था विशेष चादर लेकर कलियर शरीफ के लिए रवाना हुआ है।वहीं ज़िक्रे इलाही, तिलावते क़ुरआने पाक व फातिहा ख्वानी की गयी,कार्यक्रम के उपरांत तबर्रुक वितरण किया गया व ख़सूसी दुआ कराई गई।

मोरना क्षेत्र के गाँव बिहारगढ़ मे स्थित खुशहालिया चिल्लागाह शरीफ पर शुक्रवार की सुबह जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व प्रत्येक वर्ष की भांति पारम्परिक रूप से मनाया गया।अलसुबह फजिर की नमाज के बाद ज़िक्रे इलाही व क़ुरआने पाक की तिलावत व दरूद सलाम पेश किया गया।दरगाह हज़रत ख्वाजा खुशहाल मियां के सज्जादा नशीं हज़रत सूफी जव्वाद अहमद खुशहाली ने अपने सम्बोधन में कहा कि नबी पाक हज़रत मुहम्मद का जन्म इंसानियत के लिए हुआ।नबी ए पाक ने खुदा की सच्ची इबादत के साथ साथ समानता ,सम्मान, दयाभाव, मानव सेवा का पैगाम दिया।अल्लाह ने इंसान को बहुत सारी नियामतो से नवाज़ा है। सोचने समझने की शक्ति प्रदान की है। इंसान को खुदा का शुक्रगुज़ार होना चाहिए। अल्लाह के नबी का जीवन पवित्र आदर्श है जिन्होंने स्वयं कष्ट सह कर इंसानों की भलाई के लिए दुआ की।सुफियों की दुआओं मे असर होता है। वह खुदा और नबी के खास होते हैं। हज़रत ख्वाजा खुशहाल मियां की



दुआओं से अनेक लाभान्वित हुए। सूफियाना सिलसिले में हजरत ख्वाजा खुशहाल मियां का नाम बेहद सम्मान के साथ लिया जाता है। हज़रत ख्वाजा खुशहाल ने जंगल मे वर्षो तक इबादत कर खास मकाम हासिल किया वहीं चिल्लागाह शरीफ से ज़ायरीनों का एक जत्था कलियर शरीफ में आयोजित 757 वें उर्स में भाग लेने के लिये विशेष चादर को लेकर रवाना हुआ। कार्यक्रम के उपरांत मिष्ठान का तबर्रुक वितरित किया गया। सूफी मौ साजिद ने खास दुआ कराई। इस दौरान मुख्य रूप से सूफी मौ.रईस, सूफी मौ.अब्बास,मौ. बाकर गजरौला, सूफ़ी मौ. फारूक, सूफ़ी मौ.खुर्शीद, सूफ़ी असलम, प्रधान संजय चौहान आदि मौजूद रहे।

# भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर में शिक्षक सम्मान दिवस का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नई मंडी में रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर समर्पण के सहयोग से शिक्षक सम्मान दिवस का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष विकास भार्गव (सपत्नी), सचिव अंशुल मित्तल, कोषाध्यक्ष अंकुश अग्रवाल, प्रधानाचार्या डॉ. वंदना शर्मा सहित क्लब के सभी सदस्य एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश नंदिनी ने किया। उन्होंने अपने संबा. धन में बताया कि शिक्षक दिवस भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इसी क्रम में रो. नीरज कौशिक ने आए हुए अतिथियों का परिचय कराया।मुख्य वक्ता एवं उप प्रधानाचार्या रितु गोयल ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जैविक और अजैविक गुरु दोनों ही हमारे भविष्य निर्माण में सहायक होते हैं। उन्होंने शिक्षकों का सम्मान करते हुए गुरुजनों की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छात्राओं ने सभी का मन मोह लिया। कक्षा 10 की अंशिका ने अपनी कविता से उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध किया, वहीं कक्षा 12 की प्रियांशी और कनक ने गुरु की महानता पर भावपूर्ण पंक्तियाँ प्रस्तुत कीं। कक्षा 12 की अनन्या तथा कन्या भारती की अधिकारी बहनों ने भी अपनी स्नेहिल प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी। मुख्य अतिथि रो. रविंद्र (एसिस्टेंट गवर्नर) ने



शिक्षकों और छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि गुरु ही राष्ट्र की रीढ़ और भविष्य निर्माण के सशक्त आधार हैं। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए सभी को साधुवाद दिया। अंत में रितु गोयल ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पीआर पब्लिक स्कूल में उत्साह से मनाया गया शिक्षक दिवस

**मुजफ्फरनगर।** पचेंडा रोड स्थित पी.आर पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल और प्रधानाचार्य अनघ सिंघल के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बच्चों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में अनेक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई ।जिन में राजस्थानी डांस, पंजाबी डांस, हास्य नाटिका, कविता वाचन आदि शामिल रहे। विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों के लिए एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कई पुरस्कारों वाले खेल और उसके बाद भोज का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने प्रत्येक छात्र के समग्र विकास में उत्प्रेरक भूमिका निभाने के लिए शिक्षकों के ईमानदार प्रयासों की सराहना करते हुए कहा-आज का दिन भारत के दूसरे




राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को समर्पित है। वे एक महान शैक्षणिक दार्शनिक और सबसे प्रसिद्ध राजनयिकों में से एक, भारत के विद्वान-राष्ट्रपति और सबसे बढ़कर एक शिक्षक थे। इस महान शिक्षक को श्रद्धांजलि स्वरूप, उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा- शिक्षक ही हैं, जो बिना किसी भेदभाव और निस्वार्थ भाव से हमें शिक्षा के साथ-साथ अच्छे और बुरे का फर्क समझाते हैं। शिक्षक किताबों का ज्ञान तो देते ही हैं, साथ ही वे जीवन के मूल्य और संस्कार भी सिखाते हैं। यही वजह है कि शिक्षक को समाज निर्माता कहा जाता है। आज के कार्यक्रम के संचालन में दिव्या शर्मा, प्रवीण कुमार, अनुपम सैनी, प्रज्ञा सिंधि, दीपक मलिक, शिखा ठाकुर आदि का सहयोग रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बीमार गोवंशों का वीडियो वायरल होने से हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊन।** नगर पंचायत द्वारा संचा. लित अस्थाई गौशाला में बीमार गोवंशों की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई वीडियो से प्रशासन में हड़कंप मच गया उप जिलाधिकारी तुरंत गौशाला पहुंचे तथा गौशाला में साफ सफाई व पशु चिकित्सक को नियमित जांच कर उपचार करने के निर्देश दिए। नगर में नगर पंचायत द्वारा गौशाला का संचालन किया जा रहा है जिसमें कुछ गोवंश बीमार हो गए गौशाला में करीब 135 गोवंश है उनमें से तीन-चार गोवंश बीमार चल रहे हैं जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई इसके बाद प्रशासन हरकत में आ गया उप जिला अधिक. ारी संदीप त्रिपाठी, नायब तहसीलदार रविंद्र सिंह गौशाला पहुंचे जहां पर करीब पांच गोवंश बीमार हालत में मिले मौके पर ही पशु चिकित्सा आनंद कुमार भी पैरावेट सचिन कुमार के साथ गौशाला पहुंचे उन्होंने बीमार



गोवंशों का इलाज किया ।उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी ने गौशाला के केयरटेकर को गौशाला में साफ सफाई करने तथा डॉक्टर को नियमित उपचार करने के साथ सभी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गौशाला में हरा चारा न होने पर केयरटेकर ने बताया कि बरसात के कारण हरा चारा नहीं आया है इस संबंध में उप जिला. धिकारी संदीप त्रिपाठी ने बताया कि वीडियो वायरल हुई थी जिसमें जांच की गई बीमा गोवंशों का इलाज किया जा रहा है तथा सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए है।

## चेतावनी बिंदु से बीस सेंटीमीटर नीचे आई यमुना नदी

शाह टाइम्स संवाददाता



**कैराना।** चार दिन पूर्व हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए 3.29 लाख क्यूसेक पानी के चलते कैराना में रौद्र रूप में आई यमुना अब धीरे-धीरे सामान्य होने लगी है। दो दिनों तक खतरे के निशान से ऊपर बह रही यमुना नदी शुक्रवार को चेतावनी बिंदु से नीचे आ गई। वहीं, हथिनीकुंड बैराज से गुरुवार शाम सात बजे 1.36 लाख क्यूसेक पानी यमुना में प्रवाहित किया गया। पहाड़ी एवं मैदानी क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से हो रही बारिश के चलते हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में निरन्तर पानी छोड़ा जा रहा है। विगत सोमवार को पानी का अत्यधिक दबाव बढ़ने के कारण बैराज से यमुना नदी में वर्तमान मानसून सत्र का सर्वाधिक 3,29,313 क्यूसेक जल प्रवाहित किया गया था, जिसके चलते कैराना क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए थे। सामान्य रूप से बह रही यमुना एकाएक खतरे के निशान को पार कर गई थी। खादर क्षेत्र के किसानों की हजारों बीघा फसल में यमुना का पानी भर गया था। इसी पानी के चलते यमुना नदी क्षेत्र में दो दिनों तक खतरे के निशान से ऊपर बहती रही, जिसके चलते प्रशासन व तटवर्ती क्षेत्र के बाशिंदों की नींद उड़ी रही।

हालांकि बुधवार से यमुना नदी के जलस्तर में गिरावट आनी शुरू हो गई थी, जो शुक्रवार को भी जारी रही। दोपहर दो बजे यमुना का जलस्तर 50 सेंटीमीटर की गिरावट के साथ चेतावनी बिंदु से नीचे आ गया। यमुना का जलस्तर घटने से ड्रेनेज विभाग व तटवर्ती क्षेत्र के बाशिंदों ने राहत महसूस की है। वहीं, हथिनीकुंड बैराज से यमुना में छोड़े जाने वाले पानी का सिलसिला जारी है। बैराज से गुरुवार शाम सात बजे 1,36,845 क्यूसेक, रात्रि दस बजे 1,31,730 क्यूसेक तथा शुक्रवार प्रात: सात बजे 1,10,883 क्यूसेक, आठ बजे 1,08,232 क्यूसेक, दस बजे 1,04,558 क्यूसेक, दोपहर एक बजे 88,462 क्यूसेक, दो बजे 72,534 क्यूसेक पानी यमुना नदी में प्रवाहित किया गया। वहीं, दोपहर दो बजे तक कैराना में यमुना नदी का जलस्तर 230.80 मीटर पर था। उधर, ड्रेनेज विभाग के एक्सईएन सुधांशु सिंह का कहना है कि यमुना के जलस्तर में करीब 50 सेंटीमीटर की कमी आई है। कैराना में यमुना नदी का चेतावनी बिंदु 231.00 मीटर तथा खतरे का निशान 231।50 मीटर निर्धारित है। हथिनीकुंड बैराज से यमुना में छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा निरन्तर कम हो रही है, जिससे जलस्तर में अभी और गिरावट आने की संभावना है।

## बंदरों का आतंक चरम पर, कौन दिलाए निजात

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊन।** कस्बे में बंदरों का आतंक लगातार बढता जा रहा है। आलम ए है कि सामान के साथ-साथ अब लोगों के मोबाइल व अन्य सामान भी छीनकर बंदर भाग जा रहे हैं इससे लोग परेशान हैं। कस्बे में घरों, दुकानों पर बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बंदर घरों से खाने की चीजें लेकर भाग जाते हैं। अब बंदर लोगों की खाने की चीजों के साथ ही अब मोबाइल भी छीनकर भागने लगे हैं। दुकानों से ग्राहक जैसे ही सामान लेकर निकलते हैं, उनपर पहले ही ताक लगाए बंदर हमला कर देते हैं और सामान छीनकर छतों पर भाग जाते है। कस्बा निवासी प्रवेश, ओमप्रकाश,नरेश,नरेन्द्र ने बताया कि बंदर खाने की चीजें उठाने के बजाय उनका एंड्रॉयड मोबाइल लेकर भाग गया। इस दौरान खाने की चीजें उसके आगे फेंकने के बाद उसने मोबाइल छोड़ा। महिलाओं पलक,अंजू,अर्चना ने बताया कि वह छतो पर कपड़े सूखाती हैं तो कपड़े फाड़ जाते हैं। अगर महिला या बच्चे घर में अकेले हो तो यह बंदर घर में घुसकर नुकसान पहुंचाते हैं।

इतना ही नहीं बंदरों ने छतों पर रखी पानी की टंकियां के ढक्कन भी तोड़ दिए हैं। इससे उन्हें गर्मी के इस मौसम में पानी की भी समस्या हो जाती है। बंदरों का पूरा झुंड बनकर घूमता हैं।अगर इन्हें कोई रोकना चाहे, तो यह बंदर उन पर हमला भी बोल देते हैं। दिन-रात भारी संख्या में बंदरों का एक झुंड लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है।कई बार नगर पंचायत में बंदरों को पकड़ने के लिए कह चुके हैं लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी देवकीनंदन ने उन्हें बताया कि प्रस्ताव पास कर बंदर व आवारा कुत्तों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

# शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का हुआ सम्मान, विद्यार्थियों ने किए कार्यक्रम

शाह टाइम्स टीम

**शामली।** बेसिक शिक्षा विभाग जनपद शामली द्वारा शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर शिक्षक समारोह कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी वीरेंद्र सिंह व जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान द्वारा आयोजित कार्यक्रम का मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एमएलसी वीरेन्द्र सिंह व जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले 19 शिक्षकों को प्रशस्तिपत्र तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से माद्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा बाल वाटिका हेतु नवाचारों की पुस्तिका उद्गम का विमोचन किया गया जिसका अतिथियों सहित उपस्थित सभी के द्वारा लाइव प्रसारण के देखा गया। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बलिका विद्यालय की 04 अध्यापिकाओं तथा वार्डन को भी प्रशस्ति पत्र तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने उपस्थित शिक्षकों को और अधिक अच्छा कार्य करने हेतु प्रेरित करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में स्कूलों में बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है और एक हमारा समय था। उन्होंने कहा कि गुरु के दर्जा से बड़ा कोई दर्जा नहीं होता। इस अवसर पर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए डिजिटल इंडिया और तकनीकी विकास के मानकों पर आधारित आधुनिक शिक्षा के साथ साथ नैतिक व अनुशासित सीख देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कैराना विकास खंड से 06, शामली से 05, थानाभवन से 03, कांधला से 03, ऊन विकास खंड से 02 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह में बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौड़ ने सभी शिक्षकों को शुभकामना देते हुए बताया कि शिक्षकों का चयन पूर्णत: पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत किया गया था ताकि उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक स्वयं आगे आएं। मंच संचालन एस आर जी सचिन कुमार तथा प्रवीण कुमार शर्मा द्वारा किया गया।कार्यक्रम में पीड़ी प्रेम चन्द,शिक्षा अधिकारी डॉ सविता डबराल, कुमारी प्रिंसी, सुशील कुमार शर्मा, जिला समन्वयक सुशील कुमार, रोहताश, कंप्यूटर ऑपरेटर सचिन तथा अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

### सरकारी स्कूल से राशन चोरी में युवक गिरफ्तार

**झिंझाना।** पुलिस ने चंदन पुरी स्थित एक सरकारी स्कूल से हुई खाद्य सामग्री की चोरी का मामला सुलझाते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया गेहूं भी बरामद किया गया है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सीमा ने 22 अगस्त को थाना झिंझाना में एक तहरीर दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि स्कूल में रखे गेहूं और चावल की खाद्य सामग्री को किसी अज्ञात चोर ने चुरा लिया था। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे संदिग्ध वाहनों की जांच के दौरान मेहरवान निवासी ग्राम केरटू से पूछताछ की गई तो चोरी का मामला सामने आया। उसके कब्जे से स्कूल से चोरी किया गया गेहूं बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की हैं।




### उल्लास से मनाया शिक्षक दिवस समारोह

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक समिति, सद्भावना कल्चरल क्लब एवं रेंजर्स विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो। बृजभूषण ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति व महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा प्राध्यापक गण डॉ. बृजेश कुमार राठी, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. पंकज चौधरी, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. अंकिता त्यागी व डॉ. श्याम बाबू ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।समारोह के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय मेरे जीवन में मेरे शिक्षक का महत्व रहा। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। परिणामस्वरूप जुवेरिया,बी।ए। तृतीय वर्ष प्रथम स्थान पर रहीं। द्वितीय स्थान पर अफ्शा बी।ए। तृतीय वर्ष एवं पलक बी।एस।सी। प्रथम वर्ष ने स्थान प्राप्त किया जबकि तृतीय स्थान पर मुस्कान एवं महविश बीए तृतीय वर्ष रहीं। प्रतियोगिता का संचालन रेंजर्स प्रभारी डॉ। अंकिता त्यागी ने सफलतापूर्वक किया।




**शामली।** शिक्षक दिवस के अवसर पर लायंस क्लब शामली क्राउन ने शहर में एक भव्य एवं प्रेरणादाई सम्मान समारोह मैं प्रतिभाग किया, जिसने न केवल शिक्षकों को गौरवान्वित किया बल्कि विद्यार्थियों के चेहरों पर भी मुस्कान बिखेर दी। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम सत्यनारायण इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित किया गया, जहां शिक्षा, संस्कार और सामाजिक सरोकार का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-C1 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन एके मित्तल रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा शिक्षक ही समाज के वास्तविक निर्माता होते हैं। वे ही छात्रों में ज्ञान, अनुशासन और संस्कार की नींव रखते हैं। यदि शिक्षक सच्चे मार्गदर्शक हों, तो विद्यार्थी निश्चित रूप से सफलता की ऊंचाइयों को छू सकते हैं। लायन एके मित्तल ने आगे कहा कि लायंस क्लब शिक्षा और समाज सेवा को हमेशा प्राथमिकता देता आया है। उन्होंने कक्षा 6 से 12 तक के मेधावी छात्रों को सम्मान चिह्न एवं साइकिल भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार प्रोत्साहित करना ही उनके जीवन में नई ऊर्जा भरने का सबसे सशक्त माध्यम है।

समारोह में सत्यनारायण इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार सहित नगर के कई शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान हेतु सम्मान-पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। सम्मानित शिक्षकों में मुख्य रूप से अनिल कुमार शर्मा प्रधानाचार्य सत्यनारायण इंटर कॉलेज उमेश शर्मा प्रधानाचार्य सत्यनारायण शिशु मंदिर अरुण गर्ग, प्रिया गर्ग, विजय शर्मा, अंजु शर्मा, नीलेश वशिष्ठ, अर्चना वशिष्ठ, डॉ नीरज वशिष्ठ, डॉक्टर मीनल वशिष्ठ, रूमा गर्ग, निधि शर्मा, संदीप जिंदल आदि शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब शामली क्राउन के अध्यक्ष लायन गौरव मित्तल एड. ने की। क्लब प्रवक्ता लायन अंकित जैन ने इस अवसर पर क्लब की विभिन्न गति. विधियों की जानकारी साझा की। समारोह का एक विशेष आकर्षण छात्रों को साइकिल वितरण कार्यक्रम रहा। कई छात्राओं एवं उनके माता-पिता ने स्वयं को गोरवंतिक महसूस किया जब उन्हें मंच से सम्मानित कर साइकिल भेंट की गई। यह न केवल उनका मनोबल बढ़ाने का कार्य था बल्कि उनके भविष्य की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम भी था। समारोह में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, अभिभावक, विद्यार्थी एवं लायंस क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से क्लब के संस्थापक लायन संजय संगल, प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन विनीत गोयल, क्लब सचिव लायन आशीष गोयल, क्लब कोषाध्यक्ष लायन तरुण जैन, क्लब पूर्व अध्यक्ष ऑनलाइन डॉक्टर नीलेश वशिष्ठ, लायन राम गोपाल शर्मा एवं अनेक समाजसेवी एवं शिक्षा प्रेमी लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन लाइन विनीत गोयल जी रहे एवं कार्यक्रम का संचालन अध्यापक सतीश आत्रेय जी द्वारा उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर एकता, सौहार्द और सम्मान का अद्भुत वातावरण देखने को मिला एवं विद्यार्थियों द्वारा अनेकों सुंदर-सुंदर प्रस्तुति का मंचन किया गया। पूरे प्रांगण में गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता और विद्यार्थियों के उत्साह का सुंदर संगम झलक रहा था। यह समारोह न केवल लायंस क्लब शामली क्राउन की सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रमाण था, बल्कि यह भी दर्शाता है कि जब समाज के सभी वर्ग मिलकर शिक्षा और सम्मान को महत्व देते हैं, तो निश्चित ही आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल होगा।

**शामली।** शुक्रवार को गोल्डन वार्ड पब्लिक स्कूल भैंसवाल रोड निकट नई मंडी शामली में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं को सर्व सेवा सम्मान समीति द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें इस अवसर पर समीति के पदाधिकारी शामिल हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रसन्न चौधरी एव नगर पालिका परिषद द्धशामलीऋ के चौयरमैन अरविन्द संगल के द्वारा मति ममता बालियान, मति रुकमणी चौहान, मति अंशु चौधरी मति मनीषा सिंघल मति सोनिया जैन, मति अलका शर्मा मिस स्नेहा तेजान, मान धमेन्द्र चौधरी, मान आकाश मलिक प्रधानाचार्य मान दिव्य प्रभाकर जी, प्रबन्धक महोदय डीद्ग केद्ग चौधरी जी और सर्व सेवा सम्मान समीति के शिक्षक सरदार मंजीत सिंह, यशस्वी पंवार, मोहित बंसल, अजय गर्ग, आदि सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर माननीय सदर विधायक मान प्रसन्न चौधरी ने बच्चों को सर्वपल्ली राधाकृष्णनन जी के जीवन परिचय के विषय में जानकारी दी। साथ ही नगर पालिका परिषद द्धशामलीऋ के चौयरमैन मान अरविंद संगल जी अपने विचारो से अवगत कराया उन्होने बच्चों को बताया कि एक शिक्षक बच्चों के लिए जीवन पर्यन्त कितना संघर्ष करता है। एक बालक के जीवन में शिक्षक की क्या भूमिका है, शिक्षक एक मोमबत्ती की तरह होता है जो स्वयं अपने में सारे कष्ट रहता है और बच्चों को रोशन करता है, इस अवसर पर बच्चों ने विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, विद्यालय की ओर से बच्चो को राखी प्रतियोगिता मेंहदी प्रतियोगिता के पुरस्कार वित. रित किए। जिसमें जियाशी गर्ग, आयुषी ने प्रथम, द्वितीय सृष्टि चौधरी, व तृतीय स्थान प्राप्त किया। आरजू, पायल, आर्यमान ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

समिति के संरक्षक गण सतीश गोयल, सुरेंद्र बंसल, आशु गर्ग, प्रदीप विश्वकर्मा, गिरीश तायल, संस्थापक अध्यक्ष गिरधारी लाल नारंग, सत्र संयोजक अजय गर्ग, संदीप विश्वकर्मा, अध्यक्ष मनुज कांबोज, यशस्वी पंवार, सचिव भूपेन्द्र खन्ना, कोषाध्यक्ष, जगदीश प्रसाद, देवेंद्र धानिया, अनिल कुमार, सरदार मंजीत सिंह, भोरी लाल, मोहित बंसल, दिव्यांश कांबोज, इन सभी ने एक नई उमंग, उल्लास के साथ सभी शिक्षकों का भव्य स्वागत किया , गोल्डन वार्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक दिव्य प्रभाकर, धर्मवीर खोखर ने सर्व सेवा सम्मान समिति के सभी सदस्यों का गर्म जोशी से हार्दिक स्वागत किया।

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाई गई। शुक्रवार को स्कूल के सभागार में भारतरत्न डॉ। सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में बडेघ् हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए बृजेश कुमार ने छात्रों को जीवन में सदैव शिक्षकों से सद्प्रेरणाएं प्राप्त करने के लिए उत्प्रेरित किया एवं स्वतन्त्र भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ। सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उनके जीवन से भी प्रेरणा लेने का आवाह्न किया।

प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने बताया कि शिक्षक छात्रों में केवल ज्ञान व नैतिक आदर्शों को ही संचारित नही करते बल्कि उन्हें सामर्थ्यवान बनाकर एक सु.ढ़ समाज की संरचना एवं एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते है। इस अवसर पर नीटू कुमार, मधुबन शर्मा, अशोक सोम, परितोष कुमार, अंकुर कुमार, ब्रजपाल सिंह, सुभाष चन्द, अरविन्द कुमार, अंकित भार्गव, भूरू कुमार आदि उपस्थित रहे।

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शामली में शिक्षक दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब शामली के अध्यक्ष नवनीत जैन, आकाश गुप्ता व लाइनेस क्लब की अध्यक्ष रश्मि वर्मा, सुनीता आर्या, शिखा गोयल ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। रोटरी क्लब शामली द्वारा शिक्षा के माध्यम से शांति विषय पर कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी छात्राओं ने प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया जिसमें आराध्या चौधरी ने प्रथम, अवनी द्वितीय, कनक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मन्नत, वेदिका वर्मा, ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय की बालिकाओं ने नृत्य, गीत, कविता, नाटक के माध्यम से शानदार प्रस्तुतियां दी। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कविता, गीता, उपासना, मोनिका,नीलम, सुरभि, वंदना, संजीव, संदीप, मोहित, विकास, अमित कुमार उपस्थित रहे।

**झिंझाना।** इंदिरा गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज, सींगरा में पूर्व राष्ट्रपति डॉ। सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य जयकरण अंसल और उप प्रधानाचार्य विजय कुमार अंसल द्वारा डॉ। राधाकृष्णन के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने विद्यालय के सभी शिक्षकों को पटका स्टोल पहनाकर एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र के निर्माता कहे जाने वाले शिक्षकों के त्याग, बलिदान और संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही अपने शिष्यों को ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं और उन्हें देश के भविष्य का निर्माता बनने योग्य बनाते हैं। उप प्रधानाचार्य विजय कुमार अंसल ने गुरु बिना ज्ञान न भवतिष की व्याख्या करते हुए शिक्षक दिवस मनाने के उद्देश्य और इसके माध्यम से प्राप्त होने वाले लक्ष्यों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जयकरण अंसल और उप प्रधानाचार्य विजय कुमार अंसल, शिक्षक यशपाल सिंह, सुनील पंवार, ओपिन कुमार, विनोद कुमार, राम कुमार, ब्रह्म दत्त एवं रमा आदि उपस्थित रहे।

**झिंझाना।** पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ। सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर डी सेंट पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सभी चार हाउसों के कैप्टनों और मॉनीटर्स - पवन दीप, रीतू, आकांक्षा, सगुन, महक, आरती, अवनी, लक्ष्य, सुमित, आर्यन, प्रवजोत और नाहिद ने डॉ। राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इसके साथ ही समस्त विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने डॉ। राधाकृष्णन के जीवन, शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला, जिससे सभी उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से और अधिक परिचित हो सके। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रबंधक आरपी सिंह ने सभी शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने सभी को अपने कर्तव्यों का पालन करने, शिक्षक-छात्र के बीच मर्यादित व्यवहार बनाए रखने तथा धैर्य, साहस के साथ निरंतर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस अत्यन्त उल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कॉलेज की प्रबन्ध समिति की ओर से कॉलेज के समस्त शिक्षक और शिक्षिकाओं को विभिन्न प्रकार के उपहार देकर एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डा। सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के अवसर पर कॉलेज में शिक्षकों के सम्मान में एक भव्य और गरिमा युक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया।शुभारंभ कॉलेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सुशील गर्ग, प्रबंधक राजीव संगल, शिक्षा समिति के अध्यक्ष एनके कंसल, अरविन्द कुमार, राजकुमार, प्रधानाचार्य अनिल शर्मा तथा उमेश शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अपने गुरूजनो का सम्मान करने के लिए कॉलेज के बहुत से छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे। उन्होने विभिन्न प्रकार के गीत, कविताए तथा नृत्य आदि प्रस्तुत करके वातावरण को एक दिव्य स्वरूप में बदल दिया। इस अवसर पर लायन्स क्लब की ओर से लायन एके मित्तल, संजय संगल, गौरव मित्तल, तरूण जैन, नीलेश वशिष्ठ ने मेधावी छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह तथा साईकिल आदि प्रदान कर सम्मानित किया।

**शामली।** शुक्रवार को दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट रजि ने शिक्षक दिवस को धूमधाम से मनाया। इस दौरान निस्वार्थ योग शिक्षकों का भव्य स्वागत किया। इन शिक्षकों ने शामली क्षेत्र में हजारों योग साधकों को शिक्षा प्रदान की है। संस्थान के अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट शामली से हजारों लोग योग साधना आध्यात्मिक, सामाजिक, शारीरिक, मानसिक स्थितियों में लाभान्वित हुए है। सभी योग साधकों ने योग शिक्षकों का पटका पहना कर स्वागत किया और शिक्षकों ने संकल्प लिया संस्थान के मार्गदर्शन में सदैव निस्वार्थ मानव सेवा प्रदान करते रहेंगे। प्रचार मंत्री कविता गुप्ता ने कहा वैसे तो जीवन में हर प्रकार के गुरु की महिमा है लेकिन एक टीचर इस प्रकार से सेवाएं प्रदान करता है जैसे अच्छी सड़के यात्रियों की यात्रा को सरल बना देती हैं। दीपक अपने प्रकाश से दूसरों को प्रकाशित करता है, लेकिन स्वयं जलता है। इस अवसर पर अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, ऋषिपाल गोयल, सरवन संगल, अजय शर्मा, कविता गुप्ता, शिक्षाशर्मा, अरविंद मलिक, सुभाष चंद्र शर्मा, राजेश गुलाटी, रामकुमार, घनश्याम, कांकरवाल, उषा सिंह, रेखा शर्मा आदि मौजूद रहे।

**शामली।** शिक्षक दिवस के अवसर पर कैराना रेंज के अंतर्गत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में वृक्षारा. ेपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय शामली में छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुओं के नाम पर एक-एक पौधा रो. पित किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगणों के साथ वन विभाग के रेंज अफसर राजेश कुमार, वन दरोगा वंश मालिक व अशोक कुमार, वन रक्षक शताक्षी मित्तल, विक्रांत ढाका और मती पूजा का विशेष सहयोग रहा। इसी क्रम में इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल, बीबीपुर जलालाबाद में भी 'गुरु के नाम एक पौधा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम प्रधानपति दिनेश कुमार तथा विद्यालय के अध्यापकगण तरुणा और कुलदीप सिंह ने पौधारोपण कर शिक्षक दिवस को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा।

शामली
















# आस्था नर्सिंग होम पर हरियाणा से आई टीम ने की छापामारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शुक्रवार को शहर के करनाल रोड़ स्थित आस्था नर्सिंग होम पर हरियाणा से आई टीम ने छापेमारी की। टीम के साथ शिकायतकर्ता महिला भी थी, जिसके द्वारा एमपीटी किए जाने का आरोप लगाया गया है। सीएमओ के आदेश पर पीसीएनडीटी नोडल डा। अतुल बंसल ने भी हॉस्पिटल जाकर जांच की है।



शुक्रवार को हरियाणा के करनाल की स्वास्थ्य विभाग की टीम शामली पहुंची। टीम ने शहर के झिंझाना रोड़ स्थित आस्था नर्सिंग होम में एमटीपी होने की जानकारी दी। डीएम के आदेश पर सीएमओ डा। अनिल कुमार ने पीसीएनडीटी नोडल डा। अतुल बंसल को हरियाणा से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ जांच करने के लिए भेजा। जहां टीम ने हॉस्पिटल के रजिस्टर चौक किए और चिकित्सकों के बारे में जानकारी ली।

टीम ने हॉस्पिटल के स्टाफ से भी पूछताछ की है। पीसीएनडीटी नोडल डा। अतुल बंसल ने बताया कि सीएमओ के निर्देश पर वह हरियाणा की टीम के साथ पहुंचे है। जिनको शिकायत की गई है कि हॉस्पिटल में एमटीपी हुई है। हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन डॉक्टर पल्लवी धामा के नाम से है। हॉस्पिटल में सर्जन डा। हर्ष ऑन कॉल आते है जिन्होने आज सीजर किया है। इसके अलावा डा। साईस्ता भी ऑन कॉल है। अस्पताल में जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## महिलाओं को किया जागरूक

**झिंझाना।** मां सरस्वती बालि. का महाविद्यालय में श्उड़ान प्रोजेक्टश के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी सैकड़ों महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नोरा बेनीवाल ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया।

समूह की महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित कान्हा जी की ड्रेस, बेडशीट, कुशन आदि की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। परियोजना अधिकारी प्रेमचंद ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के बारे में महिलाओं को जानकारी देते हुए उन्हें इसके लाभों से अवगत कराया।

कार्यक्रम में एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी, परियोजना अधिक. ारी प्रेमचंद के अलावा कॉलेज के प्रबंधक सचिन बालियान, प्राचार्या डॉ। कुमुद शर्मा, संजीत मान, प्रिया तथा ग्राम प्रधान देवेंद्र तोमर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# संस्कृति महोत्सव में दिखाई प्रतिभा

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों की विभागीय संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अम्बेहटा सहारनपुर में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में शामली के छात्र-छात्राओं अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया। अंताक्षरी शिशु वर्ग रामायण की चौपाई में अदिति शर्मा, वाणी, अनन्या, संस्कृति प्रश्न मंच अविराज रुहेला, शगुन सहरावत, अनंत शर्मा, विज्ञान प्रश्न मंच वारिशा रोहिला, अक्षित कुमार, हर्षवर्धन, वैदिक गणित प्रतियोगिता में रत्नेश कुमार, उर्वशी चौधरी, अनन्या शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बाल वर्ग में संस्कृत प्रश्न मंच में देव कुमार, आदित्य मंगल, आयुष्मान, वैदिक गणित प्रतियोगिता में अंशिका चौधरी, पुरुषोत्तम निहाल, विज्ञान प्रश्न मंच में हनी चौधरी, नितिन कुमार, मयंक शर्मा, अंताक्षरी रामायण की चौपाई में वंशिका वर्मा,



हंसराज वर्मा, उत्कर्ष जांगिड़, मूर्तिकला में रौनक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान मॉडल में अयान तथा मिताली चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गीत प्रतियोगिता में अनंत शर्मा ने तथा कथाकथन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय लौटने पर सभी बच्चों को सवगत किया गया। प्रधानाचार्य संजय सैनी ने विज. ेता बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। बताया कि विज्ञान तथा गणित प्रतियोगिता के बच्चे 8 तथा 9 सितंबर को होने वाली प्रांतीय प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर नोएडा जाएंगे। संस्कृति प्रशनमंच अंताक्षरी रामायण की चौपाई तथा मूर्ति कला के प्रतिभागी 12 तथा 13 सितंबर को होने वाली प्रांतीय प्रतियोगिता हेतु सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज साहिबाबाद में प्रतिभा करेंगे। मौके पर रामकुमार, शिवकुमार धीमान, राजीव शर्मा, रितु शर्मा, नीरज, मोनिका सैनी, प्रवेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## साइड लगने को लेकर ईंट भट्टा मुनीम से मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** कस्बे के रेलवे मार्ग पर बाइक की साइड लगने को लेकर एक युवक ने भट्टा मुनीम के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया पीड़ित मुनीम ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपी बाइक सवार के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव झाल निवासी पप्पन पुत्र धर्मवीर थाना क्षेत्र के गांव भारसी ईंट भठे पर मुनीम है। शुक्रवार को मुनीम बाइक पर सवार होकर कस्बे की दोनों नहरों के बीच चाट की दुकान से समोसे खरीदने के लिए आया हुआ था और समोसे खरीद कर वापस जा रहा था। पीड़ित के अनुसार जैसे ही वह बड़ी नहर पुल के समीप पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रही बाइक सवार की साइड लग गई साइड लगने का मुनीम ने विरोध किया तो आरोप हैं बाइक सवार ने हाथों में पहने हुए लोहे के कड़े से पीड़ित मुनीम के सर में हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शौर शराब होने पर आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पीड़ित मुनीम ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी बाइक सवार के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस तलाश में जुटी हुई है।



# नलकूपों पर चोरी के प्रकरण में मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** एक दिन पूर्व झाड़खेड़ी के जंगल में किसानों के नलकूपों पर हुई चोरी के प्रकरण में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

विगत बुधवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने कैराना बाहर हदूद संख्या-2 में गांव झाड़खेड़ी के जंगल में स्थित किसानों के नलकूपों पर धावा बोल दिया था। चोरों ने कस्बे के मोहल्ला आलकलां निवासी किसान राजवीर सिंह के खेत पर बने कमरे में सेंध लगाकर करीब 25 मीटर विद्युत केबिल व स्टार्टर की पत्तियां चोरी कर ली थी। वहीं, किसान सोनीपाल के खेत से विद्युत केबिल, स्प्रे मशीन व यूरिया खाद के दो बैग, मोहल्ला टीचर्स कॉलोनी निवासी किसान राजपाल के खेत से चारा काटने की मशीन से विद्युत मोटर, केबिल व स्प्रे मशीन तथा झाड़खेड़ी निवासी किसान कृष्ण के खेत से विद्युत केबिल चोरी कर लिया था। किसानों को गुरुवार प्रातः खेत पर पहुंचने पर चोरी की घटना का पता चला था। पुलिस रिस्पांस व्हीकलद्धपीआरवीऋ पर तैनात पुलिसकर्मियों व तीतरवाड़ा चौकी प्रभारी एसआई विपिन शर्मा ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई थी। वहीं, कोतवाली पुलिस ने किसान सोनीपाल की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर दम्पति व पुत्री को पीटा, मुकदमा

**कैराना।** विगत गुरुवार शाम करीब चार बजे वह पड़ोस में गई थी। उसकी दस वर्षीय पुत्री जोया घर पर अकेली थी। इसी दौरान गांव के ही आसिफ व उसकी पत्नी मुन्नी तथा शब्बों लाठी-डंडों से लैस होकर उसके घर के अंदर घुस आए तथा वहां मौजूद उसकी पुत्री जोया के साथ में गाली-गलौच करने लगे। जब उसने ऐसा करने से मना किया तो आरोपियों ने उसके ऊपर हमला कर दिया। आरोपियों के हमले में उसकी पुत्री का हाथ टूट गया। चींख-पुकार सुनकर वह और उसका पति मुरसलीन घर पर पहुंचे तथा आरोपियों का विरोध किया। इस पर आरोपियों ने उनपर भी हमला करते हुए मारपीट करके घायल कर दिया। वहीं, पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत अभियोग दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### फसल अवशेष जलाने पर अंकुश लगाने के लिए अनुश्रवण सेल का गठन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने खरीफ मौसम में फसल अवशेष जलाने से उत्पन्न प्रदूषण की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाए हैं। इसी के तहत जनपद स्तर पर एडीएम की अध्यक्षता में अनुश्रवण सेल का गठन किया गया है। सेल में अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी एवं क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। जिला कृषि अधिकारी को अभिलेखीय कार्यवाही एवं सचिव का दायित्व सौंपा गया है। यह सेल धान एवं गन्ना कटाई से लेकर गेहूं की बुवाई तक प्रतिदिन फसल अवशेष जलाने की घटनाओं की समीक्षा कर कार्यवाही की रिपोर्ट शासन को भेजेगा। कृषि एवं गन्ना विभाग के कार्मिकों को गांव स्तर पर किसानों को फसल अवशेष न जलाने के लिए जागरूक करने तथा इसके दुष्परिणामों की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जनपद के विद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों के माध्यम से भी जनजागरण अभियान चलाया जाएगा, ताकि किसानों को प्रदूषण के खतरों से आगाह किया जा सके।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** थाने पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नगर के मुख्य चौक,बाजारों, प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पहुंचकर महिलाओं को जागरूक किया। इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी और सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानक. ारी दी। महिला हेड कांस्टेबल मिथलेश ने मौके पर मौजूद महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या या छेड़छाड़ की स्थिति में महिलाएं तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 और 1098 पर संपर्क कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि ए हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे महिलाओं की सुरक्षा के लिए सक्रिय रहते हैं। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना और समाज में उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस मौके पर महिला पुलिसकर्मी ने कई महिलाओं को पंपलेट भी बांटे और उन्हें जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने भी महिला पुलिसकर्मी की इस पहल की सराहना की और भरोसा जताया कि इस प्रकार के अभियान से समाज में महिलाओं का आत्मविश्वास और बढ़ेगा।

### हादसे के बाद अज्ञात में मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** कस्बे के किवाना मार्ग पर चार दिन पूर्व कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी 25 वर्षीय आलम पुत्र शब्बीर का शव मिला था। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा भरकर कर पीएम के लिए भेज दिया था। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया था। मृतक युवक का शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया था। मामले में मृतक युवक के परिजनों ने शुक्रवार को थाने पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं दूसरी और कस्बे के नई बस्ती निवासी इलियास पुत्र शरीफ ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसका पुत्र फुरकान तीन दिन पूर्व अपने मोटरसाइकिल के रेहड़े में सवार होकर जसाला की ओर जा रहा था। इसी बीच एक ट्रक चालक ने पीड़ित के पुत्र के रेहडे में टक्कर मार दी थी। जिससे पीड़ित का पुत्र घायल हो गया था, जबकि पीड़ित के पुत्र के बराबर में चल रहे बाइक सवार असलम व अयान निवासी पलठेडी भी घायल हो गए थे। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### रंजिश के चलते मारपीट करने पहुंचे महिला परुषों का वीडियो वायरल

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी में युवती भागने को लेकर चल रही रंजिश के चलते शुक्रवार को दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई एक व्यक्ति ने आधा दर्जन से अधिक महिला, पुरुषों को उसके घर पर पहुंचकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को वीडियो फुटेज एवं तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी निवासी मोनू कुमार पुत्र दयाराम ने बताया कि कई महा पूर्व उसके पड़ोस का युवक मनीष उसके भाई की साली को लेकर फरार हो गया था। पीड़ितों के द्वारा थाने पर अभियोग दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की गई थी। पीड़ित का आरोप है कि उसके पड़ोसी तभी से पीड़ित सहित उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। पीड़ित का आरोप है कि रंजिश के चलते आरोपी अपने परिवार के आधा दर्जन से अधिक महिला,पुरुषों के साथ पीड़ित के घर पर पहुंचा और हथियारों से हमला बोल दिया। पीड़ित ने आरोपियों के द्वारा की गई हरकत का वीडियो अपने मोबाइल में बना लिया पीड़ित व्यक्ति ने थाने पहुंचकर आधा दर्जन से अधिक महिला,पुरुषों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर पुलिस को वीडियो फुटेज के आधार पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति को जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



# घर में घुसकर पडोसियों से मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में मामूली विवाद को लेकर मारपीट हो गई एक व्यक्ति ने चार लोगों पर उसके घर में घुसकर पीड़ित सहित उसके परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी सलेंक चंद ने बताया कि उसके पड़ोसी पीड़ित व उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। आरोप है की विगत गुरुवार की दोपहर को पीड़ित अपने परिवार सहित घर पर बैठा हुआ था। तभी उसके पड़ोसी फिरोज,मुस्कान, शेर एवं फारूक हाथों में लाठी डंडे और धारदार हथियार लेकर घुस गए। और जमकर मारपीट की आरोपियों ने उसकी पत्नी शिक्षा व भाभी छोटी पत्नी सिकंदर बीच बचाव करने लगी तो उनके साथ भी लाठी डंडों से जमकर मारपीट की। शोर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित व्यक्ति ने पीड़ित सहित अपने परिवार की महिलाओं का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर चारों आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए सभी हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# उत्तम आकिंचन धर्म पर केंद्रित रहा मुनिराज विव्रत सागर जी का प्रवचन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में चल रहे दशलक्षण महापर्व के अंतर्गत नौवें दिन 108 विव्रत सागर मुनिराज का प्रवचन उत्तम आकिंचन धर्म पर केंद्रित रहा। मुनिराज ने कहा कि केवल वस्तुओं का त्याग करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि त्याग के प्रति उत्पन्न राग का त्याग करना ही सच्चा त्याग है। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने समझाया कि मनुष्य अक्सर दान या त्याग करते समय प्रशंसा और यश की अपेक्षा रखता है, जो त्याग के शुद्ध स्वरूप को नष्ट कर देता है। मुनिराज ने उदाहरण देते हुए कहा कि मंदिरों में दान पर नाम लिखवाना, आरती के फ्लेक्स पर फोटो और नाम छपवाना, या होटल के बुके को अपने नाम से प्रस्तुत करना, त्याग का नहीं बल्कि अहंकार का भाव है।



मुनिराज ने कहा कि आकिंचन धर्म आत्मा की शुद्धि की ओर ले जाता है। आत्मा के अतिरिक्त सब कुछ क्षणभंगुर है। वस्तु का त्याग करने से पहले उसके राग का त्याग करना अनिवार्य है, अन्यथा और अधिक कषाय उत्पन्न होती है। उन्होंने त्याग को अधूरा अपनाने की तुलना 80 प्रतिशत डाउनलोड हुए सॉफ्टवेयर से की। जो जगह तो घेरता है लेकिन काम नहीं करता। प्रवचन के दौरान उन्होंने श्रोताओं को आत्मनिरीक्षण कर त्याग के प्रति अपनी आसक्ति से मुक्त होने का संद. ेश दिया और कहा कि यह कटु सत्य उसी प्रकार है जैसे कड़वी दवा जो त्याग के राग का बुखार उतारने के लिए आवश्यक है। इस दौरान शिक्षक दिवस पर साधु सेवा समिति द्वारा समाज के 25 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मौके पर सलेक चंद जैन, भूषण लाल जैन, डा। अनिता जैन, संजीव जैन, प्रीति जैन, डीके जैन, महेश चंद जैन, प्रवीन जैन, सपना जैन, नवकार जैन, अनिल जैन, मनी जैन, अर्पित जैन, रोहित जैन, मोहित जैन आदि मौजूद रहे।

# रालोद कार्यालय में बैठक कर बनाई रणनीति

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शुक्रवार को शहर के भैंसवाल रोड़ स्थित रालोद कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सदस्यता अभियान प्रभारी अरुण सिंह भुल्लन और संजय पनवाड़ी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि संजय पनवाड़ी ने कहा कि सदस्यता अभियान संगठन की आत्मा है। यदि कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से जुट जाए तो राष्ट्रीय लोकदल हर वर्ग के बीच नई ऊर्जा के साथ खड़ा होगा। अरुण सिंह भुल्लन ने कहा कि संगठन की मजबूती तभी संभव है। जब हर कार्यकर्ता कम से कम 25 नए सदस्य बनाए। यह अभियान जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ना चाहिए। सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि जनता बदलाव चाहती है और राष्ट्रीय लोकदल ही किसानों, युवाओं व आम जनता की सच्ची आवाज है। सदस्यता अभियान के जरिए पार्टी की ताकत और बढ़ेगी। पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस ने कहा कि रालोद किसानों और मजदूरों की पार्टी है। इसे हर गली गांव तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं का दायित्व है। बैठक में जिलाध्यक्ष वाजिद अली, विजय कौशिक, धर्मवीर चेयरमैन बनत, रजनीश कोरी, विकास धीमान, राजन जावला, ब्रजवीर एडवोकेट, अमित कुमार, शशि वर्मा, लबनान चौधरी, बाबूराम पंवार, राजेंद्र वर्मा, अजब सिंह, सनोज चौधरी, योगेश भभीसा, अब्दुल गफ्फार, अरविंद पंवार, सोहनपाल कसेरवा, आशुतोष पंवार, डा। मुबारिक अली आदि मौजूद रहे।



# सत्संग और भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**गढ़ीपुख्ता।** गांव हथछोया स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास आश्रम में तीसरे आध्यात्मिक अवसर पर सत्संग एवं भंडारे का आयोजन धूमधाम से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महंत आचार्य कंवरपाल सिंह महाराज ब्रह्मचारी एवं जगत दास महाराज मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु रविदास कमेटी के सदस्यों द्वारा संत शिरोमणि रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस मौके पर महंत आचार्य कंवरपाल सिंह महाराज ब्रह्मचारी व जगत दास महाराज का भव्य स्वागत बग्गी में रथयात्रा निकालकर किया गया, जिसमें डोल-नगाड़ों के साथ बस स्टैंड से मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई। महंत आचार्य कंवरपाल सिंह महाराज ने प्रवचन में कहा कि संतों के दर्शन मात्र से मानव के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। संत परमात्मा का रूप होते हैं, जो उनके संदेश को जनमानस तक पहुंच. ाते हैं। विनय रतन सिंह ने कहा कि ह्मनुष्य को नशे से दूर रहना चाहिए और बाबा साहेब डॉ। भीमराव आंबेडकर के बताए मार्ग पर चलते हुए शिक्षित एवं संगठित बनना चाहिए। मौके पर महात्मा जगत दास, सतबीर दास, प्रेम दास, ब्रजपाल दास, हरबीर दास, गुरुचरण कटारिया, परविंदर धारिया, ग्राम प्रधान देवेंद्र तोमर, सुभाष, रवि एडवोकेट मौजूद रहे।

## चोरों ने झाड़खेड़ी में मकान में की चोरी

**कैराना।** अज्ञात चोरों ने गांव झाड़खेड़ी में ग्रामीण के घर में घुसकर नकदी व जेवरात चोरी कर लिए। मामले की सूचना पर फॉरेंसिक टीम ने गांव में पहुंचकर घटना से जुड़े साक्ष्य एकत्र किए। वहीं, पुलिस चोरी की घटना को संदिग्ध मानकर चल रही है।

गुरुवार रात अज्ञात चोरों ने क्षेत्र के गांव झाड़खेड़ी में शब्बीर के घर में घुसकर चोरी कर ली। आरोप है कि घर के अंदर कमरे में रखी अलमारी से 20-25 हजार रूपए की नकदी व सोने-चांदी के जेवरात चोरी किए गए है। घटना के वक्त शब्बीर के पुत्र हारुण, फारुख व मारूफ ऊपर कमरों में सोए थे, जबकि शब्बीर की पत्नी वहीदा मकान के आंगन में सोई थी। सुबह चार बजे परिवार के लोगो को चोरी की घटना की जानकारी हुई, जिस पर उन्होंने पुलिस को मामले की सूचना दी।

# वार्षिक रथयात्रा महोत्सव संध्या का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** जैन संत विव्रत सागर महाराज व विश्वार्थ सागर महाराज के सानिध्य में 10 सितम्बर को वार्षिक रथयात्रा महोत्सव एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। रथयात्रा मौहल्ला धर्मपुरा स्थित दिगम्बर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से निकाली जाएगी।

शुक्रवार को मौहल्ला धर्मपुरा स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति के पदाधिकारी सचिन जैन भगतजी ने बताया कि जैन संत विव्रत सागर महाराज व विश्वार्थ सागर महाराज के सानिध्य में 9 सितम्बर को जैन धर्मशाला में शाम 7 बजे सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दिल्ली की तपोवन आर्ट ग्रुप के कलाकारों द्वारा कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। 10 सितम्बर को मौहल्ला धर्मपुरा स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से वार्षिक रथयात्रा महोत्सव का आयोजन होगा। सुबह 10 बजे मंदिर से रथयात्रा का शुभारंभ होगा जो शहर के विभिन्न मार्गों से निकाली जाएगी। रथयात्रा में बाहर से आए बैंड बाजे, सुंदर एवं आकर्षक झाकियां, भजन मंडली शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि शामली में तीन जैन मंदिर है, इस बार आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा का शहर में जगह-जगह भव्य स्वागत भी किया जाएगा। जी के रथ के पात्रों का चयन बोलियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष संतोष जैन, दीपक जैन, अनुज जैन, प्रवीण जैन, अंकित जैन, सचिन जैन, अरूण जैन, गौरव जैन, अजय जैन, अनिल जैन, राजेश जैन मौजूद रहे।

# मां शाकुंभरी मंदिर अठे वाले में डमरू वादन आरती का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के पुरानी सब्जी मंडी स्थित मां शाकुंभरी देवी मंदिर आठे वाला में गणेश सेवा मंडल द्वारा गणेश चतुर्थी के मौके पर गणेश महोत्सव में शुक्रवार को डमरू वादन आरती की गई, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में शहर तथा आसपास क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। शहर के पुरानी सब्जी मंडी स्थित आठे वाला मंदिर में शुक्रवार को गणेश चतुर्थी के मौके पर गणेश की पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना पं। अनुराग शर्मा ने संपन्न कराई। कार्यक्रम के यजमान सदर विधायक प्रसन्न चौधरी रहे। पंडित शिवम शर्मा ने बताया कि पूरे नौ दिन तक भगवान की सुबह व शाम के समय भव्य आरती का आयोजन हो रहा है। शुक्रवार को दोपहर के समय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें शहर तथा आसपास देहात क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। शनिवार 6 सितम्बर को सुबह पूजा अर्चना व दोपहर 1 बजे भगवान गणेश विसर्जन की शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर पंडित प्रदीप शर्मा, पंडित शिवम शर्मा, आकाश गर्ग उर्फ सागर, हिमांशु गर्ग, विनीत नामदेव, शिवम गर्ग, अमन गर्ग, अजय गुप्ता, सौरभ गुप्ता, रोहित, मोहित कंबोज आदि मौजूद रहे।



# कच्चे मकान की भरभराकर छत गिरने से मलबे के नीचे दबा परिवार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** कच्चे मकान की भरभराकर छत गिर जाने के कारण सो रहा परिवार मलबे के नीचे दब गया। चीख पुकार की आवाज सुन मौके पर पहुंचे लोगों ने मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। गनीमत रही की कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। पीडित परिवार ने सरकार से पक्का मकान बनवाए जाने की गुहार लगाई है।



कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरलकी निवासी मुकुट अपनी पत्नी संगीता, बेटा विशेष, गगन और बेटी स्वाति के साथ गुरुवार की रात अपने कच्चे मकान के भीतर सो रहा था। कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण कच्चे मकान की छत देर रात अचानक भरभराकर जमींदोज हो गई। जिसके मलबे में पूरा परिवार दब गया। छत गिरने और चीख पुकार की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने बमुश्किल मलबे में दबे परिवार के सभी सदस्यों को बाहर निकाला। गनीमत रही की कोई जानी नुकसान नहीं हुआ हालांकि मलबे में दब जाने के कारण परिवार के सभी सदस्य घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों द्वारा एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

पीड़ित परिवार ने शासन प्रशासन से पक्का मकान बनवाए जाने की गुहार लगाई है।

ग्राम प्रधान राजवीर का कहना है कि मुकुल समेत गांव के सात पात्र लोगों का प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत फार्म भर रखा है। जैसे ही पैसा आएगा इनके मकान पक्के बनवा दिए जाएंगे।

# दुष्कर्म व मोबाईल छीनने के आरोपियों को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म और मोबाइल छीनने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस के मुताबिक बन्हेड़ा खास गांव निवासी दिलबहार ने 27 अगस्त को एक व्यक्ति को आतंकित कर मोबाइल छीना था। मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया। वहीं, चार अगस्त को युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे थाना तीतरो के माधोपुर निवासी आरोपी आशीष को देव. बंद-बरला मार्ग से गिरफ्तार किया है। उधर, पुलिस ने मोहल्ला पठानपुरा निवासी मोहम्मद आजम को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ रुड़की कोर्ट से रिकवरी वारंट जारी हुआ था।

# बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए संगठन आए आगे

## मजलिस इत्तेहाद-ए-मिल्लत ने की प्रभावित लोगों के लिए मदद की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पंजाब में भयंकर बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए हर वर्ग के लोग सामने आ रहे है। क्षेत्र से भी विभिन्न संगठनों ने पंजाब में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए फूड पैक के अलावा अन्य जरूरी सामान भेजा हैं। मजलिस इत्तेहाद-ए-मिल्लत की आयोजित बैठक में पंजाब हरयाणा उत्तराखंड उत्तरप्रदेश आदि प्रदेशो में बाढ़ से प्रभावित लोगो के लिए दुआ करने के बाद उनकी हर संभाव मदद करने की अपील की। मजलिस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तारिक कासमी ने कहा कि ऐसे समय में हम सबका कर्तव्य बनता हैं कि प्रभावित लोगो की मदद करने के लिए आगे आना चाहिए।




समाजसेवी संस्था एए एजुक. ेशनल सोसाइटी ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री भेजने का काम किया। सोसाइटी के चेयरमैन फारूक नंबरदार ने बताया कि पंजाब में आई प्राकृतिक आपदा ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। ऐसे में हमारा कर्तव्य बनता है कि वहां के बाढ़ प्रभावित लोगों की हर संभाव सहायता करनी चाहिए। सामा. जिक व धार्मिक संगठनों के अलावा प्रत्येक संपन्न व्यक्ति को पंजाब के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। बताया कि संस्था द्वारा फूड पैक के अलावा अन्य जरूरी सामान पंजाब भेजा जा रहा है। बताया कि आगे भी यह मदद जारी रहेगी।

वहीं, गुरुद्वारा साहिब पनियाली कासिमपुर के सेवादार बाबा रणजीत सिंह ने बताया कि बाढ़ की वजह से पंजाब राज्य को बेहद नुकसान पहुंचा है। बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए लोगों से अपील की गई थी, जिसके चलते अनेक गांवों के लोगों ने घर घर जाकर राहत सामग्री इकट्टा करने का काम शुरु किया है। जल्द ही राहत सामग्री पंजाब के लिए रवाना की जाएगा। दिवालहेड़ी गांव से भी बाढ़ पीडितों के लिए इकट्टा की गई खाद्य सामग्री पंजाब के लिए भेजी गई है।

# शैक्षणिक संस्थाओं में मनाया गया सर्वपल्ली डा. राधकृष्णन का जन्मदिन, शिक्षकों को किया सम्मानित

**देवबन्द।** शैक्षणिक संस्थाओं में पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न डा. राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाई गई। विद्यार्थियों ने कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ शिक्षकों को पुष्प गुच्छ एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद दिया।








मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित मेपल्स एकेडमी प्रागण में डा. सर्वपल्ली रामकृष्णन का जन्मदिवस शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षको के प्रति सम्मान व कृतज्ञाता प्रकट करते हुए शानदार प्रस्तुतियां दी। प्रधानाचार्य एवं प्रबंध समिति द्वारा डा. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रजव्वलित कर करने के उपरांत प्रधानाचार्य डा. चित्रा जोशी ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें उनसे प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ना हैं। क्योंकि शिक्षक समाज मार्गदर्शक होते हैं। हमें सदैव इसका ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षको को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संजय गर्ग मानू सिंघल उत्कर्ष वत्स, नीलम सिंघल, सिम्मी मखीजा लवी त्यागी, शताक्षी त्यागी, महविश आदि स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

इण्डस्ट्रीयल स्टेट स्थित दून वैली पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रबंधक श्रीमति सुमन सिंघल, प्रधानाचार्य श्रीमति सीमा शर्मा क्वालिटि हैड श्रीमति अर्चना शर्मा, मौहम्मद आजम ने संयुक्त रूप से सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पार्चन करने के साथ ही विद्यार्थियों ने अतिथियों एवं अध्यापको का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न मनोरंजक खेल, प्रेरणास्पद कविताएं, भाषण व नाटिकाओं का मंचन कर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य डा. सीमा शर्मा, अर्चना शर्मा, हरदीप सिंह व तनुज कपिल ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण की सबसे मजबूत नींव होते है। उन्होने कहा कि शिक्षको का सम्मान करने वाला छात्र ही अपने लक्ष्य को प्राप्त करता हैं। सहारनपुर हाईवे स्थित सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के संरक्ष हरिसिंह सैनी ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर किया। प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सैनी ने कहा कि शिक्षक ज्योति स्वरूप है, जो समाज को प्रकाश रुपी ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होने कहा कि समाज की प्रगति में शिक्षको का महत्वपूर्ण योगदान होता हैं। कार्यक्रम में शिव कुमार सैनी श्रीमति अनीता सैनी, श्रीमति वंदना ध्रूव, श्रीमति सुनिता चौधरी, राजीव शर्मा, सुनिता तोमर, सपना गुप्ता गुलनाज, मौहम्मद मुर्सलीन, देवेंद्र कुमार आदि स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा। कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल तल्हेड़ी बुजुर्ग में शिक्षक दिवस पर केक काटा गया और छात्रों ने शिक्षकों का पुष्प गुच्छ और उपहार भेंट कर अभिनंदन किया। प्रबंधक प्रमोद त्यागी व प्रधानाचार्य रेनू शर्मा ने छात्रों से माता पिता व गुरुजन के बताए मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया। राष्ट्रदेव इंटरनेशनल एकेडमी तल्हेड़ी बुजुर्ग में छात्र-छात्राओं ने सुंदर प्रस्तुतियां दी। प्रधानाचार्य शिवानी अग्रवाल व उप प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षक ही बच्चों का भाग्य निर्माता होते हैं। इसलिए गुरु का सम्मान कर उनका मार्गदर्शन लेना चाहिए। एचएवी इंटर कालेज में प्रधानाचार्य हेम सिंह ने छात्रों से सदैव अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धावान एवं समर्पित होने का आह्वान किया।



देवबन्द। शिक्षको ने केक काटकर मनाया शिक्षक दिवस छाया: शाह टाइम्स

# आपदा से बचाव के लिए किया गया यज्ञ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** देश में आई आपदा से बचाव एवं अमन व शांति के लिए यज्ञ का आयोजन कर देश वासियों की सुरक्षा व आपदा से प्रभावित लोगो की रक्षा की कामना की।

> श्री बालगिरी महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित सामाजिक संस्था विशाल सैनी समिति एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रुप से की लोगो की रक्षा की कामना

नगर के श्री बालगिरी महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित सामाजिक संस्था विशाल सैनी समिति एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रुप से देश में आई आपदा से बचाव और अमन शांति के लिए यज्ञ किया और सामूहिक रुप से लोगों ने ईश्वर से देश और देशवासियों की सुरक्षा और देश में आ रही आपदा से लोगों की रक्षा की कामना करते हुए भगवान भोलेनाथ का नमो ओंकार मंत्र का जाप कर यज्ञ में आहुति दी। पंडित अश्विनी शर्मा ने यज्ञ को पूर्ण कराया। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता, विशाल सैनी समिति के अध्यक्ष राजू सैनी राममोहन सैनी, राजेश अनेजा, डॉ. सुरेंद्र धीमान, बलवीर सैनी, राहुल शर्मा, आदेश सैनी, मांगेराम सैनी, अमरनाथ सैनी आदि मौजूद रहे।

# उत्तम आकिंचन धर्म की विशेष पूजा अर्चना

**देवबन्द।** दशलक्षण पर्व के नौवें दिन जैन मंदिरों में उत्तम आकिंचन धर्म की विशेष पूजा अर्चना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नौवें अध्याय के 46 अर्ध्य चढ़ाए।



श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सरागवाड़ा में शुक्रवार को सर्वप्रथम श्री 1008 पुष्पदंत भगवान की प्रतिमा का अभिषेक और शांतिधारा कर पूजा अर्चना प्रक्षाल की गई। शांतिधारा का सौभाग्य अंकित जैन के परिवार को प्राप्त हुआ। आचार्य 108 अरुण सागर महाराज ने कहा कि परिवस्तुओं का त्याग कर आत्मा के प्रति समर्पित होना ही उत्तम आकिंचन धर्म हैं। बाहरी परित्याग के बाद भी मन में मैं और मेरे पन का भाव निरंतर चलता रहता है जिससे आत्मा बोझिल होती है। संसार में कोई भी वस्तु आजीवन किसी के लिए नहीं हो सकती। इसलिए मनुष्य को तीर्थकरों की वाणी पर ध्यान देते हुए उनकी भक्ति करना चाहिए। मनुष्य उत्तम आकिं. चन के मार्ग पर चलकर ही मोक्ष प्राप्त कर सकता है। इस मौके पर प्रतीक जैन, शशांक जैन, सतीश जैन, विनय जैन, शुभम जैन, पारूल जैन, अदिति जैन, आस्था जैन, अंजू जैन, शशि जैन, सुनीता जैन व अक्षय जैन आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों व कर्मचारियों ने रखा सामूहिक उपवास

## एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण से केवल पूंजीपतियों को लाभ: चंद्रहास सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** पुरानी पेंशन वाली की मांग को लेकर अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर द्वारा राष्ट्रीय आह्वान पर जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव के संचालन में सामूहिक उपवास इंदिरा बाल भवन बिजनौर में आयोजित हुआ।



इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण से केवल पूंजीपतियों को लाभ मिलेगा। एनपीएस-यूपीएस ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पेंशन के नाम पर ठगने का कार्य किया है। पुरानी पेंशन में ही देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित है। जिसके लिए अंत तक संघर्ष जारी रहेगा। 25 नवंबर को यूपीएस-एनपीएस एवं निजीकरण के विरोध में देश के शिक्षक एवं कर्मचारी दिल्ली कूच करेंगे। मंडलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन व्यवस्था सरकार को बहाल करनी होगी। साथ ही सभी संगठनों से आगामी आंदोलन को सफल करने का आह्वान किया। उत्तर प्रदेश संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिलाध्यक्ष धीरज सिंह एवं जिला मंत्री क्रांति सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है, जिसके लिए अटेवा दृढ़संकल्पित है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला संरक्षक गजेंद्र कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा कि सरकार ने एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण ने देश की अर्थव्यवस्था को कमजा. ेर करने का कार्य किया है। आईटीआई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता एवं जिला मंत्री आशीष सक्सेना ने कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन का संघर्ष ईमानदारी से कर रहा है। हम हर स्तर पर अटेवा के साथ है। राजकीय वाहन चालक महा संघ के क्षेत्रीय मंत्री संजीव कुमार, जिला ध्यक्ष सुनील दत्त शर्मा, जिला मंत्री हेमराज सिंह ने कहा कि एनपीएस-यूपीएस केवल एक छलावा है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह व सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग लेकर आगामी 25 नवंबर दिल्ली में होने वाली महारैली को सफल करने का आह्वान किया। राजकीय वाहन चालक संघ के जिला मंत्री नरेंद्र कुमार एवं राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह ने कहा कि निजीकरण देश की अर्थव्यवस्था के लिए घातक है, जिसका हमें संगठित होकर विरोध करने की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पाल एवं ग्राम्य पंचायत अधिकारी संघ के जिला मंत्री संजय सिंह ने कहा कि संगठित होकर यदि संघर्ष करेंगे तो निश्चित ही शीर्ध सुखद परिणाम मिलेंगे। जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की जिला संयुक्त मंत्री अल्फिया जावेद उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला संयुक्त मंत्री मनोज कुमार यादव ने पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष में अटेवा के संघर्ष की सराहना करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन हमारे बुढ़ापे की लाठी है, जिसके लिए अटेवा निरंतर ईमानदारी से संघर्षरत है।

इस अवसर पर कौशल गौतम, रीवा सिंह, रीता देवी, रेखा सैनी, गीता रानी, अलका रानी, निशि वर्मा, खुशी वर्मा, शैलजा रानी, भूपेंद्र चौधरी, प्रदीप कुमार वर्मा, लोकेश कुमार शर्मा, विजेंद्र कुमार, जगदेव सिंह, कुलदीप कुमार, कुल. वीर चौधरी, ज्ञानेंद्र चौधरी, आकाश दीप, अनुज कुमार यादव, विनीत कुमार गहलोत, चंद्रशेखर सिंह, करन वीर सिंह, नितिन कुमार, दुष्यंत कुमार, खड़क सिंह, हेमन्त कुमार, सन्नी सिंह, राजीव कुमार, अरविंद कुमार, बृजेश कुमार चौधरी, विकास पाठक, सुनील कुमार, मंजीत ठाकरान, अनंत कुमार, बृजेश कुमार मिश्रा, रामवतार सिंह, जैनेन्द्र, मौहम्मद शाहनवाज, विजय पाल, कामता प्रसाद, बृजेश खरवार, रवि चंद्र चौधरी, सुजीत कुमार यादव, पंकज कुमार गुप्ता, विनोद कुमार यादव, बालेश कुमार, डॉ. सुनील कुमार, वाजिद हुसैन आदि ने संबोधित किया।

# सादगी के साथ निकला जुलूस ए मोहम्मदी



शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में बारह रबी उल अव्वल के मौके पर जश्ने ईद ए मिलादुन्नबी अकीदत, पुरखुलूस अन्दाज में सादगी के साथ मनाया गया। इस मौके पर जगह-जगह जुलूस ए मौहम्मदी निकाले गए और जलसा ए सीरत उन्नबी का एहतमाम किया गया।

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 12 रबी उल अव्वल के मौके पर क्षेत्र के ग्राम चौहड़वाला, मीरापुर मोदीवाला, दुलीचंदपुर में जश्ने ईद ए मिलादुन्नबी सादगी व अकीदत के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला में बारह रबी उल अव्वल के मौके पर जश्ने ईद ए मिलादुन्नबी का जश्न बड़े ही अकीदत सादगी, मौहब्बत और भाईचारे के साथ मनाया गया। जिसमें बस्ती के तमाम बुजुर्ग, बच्चे और नौजवान अकीदतमंद शामिल हुए। जुलूस का आगाज मदरसा नुरुल उलूम से शुरू होकर गांव की गलियों से होते हुए नेशनल हाईवे से गुजर कर वापस मदरसे में जाकर समाप्त हुआ।

दूसरी जानिब मदरसा गौसिया अंसारुल इस्लाम से जुलूस ए मौहम्मदी का आगाज जो मदरसे से निकलकर बस्ती के बीच रास्ते से होते हुए नेशनल हाईवे 734 पर पहुंचा और वापस मदरसा गौसिया अंसारुल इस्लाम में जाकर समाप्त हुआ। जुलूस ए मौहम्मदी के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत थाना प्रभारी निरीक्षक अफजलगढ़ सुमित राठी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

इस मुबारक मौके पर युवा नेता व समाजसेवी मौहम्मद जमशेद अंसारी, प्रधान पति वहीदुर्रहमान, पूर्व प्रधान सइदुर्रहमान, मौहम्मद गफ्फार, हनीफ चौकीदार, डॉ. जीशान अहमद, अल्तमश, निसार अहमद, सलीम अहमद, निजाम. ुद्दीन आदि ने जुलूस निगरानी की कमान संभाली और जुलूस के बाद मदरसा में एक जलसा ए सीरतुन्नबी मुनाअकिद हुआ।

कारी कासिम राजा, इमाम रियाजुलहक साहब, मौलाना जहीरुलहक साहब, मौलाना शमीम अहमद इमाम जामा मस्जिद ने 12 रबी उल अव्वल की फजीलत बयान करते हुए कहा कि नबी ए करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की विलादत (यौम ए पैदाइश) के रूप में मनाया जाता है। कुछ मौअररिखीन का कहना है के 12 रबी उल अव्वल को ही सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की वफात का भी दिन है।

इस अवसर पर अनवर हुसैन, सलाउद्दीन मेंबर, हाजी जमालुद्दीन, अकरम अहमद, कासमुद्दीन ठेकेदार, बुजुर्ग नौजवान व बच्चे मौजूद रहे। जलसे में मौजूद भारी संख्या में लोगों ने उत्तराखंड, पंजाब आदि मुल्क के सभी हिस्सों में आई बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा और तमाम उन जगहों पर जहां लोग परेशान, बेहाल, बेबस है उनके पशु और तमाम मखलुकात लाचारी की जिंदगी जी रहे हैं।

# धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के खिलाफ की गैंगस्टर की कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** प्लाट के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के एक महिला सहित सात लोगो के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक प्लाट आदि के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी के लिए गिरोह बनाकर लोग से धोखाधड़ी करने वाले मल्हीपुर रोड कृष्णाधाम फ्रेंडस कॉलोनी सहारनपुर निवासी गैंग लीडर अजीत शर्मा, गैंग की सदस्य उसकी पत्नी नीलम समेत कुणाल, प्रियांशु, हिम्मतनगर की इंद्रा कॉलोनी सहारनपुर निवासी रंजीत, विष्णु मंदिर वाली गली माधोनगर सहारनपुर निवासी भुवन मोहिनी कुमार गुप्ता के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। सभी लोग षडयंत्र के तहत प्लाट आदि के नाम पर धोखाधड़ी करने का काम करते थे। पुलिस ने बताया कि सभी के खिलाफ पूर्व में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं।

# आईजीआरएस से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक आंशिक दीक्षित की अध्यक्षता में आज शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आइजीआरएस से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

अपर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों के द्वारा आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का सही प्रकार से निस्तारण न करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों की सही प्रकार से जांच करते हुए उनका ससमय निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप उसी शिकायत के निस्तारण को निस्तारित माना जाएगा, जिस पर शिकायतकर्ता की संतुष्टि प्राप्त हो। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायत की मौके पर जांच करने से पूर्व शिकायतकर्ता और जिनके विरुद्ध शिकायत की गई दोनों पक्षों को सूचित करें। दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद जांच की प्रक्रिया को पूर्ण करें।

जांच पूरी होने के बाद शिकायतकर्ता द्वारा शिकायती पत्र पर दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करें और ओटीपी नंबर सहित उसकी उसकी संतुष्टि प्राप्त करने के बाद संबंधित अधिकारी उस पर अपनी टिप्पणी अंकित कर आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत को निस्तारित करें।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण कार्य को पूर्ण गंभीरता और गुणवत्ता के साथ संपादित करना सुनिश्चित करें।

**सूचना**

मेरी पुत्री की जन्म प्रमाणपत्र सं. -1449 दिनांक 01/02/2023 में गलती से नाम देवीशा अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम देवीशा भारद्वाज है और भविष्य में इसी नाम से जाना जाएगा।

मानसी शर्मा पत्नी आशीष भारद्वाज
शिव विहार, देवबन्द (सहारनपुर)
मो. - 9045999682

● भारतीय जर्सी को स्पान्सर करना अब और महंगा ●

# बीसीसीआई ने बढ़ाई तय कीमत

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) टीम इंडिया के लिए नया स्पान्सर ढूंढने के लिए जोरआजमाइश कर रहा है। हालांकि, अब ऐसा करने वाली कंपनियों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई रिजर्व प्राइस को बढ़ाने जा रहा है। ड्रीम11 हाल ही में स्पान्सरशिप से पीछे हट गया था और उसने बीसीसीआई के साथ अपने करार को तोड़ लिया था। 2023 में बायजू को रिप्लेस करते हुए ड्रीम11 ने बीसीसीआई के साथ तीन साल का करार किया था। उस समय ड्रीम11 ने कुल 358 करोड़ रुपये का करार किया था, जिसमें घरेलू मैचों के लिए प्रति मुकाबला तीन करोड़ और विदेशी मैचों के लिए एक करोड़ रुपये तय थे। इंग्लैंड दौरे तक टीम इंडिया की जर्सी पर ड्रीम-11 का लोगो दिखाई देता था, लेकिन हाल ही में पारित आनलाइन गेमिंग बिल 2025 के कारण कंपनी को अपने संचालन में मुश्किलों का सामना करना पड़ा और उसने अनुबंध से बाहर निकलने का फैसला किया। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने नए स्पान्सर के लिए रिजर्व प्राइस बढ़ा दिया है। अब घरेलू सीरीज (द्विपक्षीय) के लिए प्रति मैच 3.5 करोड़ रुपये और आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट्स जैसे बहुराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए लगभग 1.5 करोड़ रुपये रिजर्व प्राइस रखा गया है। पहले यह दरें कम थीं। पहले घरेलू सीरीज (द्विपक्षीय) के लिए प्रति मैच 3.17 करोड़ और आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट्स जैसे बहुराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए 1.12 करोड़ रुपये रिजर्व प्राइस रखा गया था। इसका मतलब है कि बीसीसीआई अब कम से कम 10 प्रतिशत ज्यादा कमाई द्विपक्षीय सीरीज से और लगभग तीन प्रतिशत ज्यादा कमाई बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स से करना चाहता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस नए बेस प्राइस से बीसीसीआई को 400 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई हो सकती है। हालांकि, यह आंकड़ा इससे भी कहीं ज्यादा हो सकता है, क्योंकि स्पान्सरशिप के लिए प्रतिस्पर्धा हमेशा ऊंची रहती है। बीसीसीआई ने मंगलवार को राष्ट्रीय टीम के लीड स्पान्सर राइट्स के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (आईईओआई) जारी किया। इसके तहत बोली लगाने वाली कंपनियों को विस्तृत शर्तें और नियम उपलब्ध कराए जाएंगे। आईईओआई डाक्यूमेंट्स खरीदने की अंतिम तारीख 12 सितम्बर रखी गई है। बोली लगाने के लिए दस्तावेज जमा करने की अंतिम तारीख 16 सितम्बर तय की गई है। स्पान्सर बनने की इच्छुक कंपनियों को आईईओआई डाक्यूमेंट खरीदने के लिए पांच लाख रुपये के साथ-साथ जीएसटी की नान-रिफंडेबल फीस देनी होगी। भुगतान की पुष्टि होने के बाद ही डाक्यूमेंट्स शेयर किए जाएंगे। बीसीसीआई ने साफ किया है कि केवल डाक्यूमेंट खरीदने से कोई कंपनी बोली लगाने की हकदार नहीं हो जाती। पात्रता मानकों को पूरा करना अनिवार्य होगा।

● **बोर्ड ने बनाया 400+ करोड़ रुपये की आमदनी का प्लान**

# भांबरी-वीनस की जोड़ी हारी

● **सेमीफाइनल में हारकर यूएस ओपन में भारत का अभियान समाप्त**



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की जोड़ी को यूएस ओपन के सेमीफाइनल में ग्रेट ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की और जो सैलिसबरी की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा है। इसी के साथ भारत का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। पुरुष युगल वर्ग के सेमीफाइनल में गुरुवार को भांबरी और वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को दो घंटे 53 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की और जो सैलिसबरी की जोड़ी से 6(2)-7(7), 7(7)-6(5), 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। मैच के शुरुआती सेट में, भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष युगल टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी और वीनस ने आठवें गेम में ओलंपियन नील स्कुप्स्की और जो सैलिसबरी की सर्विस तोड़ी।

हालांकि, भांबरी-वीनस अगले गेम में अपनी सर्विस गंवाकर इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे, जिससे टाई-ब्रेकर तक का रास्ता तय हुआ, जिसे इंडो-न्यूजीलैंड जोड़ी ने आसानी से जीत लिया। दूसरे सेट में भी भांबरी-वीनस ने शुरुआती गेम में स्कुप्स्की-सैलिसबरी की सर्विस तोड़ी, लेकिन चौथे गेम में ब्रेक पॉइंट को भुनाने में नाकाम रहीं। यह चूक भांबरी-वीनस के लिए महंगी साबित हुई क्योंकि स्कुप्स्की- सैलिसबरी ने अगले ही गेम में वापसी की और कड़े मुकाबले में टाई-ब्रेकर जीत लिया। स्कुप्स्की- सैलिसबरी ने तीसरे सेट के पहले गेम में सर्विस तोड़ी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा और फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भगदड़ के बाद पहली बार टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा चिन्नास्वामी

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल जीत के बाद 4 जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के बाद चिन्नास्वामी पहली बार क्रिकेट मुक़ाबलों की मेजबानी करेगा। यह स्टेडियम कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के तिम्मप्पिया मेमोरियल ट्रॉफ़ी के मेजबानों में से एक है, जो 16 टीमों वाला एक लाल गेंद के साथ खेला जाने वाला बहु-दिवसीय प्री-सीजन टूर्नामेंट है। चिन्नास्वामी स्टेडियम इस प्रतियोगिता के छह मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें एक सेमीफ़ाइनल और 26 सितम्बर से होने वाला फ़ाइनल शामिल है। हालांकि स्टेडियम में दर्शकों को अनुमति नहीं होगी। टूर्नामेंट में मुंबई, विदर्भ, मप्र, हिप्र, छत्तीसगढ़ सहित कई टीमें शामिल हैं।

### एशियाई बेसबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा चीन

**फ़ूज़ौ, वार्ता।** आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की कि 2025 एशियाई बेसबॉल चैंपियनशिप दक्षिण-पूर्वी चीन के फ़ुज़ियान प्रांत के पिंग्टन में 22 से 28 सितम्बर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें आठ टीमें भाग लेंगी। इस चैंपियनशिप में जापान, दक्षिण कोरिया, चीनी ताइपे, फिलीपींस, हांगकांग, पाक, फ़िलिस्तीन और मेजबान चीन शामिल होंगे। बीस बार विजेता जापान, 2023 का सेमीफाइनलिस्ट दक्षिण कोरिया और 2019 में विजेता और 2023 में उपविजेता चीनी ताइपे इस साल की चैंपियनशिप में प्रबल दावेदार हैं, जिसका विजेता 2026 में होने वाले अंडर-23 बेसबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा।

# नीरज चोपड़ा-अरशद नदीम विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में करेंगे प्रतिस्पर्धा

● **विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितम्बर तक टोक्यो में आयोजित होगी**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा और चोट से उबर चुके पाकिस्तानी एथलीट अरशद नदीम इस महीने के आखिर में टोक्यो में होने वाली 2025 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

नदीम के चिकित्सक असद अब्बास ने गुरुवार को बताया कि पेरिस 2024 ओलंपिक चैंपियन पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और प्रतियोगिता के लिए तैयार हैं। अब्बास ने टेलीकॉम एशिया को बताया कि अरशद पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और मैंने उनके ठीक होने और प्रगति पर नजर रखी है। मुझे यकीन है कि वह नीरज और भाला फेंक स्पर्धा में भाग लेने वाले अन्य सभी एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार होंगे। उल्लेखनीय है कि विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितम्बर तक टोक्यो में आयोजित होगी। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का क्वालीफिकेशन 17 सितम्बर को और फाइनल अगले दिन होगा। जापान नेशनल स्टेडियम में नीरज चोपड़ा बनाम अरशद नदीम पेरिस 2024 के बाद उनका पहली बार आमना-सामना होगा। पेरिस 2024 के बाद से नदीम ने केवल एक बार प्रतिस्पर्धा की है, मई में कोरिया गणराज्य के गुमी में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 86.40 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में पिछले महीने डायमंड लीग जीतने वाले जर्मनी के जूलियन वेबर, दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के पूर्व ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकॉट के भी भाग लेने की उम्मीद है।

# आर्यना-अमांडा के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

● **सबालेंका ने जेसिका को हराकर तीसरी बार यूएस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका और उभरती हुई अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा बीच यूएस ओपन में महिला एकल वर्ग में खिताबी भिड़ंत होगी। बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने अपनी विशिष्ट दृढ़ता और मानसिक शक्ति का परिचय देते हुए एक सेट से पिछड़ने के बाद चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर तीसरी बार यूएस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार रात दो घंटे तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में बेलारुस की सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अमे. रिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी पेगुला को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। पेगुला ने न्यूयॉर्क के शोरगुल में उत्साहित दर्शकों के बीच पहला सेट जीतकर पासा पलटने की चेतावनी दी। अमे. रिकी खिलाड़ी ने पेगुला ने सबा. लेंका की सहज गलतियों का फायदा उठाया और दो बार सर्विस ब्रेक करके 6-4 से पहला सेट अपने नाम कर लिया।

इसके बाद बेलारूसी खिलाड़ी ने ऑफ-कोर्ट ब्रेक के बाद नए दृढ़ संकल्प के साथ वापसी की। उन्होंने अपने ग्राउंडस्ट्रोक की तीव्रता बढ़ाई और दूसरे सेट को 6-3 से जीत के साथ मैच को निर्णायक बना दिया। अंतिम सेट में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ने दबाव के क्षणों में अपना धैर्य बनाए रखा। अपने तीसरे मैच पॉइंट पर, उन्होंने राहत और जश्न की गर्जना के साथ जीत पक्की कर ली। 27 वर्षीय खिलाड़ी की इस जीत ने उन्हें सेरेना विलियम्स (2011- 2014) के बाद लगातार तीन यूएस ओपन फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी बना दिया है। मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि यह वाकई एक कड़ा मुकाबला था। उसने अविश्वसनीय टेनिस खेला और मुझे यह जीत हासिल करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। मैं बस अंदर ही अंदर प्रार्थना कर रही थी और अच्छे की उम्मीद कर रही थी। शनिवार को होने वाले चैंपियनशिप मैच में सबालेंका का सामना उभरती हुई अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा ने अपने करियर के सबसे उल्लेखनीय उलटफेरों में से एक की कहानी गढ़ते हुए रोमांचक मुकाबले में जापान की नाओमी ओसाका को 6-7(4), 7-6(3), 6-3 से हराकर पहली बार यूएस ओपन फाइनल में जगह बनाई।



# यॉर्कशायर से छोटी अवधि के लिए जुड़ेंगे मयंक अगवाल



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल शेष काउंटी चैंपियनशिप मुक़ाबलों के लिए यॉर्कशायर के साथ छोटी अवधि के अनुबंध पर जुड़ेंगे। समरसेट के खिलाफ़ 8 सितम्बर को होने वाले मुक़ाबले से पहले अग्रवाल के यॉर्कशायर के साथ जुड़ने की उम्मीद है और 2025-26 रणजी ट्रॉफी सीजन के लिए भारत लौटने से पहले वह कुल तीन मुकाबले खेलेंगे। इससे पहले वह कर्नाटक के महाराजा टी-20 ट्रॉफ़ी का हिस्सा थे। वहीं उन्हें आईपीएल में देवदत्त पड़िक्कल के विकल्प के तौर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने दल में शामिल किया था। 34 वर्षीय को इंग्लैंड का अनुभव है। वह 2021-22 के दौरे और 2023 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फ़ाइनल के भारतीय दल के हिस्से के रूप में इंग्लैंड की यात्रा कर चुके हैं।

2021-22 के दौरे पर अग्रवाल भारत के लिए पारी की शुरुआत करने के दावेदार थे लेकिन उन्हें सीरीज के पहले मैच से पहले चोट लग गई जिसके चलते वह बाहर हो गए। अग्रवाल दो बार ए टीम के साथ भी इंग्लैंड का दौरा कर चुके हैं। कर्नाटक के सभी प्रारूपों के कप्तान अग्रवाल के पास प्रथम श्रेणी का काफ़ी अनुभव है। उन्होंने 180 पारियों में 43.98 की औसत, 18 शतक और 44 अर्द्धशतकों के साथ 8050 रन बना चुके हैं। अग्रवाल ने भारत के लिए 36 टेस्ट पारियों में 41.33 की औसत और चार शतकों की बदौलत 1488 रन बनाए हैं।

# नीव से शिखर तक का दूसरा बैच रवाना

● **यह एक नेतृत्व यात्रा है जो जमीनी स्तर से शुरू होकर महानता की ओर बढ़ती है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली के प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 'नींव से शिखर तकश के दूसरे बैच को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस समारोह में एम3एम फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी एवं अध्यक्ष डॉ. ऐश्वर्य महाजन( भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के उप महानिद. शक मयंक श्रीवास्तव, और फिट इंडिया मूवमेंट के निदेशक नदीम भी उपस्थित थे। इस अवसर पर, एम3एम फाउंडेशन की चेयरपर्सन एवं ट्रस्टी डॉ. पायल कनोडिया ने अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए बताया कि 'नींव से शिखर तकश एक पर्वतारोहण पहल से कहीं बढ़कर है। यह एक नेतृत्व यात्रा है जो जमीनी स्तर से शुरू होकर महानता की ओर बढ़ती है। ये युवा लड़कियां न केवल चोटियों पर चढ़ रही हैं( वे बाधाओं को तोड़ रही हैं और जो संभव है उसे फिर से लिख रही हैं। बैच 2 के साथ, हमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा की महत्वाकांक्षी बेटियों को यह अवसर प्रदान करने पर गर्व है। हमारा मिशन यह सुनिश्चित करना है कि सपने देखने वाली हर लड़की को शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से आगे बढ़ने के लिए उपकरण, प्रशिक्षण और आत्मविश्वास दिया जाए।

बैच 2 में, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा की 11 वंचित लड़कियों का एक नया समूह अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान, मनाली में एक निष्शुल्क बुनियादी पर्वतारोहण पाठ्यक्रम से गुजरेगा। भारत की फिट इंडिया एम्बेसडर के मार्गदर्शन में, लड़कियों को रॉक क्राफ्ट (चढ़ाई, रैपलिंग, जुमा. रंग), स्नो और आइस क्राफ्ट (सीढ़ियां काटना, आइस एक्स अरेस्ट, क्रैम्पन का उपयोग), रस्सी का काम (गांठ बनाना, लंगर डालना, नदी पार करना) और जीवन रक्षा कौशल (तंबू लगाना, आश्रय बनाना, ऊंचाई पर रहना) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ, उन्हें नेतृत्व विकास सत्रों में भी शामिल किया जाएगा, जो टीम वर्क, अनुशासन और लचीलेपन पर जोर देंगे-उन्हें न केवल पहाड़ों पर चढ़ने के लिए, बल्कि आत्मविश्वास और शक्ति के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करेंगे।

यह पहल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की भावना से गहराई से जुड़ी हुई है, जिसका उद्देश्य किशोर लड़कियों को संरचित शारीरिक चुनौतियों, मार्गदर्शन और जीवन कौशल से सशक्त बनाना है। बैच 2 का शुभारंभ कुरुक्षेत्र में बैच 1 के सफल शुभारंभ के बाद हुआ है।

# केकेएफआई ने 24 खो-खो खिलाड़ियों के सीआईएसएफ में चयन पर जताई खुशी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय खो-खो के लिए गौरव का क्षण है जब 24 खिलाड़ियों -12 पुरुष और 12 महिला - का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में हेड कांस्टेबल के पद पर खेल कोटा के माध्यम से किया गया। उक्त खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित बीएचईएल परिसर में आयोजित भर्ती ट्रायल्स को सफलतापूर्वक पार किया। चयनित सभी खिलाड़ी देशभर के विभिन्न राज्यों-महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, हरियाणा, ओडिशा और अन्य से हैं और अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेलों, द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं और इस वर्ष आयोजित पहले खो-खो विश्व कप 2025 जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर शानदार प्रदर्शन किया है। कई खिलाड़ी, जिन्होंने इस भर्ती ट्रायल को पास किया, वे अल्टीमेट खो-खो लीग - सीजन 1 और 2 में भी हिस्सा ले चुके हैं और शीर्ष स्तर के परफॉर्मर के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं।

सीआईएसएफ में उनका शामिल होना, भारत के सबसे पुराने और ऊर्जावान पारंपरिक खेलों में से एक खो-खो की बढ़ती पहचान और उत्कृष्टता व अवसर के खेल के रूप में उभरने का एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए भारतीय खो-खो महासंघ ( केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु ने कहा कि हमारे युवा खो खो खिलाड़ियों को मेरिट सूची में स्थान बनाते हुए देखना बेहद सुखद है। खो-खो की बढ़ती पहचान खिलाड़ियों के लिए करियर के नए मार्ग बना रही है।

# मेसी ने दो गोल दागकर प्रशंसकों को दी भावुक विदाई

**कोलंबिया, पैराग्वे और उरुग्वे ने विश्व कप में जगह पक्की की**

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** कोलंबिया, पैराग्वे और उरुग्वे ने अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है, जबकि लियोनेल मेसी ने दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर के अंतिम दिन अर्जेंटीना के प्रशंसकों को भावुक विदाई दी।

मेसी ने दो गोल दागे जिससे अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 3-0 से हरा दिया, जो संभवत: 38 वर्षीय मेसी का आखिरी घरेलू विश्व कप क्वालीफायर था और गुरुवार को होने वाले मैचों के पूरे दौर का मुख्य कार्यक्रम था। अल्बीसेलेस्टे के कप्तान ने वार्मअप के दौरान अपने आंसू रोके रखे जब प्रशंसक उनका नाम पुकार रहे थे, फिर उन्होंने गोलकीपर राफेल रोमो के ऊपर से शॉट मारकर मौजूदा विश्व चैंपियन को बढ़त दिला दी। स्थानापन्न खिलाड़ी लुटारो मार्टिनेज ने निको गोंजालेज के कट-बैक से डाइलवग हेडर के जरिए स्कोर 2-0 कर दिया, जिसके बाद मेसी ने थियागो अल्माडा के साथ मिलकर तीसरा गोल दागा। मेसी ने स्वीकार किया कि ब्यूनस आयर्स के मोनुमेंटल स्टेडियम में हुई इस रात की विदाई का महत्व था। उन्होंने कहा कि अपने लोगों के साथ इस तरह से खेल खत्म करना, यही मेरा हमेशा से सपना रहा है। यह (संन्यास) ऐसी चीज नहीं है जिसे मैं पसंद करता हूं, चाहता हूं या उम्मीद करता हूं। मुझे खेलना पसंद है और मैं नहीं चाहता कि यह कभी खत्म हो, लेकिन मुझे यह भी पता है कि वह क्षण नजदीक आ रहा है। असुनसियन में, इक्वाडोर के साथ घरेलू मैदान पर गोलरहित ड्रॉ ने पैराग्वे को 16 सालों में पहली बार विश्व कप में जगह दिलाई।

# इंग्लैंड को हराकर द. अफ्रीका ने वनडे सीरीज में बनाई अजेय बढ़त

**लॉर्ड्स, वार्ता।** ब्रीत्जके (85) और ट्रिस्टन स्टब्स (58) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद नांद्रे बर्गर (तीन विकेट) और केशव महाराज (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को पांच रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 331 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में जेमी स्मिथ (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद जो रूट ने बेन डकेट के साथ दूसरे विकेट के लिये 65 रन जोड़े। 13वें ओवर में केशव महाराज ने बेन डकेट (14) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरी सफलता दिलाई। जेकब बेथेल व रूट संघर्ष किया।

# एशिया कप में भारत की विस्फोटक शुरुआत

**चीन, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड को 11-0 से रौंद कर एशिया कप में विजय के साथ अपने अभियान की विस्फोटक शुरुआत की। भारतीय टीम के लिए मुमताज खान ने (सातवें, 49वें), उदिता ने (30वें, 52वें) और ब्यूटी डुंग डुंग ने (45वें, 54वें) मिनट में दो-दो गोल किए, जबकि संगीता कुमारी ने (10वें), नवनीत कौर ने (16वें), लालरेम्सियामी ने (18वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें) मिनट में गोल किए। पहले क्वार्टर में मुमताज खान (सातवें मिनट) और संगीता कुमारी (10वें मिनट) के दो मैदानी गोलों से भारत ने शुरुआत से ही अपना दबदबा बना लिया। दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपनी आक्रामकता और बढ़ाते हुए तीन और गोल दागकर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर ने (16वें मिनट) और मिडफील्डर लालरेम्सियामी नें (18वें मिनट) लगातार दो मैदानी गोल दागे और उसके बाद उदिता ने (30वें मिनट) में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके पहले हॉ का समापन शानदार तरीके से किया। दूसरे हॉ में भी भारत ने थाईलैंड के सर्कल के अंदर लगातार हमले किए और तीसरे क्वार्टर में उसे चार पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से ब्यूटी डुंग डुंग नें (45वें मिनट) में अपना पहला गोल दागा। मैच के आखिरी क्वार्टर में भारत ने लगातार पांच गोल दागकर अपने पहले मुकाबले में बड़ी जीत दर्ज की। मुमताज खान (49वें मिनट), उदिता (52वें मिनट) और शर्मिला देवी (57वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए, जबकि ब्यूटी डुंग डुंग (54वें मिनट) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें मिनट) ने फील्ड गोल किए। भारतीय टीम शनिवार को जापान से भिड़ेगी।



### गतिरोध के बावजूद ब्लू टाइगर्स ने प्लेऑफ में जगह पक्की की

**ताजिकिस्तान, वार्ता।** भारत ने आज हिसोर सेंट्रल स्टेडियम में अफग़ानिस्तान के खिलाफ अपने आखिरी ग्रुप बी मुकाबले में गोलरहित ड्रॉ खेलकर सीएएफए नेशंस कप 2025 के तीसरे स्थान के प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। हालांकि, ब्लू टाइगर्स का भाग्य अंतिम सीटी बजने के तुरंत बाद तय नहीं हुआ। उन्हें ईरान और ताजिकिस्तान के बीच दूसरे ग्रुप मुकाबले के नतीजे के लिए देर शाम तक इंतज़ार करना पड़ा। यह मैच 2-2 से बराबरी पर छूटा, जिससे भारत का ग्रुप उपविजेता बनना तय हो गया। आज के नतीजे के साथ, ईरान तीन मैचों में सात अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा, जबकि नए मुख्य कोच खालिद जमील के नेतृत्व में भारत चार अंकों (एक जीत, एक ड्रॉ, एक हार) के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

### पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान के नेतृत्व में मृतक अंकित वाल्मीकि के परिवार से मिला सपा का डेलिगेशन

# मृतक अंकित के परिजनों को सौंपा 1 लाख का चैक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान व कैराना सांसद इकरा हसन ने सपा डेलीगेशन के साथ अंकित वाल्मीकि हत्या मामले में पीड़ित परिवार से मुलाकात की और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि का चेक सौंपा। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष सपा अखिलेश यादव की ओर से भी शोक संवेदना व्यक्त की।

ज्ञात रहे कि ग्राम सांपला बेग. मपुर निवासी अंकित वाल्मीकि पुत्र अशोक वाल्मीकि की रात में सोते समय गला रेतकर अज्ञात बदमाशों द्वारा हत्या कर दी गई थी। विगत माह पूर्व सांसद हाजी फजलूर्रहमान ने लखनऊ में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पूरी घटना से अवगत कराया था। इसी मामले में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के प्रति.



निधिमंडल ने पूर्व सांसद हाजी फजलूर्रहमान तथा कैराना लोकसभा सांसद चौधरी इकरा हसन के नेतृत्व में गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और समाजवादी पार्टी की ओर से 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक मृतक अंकित वाल्मीकि के पिता अशोक वाल्मीकि को सौंपा।

पूर्व सांसद हाजी फजलूर्रहमान व कैराना लोकसभा सांसद चौधरी इकरा हसन ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से शोक संवेदना व्यक्त की। पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा ने कहा कि किसी भी पीडित के साथ अन्याय नही होने दिया जायेगा।

प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष चौ. अब्दुल वाहिद, जसवीर वाल्मीकि, मांगेराम कश्यप, चौधरी अबूबकर, अमित गुज्जर, पुष्पेन्द्र चौधरी, संदीप सैनी, चौधरी सलीम अख्तर, अजय बिरला, ब्रजमोहन सूद, ओपी कल्याण, वीरेंद्र वाल्मीकि, विनेश वाल्मीकि समाज सुधारक, ईसम सिंह वाल्मीकि ग्राम प्रधान गदरहेड़ी, मेहर सिंह वाल्मीकि पूर्व प्रधान, आशीष चौधरी पूर्व प्रधान, अमरीश चौटाला, गौरव वाल्मीकि, नीटू वाल्मीकि साल्हापुर, पाल्लू वाल्मीकि ग्राम सांपली, भोला वाल्मीकि ग्राम कादरगढ़, बनीश पारखी, इलम चंद सब्दलपुर, राजेश सब्दलपुर, चौधरी उबैद, सैयद हस्सान पीआरओ व मीडिया प्रभारी पूर्व सांसद आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पाइन हिल्स में मनाया शिक्षक दिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पाइन हिल्स एकेडमी में शिक्षक दिवस मनाते हुए शिक्षकों को उनके योगदान के लिये सम्मानित किया गया।

मंडी समिति रोड स्थित स्कूल परिसर में कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए की गई। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मोहम्मद खालिद अंसारी एडवोकेट ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं। वे स्वयं राजा नहीं होते, लेकिन राजा बनाने वाले वही होते हैं। चेयरमैन सऊद खान ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जुड़कर विद्यार्थियों को नवीनतम ज्ञान प्रदान करें। प्रधानाचार्य सैयद मोहम्मद समीर ने कहा कि हर बच्चे के जीवन में माता पिता के बाद शिक्षक का स्थान बहुत महत्वपूर्ण होता है। शिक्षकों के व्यक्तित्व का बच्चों पर गहरा प्रभाव पड़ता है तथा शिक्षक बच्चों के मार्गदर्शक एवं आदर्श होते है। कार्यक्रम का समापन सभी शिक्षकों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित करने के साथ किया गया।

## माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाला पकड़ा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने मात्र 1 घण्टे मे सोशल मीडिया पर अभद्र धार्मिक टिप्पणी करके माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर अभद्र धार्मिक टिप्पणी करने का एक वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस के संज्ञान में आया तो पुलिस टीम तुरन्त हरकत में आई और आरोपी की शिनाख्त करते हुए तलाश शुरू कर दी। मात्र एक घण्टे बाद ही प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसैन सैनी की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा आरोपी राहुल पुत्र हुसनपाल निवासी ग्राम गुमटी थाना चिलकाना को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन भी बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके न्यायालय समक्ष पेश किया।

# एनएमसी में रोपित किए औषधीय पौधे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुहम्मद (स.) साहब के जन्मोत्सव पर नेशनल मेडिकल कॉलेज में फलदार एवं दुर्लभ औषधियों के पौधे रोपित किये गये।

पौधारोपण के दौरान प्राचार्य डॉक्टर असलम खान ने कहा कि आज ऑक्सीजन को अधिक मात्रा में बनाने और ओजोन लेयर के प्रदूषण से बचाने के लिए अर्जुन अमरूद और पपीते के पेड लगाये जाने जरूरी है। उन्होंने पौधारोपण के साथ ही रीता को उनमें प्रतिदिन पानी देने एवं पत्तियों की खाद डालने, आकांशा और रेनू को इन पौधों की ऑर्गेनिक देख भाल तथा दूसरे स्टाफ को औषधि प्रखंड को बंदरों आदि से बचाने की जिम्मेदारी दी गई।

डा असलम ने बताया कि फॉरेस्ट थेरेपी से विभिन्न रोगों का इलाज बिना कोई एलोपैथिक मेडिसिन दिए हो सकता है। उदाहरण के लिए अर्जुन के पेड़ को सुबह शाम आधे आधे घंटे हाथो से बगल में दबाकर रखने से कोलेस्ट्रॉल और हृदय की बीमारियों को कंट्रोल किया जा सकता है। साथ ही अर्जुन के बाग में टहलने से हृदय घात की समस्या में कमी आती है साथ स्वर्ण भस्म और अजवा. इन का शहद मिलाकर उसमें थोड़ी से अर्जुन की छाल का चूर्ण मिलाकर लेने से बाय पास सर्जरी से बचा जा सकता है।



सभी उपस्थित जनो ने प्लास्टिक और फ्रोजेन फूड ना खाने का वचन स्वयं से दोहराया।

# विधायक गुम्बर ने किए नवाचारी शिक्षक सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शिक्षक दिवस के मौके पर बेसिक शिक्षा व माध्यमिक विभाग के 55 नवाचारी शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कलैक्ट्रेट सभागार में शिक्षकों को यह सम्मान नगर विधायक राजीव गुम्बर, बीएसए कुमारी कोमल, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविन्द कुमार पाठक, जिला विद्यालय निरिक्षक द्वितीय हर्षादेव, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय योगेश कुमार शर्मा के द्वारा प्रदान किया गया। सम्मानित होने वालों में डॉ. अनु चौधरी, गणेशपुर, वंदना सैनी मायापुर रुपपुर, रविंद्र गोयल, लक्ष्मी, संजीव कुमार, अजय मनिक आदि शामिल रहे। तत्पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथद्वारा बेसिक शिक्षा के वृहद कार्यक्रमों का संजीव प्रसारण लोक भवन लखनऊ से लाईव प्रसारण सुना गया, जिसमे



मुख्यमंत्री द्वारा जनपदों मे पायरिंग आफ स्कूल के अंतर्गत बलवाटिका 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों के कुशल, ग्रीष्म अवकाश मे समर कैंप, सभी टीचर के स्वस्थ व्यवस्था हेतु कैशलेश स्वस्थ व्यवस्था, अनुदेशक एवं शिक्षा मित्र मानदेय वृद्धि करने हेतु समिति गठन की घोषणा की गई। विधायक द्वारा सभी टीचर को टीचर्स डे की हार्दिक शुभकामनायें दी गई, कुमारी कोमल के द्वारा सभी टीचर को उत्कृष्ट कार्य हेतु बधाई दी गई एवं मुख्य अतिथि का आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक अरविंद कुमार सिंह, श्रेया पटवा, फहीम, जिला व्यायाम टीचर रविंद्र चौधरी, हिमांशु कम्प्यूटर अपरेटर, समस्त एकेडमिक रिसोर्स पर्सन, गोपाल शर्मा आदि का सहयोग रहा। संचालन वरण कुमार टीचर द्वारा किया गया।

# किशोरियों को बताई गई योजनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महिला कल्याण विभाग द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में चलाये जा रहे विशेष जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत 'संकल्प' हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के तहत आयोजित राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में ड्रॉप आउट किशोरियो को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया गया।

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में चलाये जा रहे 'संकल्प' हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के कार्मिकों द्वारा चौथे दिन की थीम यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य के तहत आयोजित राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में ड्रॉप आउट किशोरियो को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वास्थ्य व स्वच्छता के बारे में जागरूक करते हुए सेनेटरी पैड वित. रित किए गए।




इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जिला मिशन समन्वयक हब फॉर इम्पावरमेंट श्रीमती नेहा शर्मा, जेण्डर स्पेशलिस्ट श्रीमती रोबिन सैनी आदि मौजूद रहे।

# विधायक चौ.किरत ने किया समिति का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नगर के निकटवर्ती गांव ढायकी में हरियाणा सरकार के राज्य मंत्री राजेश नागर,शिवालिक बोंड के चेयरमैन ओमप्रकाश गुर्जर, विधायक किरत सिंह ने साधन सहक. ारी समिति और सड़कों का किया उद्घाटन।

शुक्रवार हरियाणा सरकार के राज्य मंत्री राजेश नागर, हरियाणा शिवालिंक बांड के चेयरमैन ओमप्रकाश गुर्जर और गंगोह विधायक किरत सिंह ने अंबेहटा के गांव ढायकी में विधायक निधि से निर्मित साधन सहकारी समिति का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गांव में आधा दर्जन से अधिक सड़कों का लोकार्पण भी किया गया।राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि इस सहकारी समिति के खुलने से आसपास के किसानों को काफी लाभ होगा क्योंकि यह उनकी आर्थिक और कृषि संबंधी जरूरतों को पूरा करने में सहायता प्रदान करेगी उत्तर प्रदेश सरकार का यह कदम क्षेत्र में सहक. ारी आंदोलन को बढ़ावा देने का और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। शिवालिक बोंड के चेयरमैन ओमप्रकाश गुर्जर, गंगोह विधायक किरत सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों के जीवन को बेहतर बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि योगी सरकार ग्रामीण विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी, ऑपरेटिव बैंक चेयरमैन राजपाल सिंह जुड़ा,रविंद्र पुंडीर, अरविंद पंवार, नवीन खटाना,भाजपा नेता पदम सिंह ढायकी, अनुज प्रधान, चौधरी अंजय ढायकी,तीतरो मंडल अध्यक्ष वीरसैन कश्यप, गंगोह मंडल अध्यक्ष राजेश गांधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुशील पंवार, चौधरी शिवकुमार प्रधान, राधेश्याम शर्मा जिला महामंत्री,राजकुमार खेडी,और विनीत चौधरी, रोहित पंवार खेडी,अरविंद प्रधान, सचिन चौधरी,



## कंकराली मार्ग पर गड्ढा बना कलंक

**गंगोह।** योगी सरकार में गंगोह में कंकराली मार्ग स्थित एक गड्ढा कलंक बन गया है।

फोटो में गड्ढा देखा जा सकता है ये स्थिति बन गई हैं। बारिश के पानी मे गड्ढ़े दिखाई न देने से राहगीरों को नजर नही आता है। फलस्वरूप इसमे गुरुवार की रात में ई रिक्शा पलट गई। जिसमें बताया गया है कि बैंक कर्मी बैठे हुए थे। वही कुछ रोज पहले एक महिला का हाथ टूट गया था। रोज लोग चोटिल हो रहे है। लोकनिर्माण विभाग ने अपनी सड़क होने से पल्ला झाड़ लिया है। मगर नगर पालिका ईओ ने भी इसे गम्भीरता ने नही लिया है। वर्ना इतना बड़ा कार्य नही है कि उनके लिए जो। करा न सके ।ठीक न होने पर लोगों को यहां इसी तरह चोटिल होना पड़ेगा। राहगीरों को यहां से निकलना मुश्किल ही नही जान पर आफत बन रहा है।

# कर्मचारियों व शिक्षकों ने ओपीएस बहाली को रखा उपवास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आल टीचर्स एंड इम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन से जुडे शिक्षकों व कर्मचारियों ने आज उपवास रख सरकार से पुरानी पेंशन बहाल किये जाने की मांग की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के आहवान पर आज हकीकत नगर धरना स्थल पर जिलाध्यक्ष रजनीश सहगल के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष तालिक हसन, महामंत्री प्रवीण चौधरी, जिला महामंत्री पंकज सिरोही, ब्लाक अध्यक्ष धीरसिंह, अनुज कुमार, राक. ेश सोलंकी, श्रीमती चंचल नागपाल, श्रीमती ब्रिजेश, गौरव कुमार, अमित राठी व ललित राठी ने एक दिन का उपवास रखा।

मुख्य अतिथि के रूप में उपवास कार्यक्रम में शामिल हुए प्राचार्य डा. चंद्रशेखर एवं गजेंद्र चौहान ने अटेवा की पुरानी पेंशन बहाली की मांग को




जायज ठहराया। आंदोलनरत कर्मचारियों ने कहा कि एनपीएस व यूपीएस कर्मचारियों के साथ धोखा है। इसलिये मरते दम तक ओपीएस की लडाई जारी रहेगी। बाद में धरना स्थल पर पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट ने जूस पिलाकर उपवास समाप्त कराया।

इस दौरान डा.अनिल बावेर, उमेश कुमार, संदीप खटाना, योगेंद्र सिंह, अमित कुमार, श्याम नागपाल, धनेंद्र कुमार, तरूण सिंह, अरविंद कुमार, चेतन चौहान, गुरमीत सिंह, विकास पंवार, तेजपाल सिंह, जैनब जुबैरी, फरहाना, अंजुम, संजय कुमार, सपना जैन, आशा गौर, हरिपाल सिंह, अरविंद पंवार, प्रमोद कुमार, रामभूल, बाबूराम आदि मौजूद रहे।

## प्रेमी युगल की शादी कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शुक्रवार को समाजिक लोगों ने दो प्रेमियों को मिलते हुए मंदिर में शादी करा दी। प्रेमी-युगल ने कोतवाली पहुंचकर दोनों की शादी करने की गुहार लगाई थी।

गंगोह की लडकी राधा ओर कैराना क्षेत्र के बराला गांव का लडका मोहित पुत्र सीता राम शुक्रवार को थाने पर पहुंचे और अपने प्यार की दुहाई देते हुए कहा कि साहब हम दोनों 5 सालों से एक दूसरे से प्यार करते है, हमारे घर वाले हमारे प्यार के खिलाफ है आप हमारी शादी करा दो। पुलिस ने प्रेमी जोड़े के स्वजन को मौके पर बुलाकर फैसला कराने का प्रयास किया। इसी समय मौके पर मौजूद कैराना क्षेत्र के गांव बराला के प्रधान प्रतिनिधि हारून चौधरी साथी नौशाद और गंगोह क्षेत्र के गांव पीरमाजरा के पूर्व प्रधान इमरान ने दोनों के परिजनों को समझाया इन लोगों ने कोतवाली में बने शिव मंदिर में दोनों की शादी करा दी।

# सपा शिक्षक नेता महताब को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शिक्षकों के सम्मान की परंपरा को आगे बढाते हुए सपा शिक्षक सपा के प्रदेश अध्यक्ष एस पी सिंह पटेल ने प्रदेश सचिव व मंडल प्रभारी महताब अली समेत प्रदेशभर के शिक्षकों को सम्मानित किया।

प्रदेश कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में महताब अली को यह सम्मान जिले में उनके शैक्षणिक नेतृत्व, युवा विकास के प्रति समर्पण तथा सामाजिक उत्थान में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया। महताब अली ने शिक्षा जगत में एम एम इंटरनेशनल स्कूल के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य किया है। पूर्व में सपा छात्र सभा से जुड़कर छात्रों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया ओर अब शिक्षक नेता के रूप में उन्होंने समाजवाद की विचारधारा सामाजिक समरसता एवं जनकल्याण के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाई है।



महताब अली का अनुभव एवं जुनून शिक्षकों को समाजवाद की विचारधारा से जोड़ कर राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस मौके पर प्रमुख प्रदेश महासचिव डॉ कमलेश यादव उपाध्यक्ष शाह आलम प्रदेश उपाध्यक्ष कौशल कुमार भड़ोदा डॉ साकिब आदि मौजूद रहे।

# शिविर में 150 लोगों के स्वास्थ्य की जांच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** करुणा माह यानि यौमे रहमत के पावन अवसर पर वर्क द्वारा मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

ब्राउनवुड स्कूल में आयोजित शिविर में सामान्य स्वास्थ्य ईसीजी, मधुमेह, पुरुषों, महिलाओं व बच्चों से संबंधित रोगों का परीक्षण किया गया। इसके अलावा नेत्र जाँच शिविर व रक्तदान शिविर का भी आयोजन हुआ। शिविर का 150 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। शिविर का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य सय्यद अमीर हम्जा ने किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर पुराने शहर के स्कूलों में नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए।

शिविर में डा शबाब अंसारी, डा.सफीना तबस्सुम, डा. नीलम खान, डा. तय्यब जुबेरी, डा.मुहम्मद आजम, डा. आदिल खान के अलावा नदीम मलिक, अदील फारूक, शफात अजीम, मयंक संगल, आसिफ अंसारी, मुहम्मद जावेद, काशिफ हुसैन, नावेद मलिक, मुहम्मद जाकिर, आबिद हसन, आदि शामिल रहे।

## आपदा पर दुख जताया

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन रक्षक के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ओहलन ने उत्तराखंड, हिमाचल और पंजाब में आई आपदा पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि पंजाब में आई बाढ़ से कई लोग बेघर हो गए हैं, फसलें नष्ट हो गई हैं, बड़ी संख्या में गाय-भैंस और अन्य पशुधन बह गए हैं तथा कई लोगों ने अपनी जान गंवा दी है। इस प्राकृतिक आपदा के सामने किसी का भी बस नहीं चलता, लेकिन पीड़ित परिवारों की हरसंभव मदद करना हमारा कर्तव्य है। श्री ओ. हलन ने बताया कि यूनियन ने किसानों और व्यापारियों की मदद से पंजाब के लिए खाद्य सामग्री, दवाइयां, पशुओं के लिए चारा और कपड़े आदि एकत्रित किए हैं। उन्होंने सहयोग करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया। किसान यूनियन रक्षक की टीम 6 सितंबर 2025 को राहत सामग्री लेकर पंजाब के गुरद. ासपुर के लिए रवाना होगी।

# आईआईए ने जताया पीएम व वित्त मंत्री का आभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने जीएसटी की दरे कम किये जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया।

सहारनपुर क्लब में आयोजित कोर ग्रुप बैठक में चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जीएसटी की सिर्फ 3 स्लैब 5 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 40 प्रतिशत होगी। 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब को खत्म कर दिया गया है यह निर्णय विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को राहत पहुँचाने वाला है तथा व्यापार एवं उद्योग जगत के लिए एक ऐतिहासिक एवं सकारात्मक कदम माना गया।

बैठक में आगामी आईआईए पारिवारिक दीपावली समारोह के आयोजन को लेकर निर्णय लिया गया कि इस आयोजन को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए आप सभी सदस्यों के सहयोग की आवश्यकता है साथ ही उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक कमेटी गठित की गई। इसके अतिरिक्त मंथन / क्षेत्रीय मीटिंग के आयोजन पर भी चर्चा हुई। अंत में चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा, चैप्टर सचिव कुशल शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालड़ा ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

कोर ग्रुप बैठक मे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी, सीईसी सदस्य कृष्ण राजीव सिंघल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर. के.धवन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद सडाना, अशोक बंजाज, संजय अरोड़ा, स. हरजीत सिंह, सुनील सैनी, अरविन्द खन्ना, प्रेम क्वात्रा, अतीश गुप्ता, राजकुमार अरोड़ा, अनुज कुमार जैन, शिवम गोयल, अविजीत सिंह छाबडा, अमित कुमार अरोड़ा, कुलदीप सिंह, मनोज जैन, तन्मय सचदेवा, अशोक पोसवाल आदि सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे।



# ट्रम्प की हताशा

रूस से तेल खरीद को लेकर अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ तो लगा दिया, लेकिन देखने में आ रहा है कि इस फैसले से वह भारत से ज्यादा स्वयं परेशान दिखाई दे रहा है। यह आए दिन अमेरिकी प्रशासन से आए बयानों से भी झलकता है। शुक्रवार को भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्वीट पर पोस्ट में एक तस्वीर शेयर की है, इस तस्वीर में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन, पीएम मोदी और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग नजर आ रहे हैं।

यह तस्वीर चीन में हाल ही में संपन्न हुए शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान की है। जहां तीनों नेता मिले थे। ट्रम्प ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि उन्हें लगता है कि हमने भारत और रूस को गहरे अंधकार में चीन के हाथों खो दिया है। पोस्ट में वह यह भी कहते नजर आ रहे हैं कि ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और स्मृद्ध हो। जाहिर है, पुतिन, जिनपिंग और पीएम मोदी की तिगड़ी से डोनाल्ड ट्रम्प काफी परेशान नजर आ रहे हैं। जहां तक बात भारत की है, जब साप्ताहिक प्रेस कान्फ्रेंस में शुक्रवार को इस पोस्ट को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से सवाल पूछा गया तो उन्होंने साफ कहा कि इस पोस्ट पर उनकी कोई टिप्पणी नहीं है। असल में भारत से टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति अपने घर में भी घिरते जा रहे हैं। कई अमेरिकी अधिकारियों ने राष्ट्रपति ट्रम्प को भारत के साथ संबंध सुधारने की नसीहत दी है। इसमें पूर्व अमेरिकी एनएसए जॉन बोल्टन, पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलविन और पूर्व विदेश मंत्री कैम्बेल शामिल हैं। इन तमाम लोगों का कहना है कि भारत पर टैरिफ लगाकर अमेरिका ने जहां चीन को बड़ा मौका दिया है कि वह विश्व मंच पर अपनी पहचान बनाए, वहीं उसने अपने एक रणनीतिकार दोस्त को भी खोने का काम किया है, क्योंकि नेताओं की नजर में भारत ही एक ऐसा देश है जो चीन की मनमानी को रोक सकता है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने ट्रम्प के करीबी पीटर नवारो के बयान जिस तरह भारत के संबंध में आ रहे हैं, उनको सख्ती से खारिज किया है। विदेश मंत्रालय ने साफ किया है कि नवारो के बयान न केवल गलत हैं बल्कि भयावह भी हैं। विदेशी मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि भारत-अमेरिका के रिश्ते गहरे हैं और इन्हें भ्रामक बयानों से प्रभावित नहीं किया जा सकता। भारत का यह भी कहना है कि भारत और अमेरिकी व्यापक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं। यह लोगों के बीच मजबूत रिश्तों पर आधारित है। जायसवाल ने संबंधों को आगे बढ़ाने की बात भी कही और उन्होंने क्वाड को जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया शामिल हैं साझा हितों पर चर्चा के लिए महत्वपूर्ण मंच बताया। मतलब साफ है कि भारत अपने विकल्प तलाश कर रहा है, जोकि उसका अधिकार है, क्योंकि हर राष्ट्र को अपने हितों के अनुरूप आगे बढ़ने का हक है, लेकिन भारत किसी भी गुट में शामिल नहीं है, जैसीकि ट्रम्प कह रहे हैं। भारत की विदेश नीति स्वतंत्र और अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप है।

## व्यक्ति को सक्षम बनाती है शिक्षा




भोजन, वस्त्र और आवास की तरह शिक्षा भी व्यक्ति के सम्मान और सुरक्षा के लिए आवश्यक है, समझदार शिक्षक बच्चों में सम्मान और सुरक्षा की भावना पैदा करते हैं, शिक्षा व्यक्ति को सक्षम बनाती है, शिक्षा की शक्ति से गरीब से गरीब पृष्ठभूमि के बच्चे भी उन्नति के आसमान को छू सकते हैं, बच्चों की उड़ान को बल देने में स्नेही और समर्पित शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, शिक्षकों का सबसे बड़ा पुरस्कार यही है कि उनके विद्यार्थी उन्हें जीवन भर याद रखें और परिवार, समाज और देश के लिए सराहनीय योगदान दें, विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण एक शिक्षक का प्राथमिक कर्तव्य है, एक अच्छे शिक्षक में भावनाएं और बुद्धि दोनों होती हैं।

**द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति**

# सरकारी स्कूलों को जिंदा रहने दें 'प्लीज'



पवन सिंह



सरकारी स्कूलों को जिंदा रहने दीजिए प्लीज। न बंद करिए न ही किसी दूर के विद्यालयों में समाहित करिए। इन बच्चों को कोई स्कूल बस लेने नहीं आती। कोई स्कूल का रिक्शा लेने नहीं आता। इनके मां-बाप कार, स्कूटर, बाइक से छोड़ने नहीं आते। इन बच्चों से कांपती हुई छत मत छीनिए। टूटा हुआ बाथरूम चलेगा। पानी भी वे स्कूल के बाहर किसी हैंडपंप से पी लेंगे। आप सोने से धर्म स्थलों के गुंबद सजाएं और लाखों दीए जलाएं। कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन ये टूटे हुए स्कूल, इन बच्चों के लिए छोड़ दीजिए। नेचर के न्याय से डरिए। आप क्रूरतम हो जाइए, यह भी चलेगा, लेकिन स्कूल चलने दीजिए। ये बच्चे आपसे कभी कुछ नहीं मांगते। आप चाहें तो ड्रेस और स्कूल बैग भी मत दीजिए। मत दीजिए स्वेटर। यह फटी कमीज और झोला लेकर भी चले जाएंगे। आप धार्मिक यात्रियों पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाइए या हाइवे के ऊपर हाईवे बनाइए, लेकिन इन बच्चों से स्कूल मत छीनिए सर।

इन बच्चों ने कभी आपसे कोई शिकवा-शिकायत नहीं की। कभी आपके खिलाफ सड़कों पर नहीं उतरे। कभी आपके खिलाफ नारे नहीं लगाए। बंद कर दीजिए मिड-डे-मील भी। यह अपने घर से रोटी, नमक और प्याज ले आएंगे। पहले भी लाते थे, लेकिन आप से खाना नहीं मांगेंगे। स्कूल क्यों बंद कर दिए साहेब। जिन अफसरों की सलाह पर यह पाप हुआ है। वे एक दिन इस अपराध का प्रकृतिजनित दंड जरूर भोगेंगे। बंद स्कूलों के गेटों पर रोते हुए बच्चों के वीडियो भी आप की आंखों को नम नहीं कर सके। स्कूलों में मास्टर नहीं जाते। या कम जाते हैं तो यह प्रशासनिक लापरवाही थी। कुछ इस तरह के मानक बनाते कि मास्टर का घर और स्कूल 20-25 किलोमीटर के क्षेत्रफल में होता। गांव के लोगों की समितियां बनाकर मास्टर की उपस्थिति पर नजर रखते, लेकिन सीधे स्कूल ही बंद कर दिए। अब तो उत्तर प्रदेश सरकार ने कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को बंद करने का आदेश जारी कर ही दिया है। स्कूलों को सम्बद्ध करने से 27,000 परिषदीय विद्यालय बंद होंगे या बंद हो गए हैं और करीब 1 लाख 35 हजार सहायक शिक्षक व 27 हजार प्रधानाध्यापक के पद खत्म। शिक्षामित्रों व रसोइयों की सेवाएं भी खत्म। कक्षा 8 तक के सरकारी स्कूलों को एक बेहद शर्मनाक निर्णय के तहत निपटाने का खेल पूरा हुआ। ऐसा नहीं है कि यह खेल उत्तर प्रदेश में ही खेला गया। देश में पिछले 10 सालों में तमाम स्कूल निपटा दिए गए। उत्तर प्रदेश में परिषदीय स्कूलों की कुल संख्या 1 लाख 32 हजार है। जिन स्कूलों में भी छात्रों की संख्या 50 से कम है वो किसी और स्कूल के साथ मर्ज हो जाएंगे मर्ज हो रहे हैं। अब अगर स्कूलों के रास्ते में कोई नदी, हाईवे, रेलवे ट्रैक, नाला। आ रहा है तो वे स्कूल भी मर्ज हो जाएंगे। केवल लखनऊ में ही ऐसे 445 प्राइमरी और अपर प्राइमरी स्कूलों की विलय प्रक्रिया शुरू हो रही है। ASER 2024 रिपोर्ट के अनुसार सरकारी स्कूलों में शिक्षा पर व्यय GDP का सिर्फ 4.6% है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति NEP 2020 द्वारा निर्धारित 6% के लक्ष्य से काफी कम है। जबकि विश्व में शिक्षा पर सबसे ज्यादा जीडीपी खर्च करने वाले देशों में सोलोमन द्वीप समूह लगभग 12.6%, ग्रीनलैंड 10.5%, नामीबिया 9.64% व बोलीविया 9.84% के नाम सामने आते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका ने वर्ष, 2020 में अपने सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 6.05 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च किया था और आज भी उसका शिक्षा पर बजट जबरदस्त है। सऊदी अरब ने भी वर्ष, 2023 में शिक्षा पर अपने जीडीपी का 7.81 प्रतिशत खर्च किया, जो आज भी लगभग इसके आसपास ही है। चिली जैसा छोटा सा देश उच्च शिक्षा पर जीडीपी का 2.4 प्रतिशत खर्च करता है। स्वीडन व ऑस्ट्रेलिया भी उन देशों की फेहरिस्त में शामिल हैं जो शिक्षा पर अच्छा-खासा बजट खर्च करते हैं। अपने देश में विगत 10 सालों में (2014-15 से 2023-24 तक) सरकारी स्कूलों की संख्या में 8% की कमी आई है। जबकि इसके विपरीत निजी स्कूलों की संख्या इन्हीं 10 सालों में 14.9% बढ़ी है। यह डाटा लोकसभा में खुद ही सरकार प्रस्तुत कर चुकी है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष, 2014-15 और 2023-24 के बीच सरकारी स्कूलों की संख्या 11 लाख 7 हजार 101 से घटकर 10 लाख 17 हजार 660 रह गई। इसके विपरीत निजी स्कूलों की जो संख्या 2 लाख 88 हजार 164 थी वह इसी बीच बढ़कर 3 लाख 31 हजार 108 हो गई।

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार हिंदूवादी प्रयोगशाला वाले दो सबसे महत्वपूर्ण राज्यों मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश में क्रमशः 29 हजार 410 व 25 हजार 126 स्कूल निपट गए। अन्य राज्यों में क्रमशः जम्मू कश्मीर में 21.4%, ओडिशा में 17.1%, अरुणाचल प्रदेश में 16.4%, नागालैंड में 14.4%, झारखंड में 13.4%, गोवा में 12.9% और उत्तराखंड में 8.7% सरकारी स्कूल कम हो गए। मैंने कहीं एक लेख पढ़ा था जो आज भी याद है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन में क्लेमेंट एटली के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी की सरकार बनी। एटली ने लगभग हर मद को घटा दिया लेकिन शिक्षा के बजट को कम नहीं किया। उल्टा शिक्षा के बजट को यह कह कर बढ़ा दिया कि युद्ध से जो नुकसान हुआ है वह एक दिन पूरा हो जाएगा लेकिन अगर एक पीढ़ी शिक्षा से वंचित हो गई तो इसका नुकसान कोई नहीं भर पाएगा। यही कारण है कि औद्योगिक क्रांति करने वाला पहला देश भी ब्रिटेन बना और वह ग्रेट ब्रिटेन इस लिए बना क्योंकि उसने शिक्षा के साथ समझौता नहीं किया।

अब तो उत्तर प्रदेश सरकार ने कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को बंद करने का आदेश जारी कर ही दिया है। स्कूलों को सम्बद्ध करने से 27,000 परिषदीय विद्यालय बंद होंगे या बंद हो गए हैं और करीब 1 लाख 35 हजार सहायक शिक्षक व 27 हजार प्रधानाध्यापक के पद खत्म। शिक्षामित्रों व रसोइयों की सेवाएं भी खत्म। कक्षा 8 तक के सरकारी स्कूलों को एक बेहद शर्मनाक निर्णय के तहत निपटाने का खेल पूरा हुआ। ऐसा नहीं है कि यह खेल उत्तर प्रदेश में ही खेला गया। देश में पिछले 10 सालों में तमाम स्कूल निपटा दिए गए। उत्तर प्रदेश में परिषदीय स्कूलों की कुल संख्या 1 लाख 32 हजार है। जिन स्कूलों में भी छात्रों की संख्या 50 से कम है वो किसी और स्कूल के साथ मर्ज हो जाएंगे मर्ज हो रहे हैं। अब अगर स्कूलों के रास्ते में कोई नदी, हाईवे, रेलवे ट्रैक, नाला। आ रहा है तो वे स्कूल भी मर्ज हो जाएंगे। केवल लखनऊ में ही ऐसे 445 प्राइमरी और अपर प्राइमरी स्कूलों की विलय प्रक्रिया शुरू हो रही है। ASER 2024 रिपोर्ट के अनुसार सरकारी स्कूलों में शिक्षा पर व्यय GDP का सिर्फ 4.6% है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति NEP 2020 द्वारा निर्धारित 6% के लक्ष्य से काफी कम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या आंतों में छिपा है अवसाद का राज

**सबसे बड़ी रुकावट तो यह है कि कंपनियां इसमें भारी निवेश नहीं करना चाहतीं क्योंकि दवा कंपनियां दवाइयों पर तो पेटेंट ले सकती हैं, उन्हें आसानी से बेच सकती हैं और मुनाफा कमा सकती हैं। लेकिन प्रोबायोटिक्स या डाइट प्लान को इस तरह बेचना मुश्किल है। अवसाद या मान. सिक समस्याओं से पीड़ित लोगों के सूक्ष्मजीव संसार पर आधारित इलाज एक नया नजरिया है। यह मानसिक बीमारियों को देखने की धारणाओं को भी बदल सकता है। अब मानसिक रोगों को सिर्फ दिमाग की गड़बड़ी नहीं, बल्कि शरीर, सूक्ष्मजीवों और मन के बीच जटिल संवाद का नतीजा माना जा सकता है।**

अवसाद आज दुनिया की सबसे आम मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है, जो व्यक्ति के सोचने, महसूस करने और जीने के तरीके को प्रभावित करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 28 करोड़ लोग यानी करीब 5 प्रतिशत वयस्क अवसाद से पीड़ित हैं।

गौरतलब है कि लंबे समय से अवसाद और चिंता को दिमाग की रासायनिक प्रक्रिया, जीन या जीवन की परिस्थितियों से जोड़ा जाता रहा है। लेकिन अब शोध से यह पता चला है कि हमारी आंतों में मौजूद सूक्ष्मजीव संसार - यानी बैक्टीरिया, फफूंद और अन्य सूक्ष्मजीवों का विशाल संसार - हमारे मूड को नियंत्रित करने में बड़ी भूमिका निभाता है। शुरुआत में वैज्ञानिकों ने बस एक सह-सम्बंध देखा थारू जिन लोगों को अवसाद या चिंता थी, उनके आंतों में पाए जाने वाले सूक्ष्मजीव स्वस्थ लोगों से अलग थे। फिर 2016 के दो अलग-अलग अध्ययनों में जब अवसाद से पीड़ित मनुष्यों की विष्ठा चूहों की आंत में डाली गई, तो चूहों में भी अवसाद जैसे लक्षण दिखने लगे। वे आनंद या खुशी का अनुभव करने में रुचि खो बैठे, उनमें चिंता जैसी हरकतें दिखीं और उनके मस्तिष्क की रासायनिक प्रक्रियाएं भी बदल गई। इस खोज से यह स्पष्ट हुआ कि मानसिक बीमारियां सिर्फ जीन या किसी सदमे से नहीं होतीं, बल्कि सूक्ष्मजीवों के जरिए भी 'स्थानांतरित' हो सकती हैं। इससे एक नया सवाल उठारू अगर अस्वास्थ्यकर सूक्ष्मजीव बीमारी फैला सकते हैं, तो क्या स्वस्थ सूक्ष्मजीव हमें फिर से स्वस्थ बना सकते हैं?

### जवाबों की ओर पहला कदम

इससे प्रेरित होकर, युनिवर्सिटी ऑफ कैलगरी की मनोचिकित्सक वैलेरी टेलर ने मनुष्यों पर परीक्षण शुरू किए। उन्होंने बाइपोलर डिसऑर्डर जैसी बीमारियों से शुरुआत की जिन्हें ठीक करना सबसे मुश्किल माना जाता है। उनका सोचना था कि अगर उस मामले में विष्ठा सूक्ष्मजीव प्रत्यारोपण फीकल माइक्रोबायोटा ट्रांसप्लांट कारगर साबित होता है, तो यह अन्य बीमा. रियों में भी मदद कर सकता है। शुरुआती अध्ययनों में दिखा कि आंतों के सूक्ष्मजीव संसार में बदलाव से मूड बेहतर हो सकता है। हालांकि FMT हर व्यक्ति पर एक जैसा असर नहीं करता, लेकिन कुछ मरीजों के लिए यह जिंदगी बदल देने वाला साबित हुआ। लेकिन एक समस्या है FMT से यह स्पष्ट नहीं हो पाता कि कौन-से विशेष सूक्ष्मजीव इसके लिए जिम्मेदार हैं। यह किसी खास बैक्टीरिया को नहीं बल्कि पूरे सूक्ष्मजीव संसार का पुनर्गठन करता है। शुरुआत के लिए तो ठीक है, लेकिन बहुत सटीक नहीं। इसी कमी को दूर करने के लिए वैज्ञानिक अब साइकोबायोटिक्स पर काम कर रहे हैं - यानी ऐसे फायदेमंद बैक्टीरिया प्रोबायोटिक्स के रूप में जो मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करते हैं। कुछ छोटे मानव परीक्षण बताते हैं कि इलाज के लिए अपने आप में इनकी क्षमता सीमित है, लेकिन साइक. ोबायोटिक्स अवसादरोधी दवाइयों का असर बढ़ा सकते हैं।

इस सम्बंध में वैज्ञानिकों का ध्यान आहार पर भी रहा है। हमारा आहार हमारी आंत के सूक्ष्मजीव संसार को गहराई से प्रभावित करता है। 2017 में ऑस्ट्रेलिया में हुए एक मशहूर अध्ययन में पाया गया था कि मेडिटेरेनियन डाइट जिसमें फल, सब्जियां, दालें, मछली और साबुत अनाज अधिक हों अपनाने से प्रतिभागियों में अवसाद के लक्षण काफी कम हुए। भोजन से शरीर को प्रोबायोटिक्स मिलते हैं। ए ऐसे तत्व हैं जिन पर अच्छे बैक्टीरिया पनपते हैं और इस तरह एक स्वस्थ सूक्ष्मजीव समुदाय विकसित होता है। शुरुआती नतीजे उत्साहजनक हैं, लेकिन यह क्षेत्र अभी नया है और इसमें कई सवाल बाकी हैं। जैसे, मानसिक स्वास्थ्य के लिए कौन-से खास सूक्ष्मजीव सबसे ज्यादा जरूरी हैं? फायदा सूक्ष्मजीवों की विविधता से होता है या कुछ खास सूक्ष्मजीवों की उपस्थिति या अनुपस्थिति से? कितने समय तक सूक्ष्मजीव संसार में बदलाव बने रहने चाहिए ताकि लक्षणों में सुधार दिखे? प्रोबायोटिक्स का असर इसलिए है कि वे अवसादरो. धियों की क्षमता बढ़ाते हैं या वे एक बिल्कुल अलग प्रक्रिया से काम करते हैं? वैज्ञानिक भविष्य में मान. सिक स्वास्थ्य की ऐसी चिकित्सा की कल्पना कर रहे हैं, जिसमें इलाज का तौर-तरीका मरीज की आंतों के सूक्ष्मजीवों के अनुसार तय किया जाएगा।

**स्रोत फीचर्स**

# हाईटैक सिटी गुरुग्राम में जलभराव का दोषी कौन



रजनीश कपूर

आज केगुरुग्राम, जिसे 'मिलेनियम सिटी' और 'साइबर सिटी' जैसे गौरवशाली नामों से नवाजा जाता है, हर साल मानसून के आगमन के साथ एक जलमग्न नरक में तब्दील हो जाता है। महज दो घंटे की बारिश इस शहर को घुटनों तक पानी में डुबो देती है। सड़कों पर घंटों लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता है। करोड़ों रूपए की कीमत वाले आलीशान घरों में रहने वाले लोग बुनियादी सुविधाओं के अभाव में त्रस्त हो उठते हैं। यह विडंबना है कि एक ओर गुरुग्राम भारत के सबसे महंगे रियल एस्टेट बाजारों में से एक है, जहां लोग भारी-भरकम टैक्स और किराए चुकाते हैं, वहीं दूसरी ओर सरकारी विभागों की लापरवाही और गैर-जिम्मेदारी के कारण यह शहर हर बारिश में डूब जाता है। इस संकट ने न केवल शहर की छवि को धूमिल किया है, बल्कि निवा. सियों के बीच गुस्सा और निराशा को भी बढ़ावा दिया है।

हाल ही में, प्रसिद्ध लेखक और उद्यमी सुहेल सेठ ने एक सार्वजनिक मंच पर हरियाणा सरकार और स्थानीय प्रशासन की कड़ी आलोचना की। उन्होंने गुरुग्राम की स्थिति को 'शर्मनाक' करार देते हुए कहा, ह्गुरुग्राम खत्म हो चुका है। आप कल्पना भी नहीं कर सकते। इसकी शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने की और वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस स्थिति को संभाल नहीं पा रहे। बीजेपी को गंभीर आत्ममंथन की जरूरत है। वे 11 साल से इस राज्य को चला रहे हैं, अब नेहरू को दोष नहीं दे सकते। सेठ की यह टिप्पणी न केवल गुरुग्राम की बदहाल स्थिति को उजागर करती है, बल्कि सरकारी एजेंसियों की जवाब. देही की कमी को भी रेखांकित करती है।

सुहेल सेठ ने अपनी एक अन्य टिप्पणी में कहा, क्या नालों की सफाई के लिए रॉकेट साइंस चाहिए? नहीं, बिल्कुल नहीं। उनकी यह बात सटीक है। गुरुग्राम जैसे शहर, जो गूगल, मेटा और सैमसंग जैसे बड़े कॉरपोरेट्स का घर है, को बुनियादी ढांचे के मामले में इतना पिछड़ा होना न केवल शर्मनाक है, बल्कि यह एक गंभीर प्रशासनिक विफलता को भी दर्शाता है। निवासियों का गुस्सा जायज है, क्योंकि वे अपनी मेहनत की कमाई से भारी टैक्स और किराए चुकाते हैं, लेकिन बदले में उन्हें बारिश में डूबता शहर और घंटों का ट्रैफिक जाम मिलता है।

गुरुग्राम में जलभराव की समस्या कोई नई बात नहीं है। हर साल मानसून के दौरान शहर की सड़कें नदियों में बदल जाती हैं, और प्रमुख मार्ग जैसे गोल्फ कोर्स रोड, सोहना रोड, और दिल्ली-जयपुर हाईवे पर घंटों तक ट्रैफिक रेंगता रहता है। 1 सितंबर 2025 को, महज चार घंटे की बारिश में 100 मिलीमीटर से अधिक वर्षा दर्ज की गई, जिसने शहर को पूरी तरह ठप कर दिया। नेशनल हाईवे-48 पर 7 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। लोग घंटों तक सड़कों पर फंसे रहे। सोशल मीडिया पर निवासियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिसमें गोल्फ कोर्स रोड जैसे पॉश इलाकों में गहरे पानी में डूबी गाड़ियां और फंसे हुए लोग दिखाई दिए।



गुरुग्राम में जन्में और वहीं पर बसे एक सफल उद्यमी और समाज सेवी शरद गोयल ने हाल ही में एक चौनल में दिए इंटरव्यू में कहा कि इस संकट का मूल कारण है शहर की अनियोजित शहरीकरण और सरक. ारी विभागों का आपसी तालमेल का अभाव। आज गुरुग्राम अनियंत्रित निर्माण और बुनियादी ढांचे की कमी का शिकार है।

गुरुग्राम की पुरानी भौगोलिक संरचना में कई प्राकृतिक जलाशय और नाले थे, जो बारिश के पानी को संचित करते थे। लेकिन तेजी से हुए निर्माण ने इन जल निकायों को नष्ट कर दिया। वे आगे कहते हैं कि जनता बारिश और जल भरवा से त्रस्त होती है लेकिन जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि कभी भी ऐसे मौकों पर सड़क पर दिखाई नहीं देते। नेताओं को छोड़िए निगम के अधिकारी भी ईद का चांद बने हुए हैं जो केवल अनियमितताओं के चलते ही हरकत में आते हैं। अपने गैर जिम्मेदाराना रवैए के लिए कभी भी जनता के बीच नहीं दिखाई देते।

सरकारी विभागों के बीच जवाबदेही का अभाव इस समस्या को और गंभीर बनाता है। म्युनिसिपल कॉरपोरेशन ऑफ गुरुग्राम एमसीजी, हरियाणा अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी हुडा और गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी जीएमडीए जैसे विभिन्न निकाय एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते हैं, लेकिन कोई भी पूर्ण रूप से समस्या का समाधान नहीं करता। गुरुग्राम हो या देश अन्य कोई शहर, सभी को इंदौर से सबक लेना चाहिए जहां के अधिकारी और जनता सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारियां पूर्णतः निभाते हैं और सुखी रहते हैं। समाधान के लिए दीर्घकालिक और टिकाऊ शहरी नियोजन की जरूरत है। प्राकृतिक जल निकायों को पुनर्जनन, आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कुओं का निर्माण और अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई जैसे कदम उठाए जाने चाहिए। साथ ही, सरकारी विभागों के बीच बेहतर तालमेल और जवाबदेही सुनिश्चित करने की भी आवश्यकता है। हर वो अधिकारी जो गुरुग्राम जैसे क्षेत्र में तैनाती पाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाता है वो यहां आते ही काम करने से क्यों बचता है? यदि किसी भी अधिकारी पर काम न करने पर तबादले की तलवार लटका दी जाए या कुछ आलसी अधिकारियों का तबादला कर दिया जाए तो इससे बाकी अधिकारियों के बीच एक सही संदेश जाएगा।

गुरुग्राम को 'मिलेनियम सिटी' का दर्जा बनाए रखने के लिए केवल आलीशान इमारतें और कॉरपोरेट कार्यालय पर्याप्त नहीं हैं, इसे एक ऐसा शहर बनाना होगा जो अपनी जनता को बुनियादी सुविधाएं और सम्मानजनक जीवन प्रदान कर सके। जब तक ए कदम नहीं उठाए जाते, तब तक गुरुग्राम हर मानसून में डूबता रहेगा और निवासियों की निराशा बढ़ती रहेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### युगांडा में एमपॉक्स के मामले 8001 पहुंचे, 50 की मौत

**कंपाला।** युगांडा में पिछले चौबीस घंटों में खतरनाक बीमारी एमपॉक्स के कारण दो लोगों की और मौत होने से इससे मरने वालों का आंकड़ा 50 पर पहुंच गया। साथ ही 15 नए मामले दर्ज किए गए जिससे इस बीमारी से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़कर 8001 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि नए मामले भले ही सामने आए हों लेकिन इस बीमारी का संक्रमण ढलान पर है। सप्ताह के आधार पर सामने आए मामलों को देख कर यह कहा जा सकता है कि संक्रमण की घटनाओं में कुल मिलाकर कमी आई है।

### श्रीलंका बस हादसे में कम से कम 15 मरे

**कोलंबो।** श्रीलंका के उवा प्रांत में एला-वेल्लावेया मार्ग पर गुरुवार रात एक बस दुर्घटना में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने इस दुर्घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा तब हुआ जब एक बस सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई। अस्पताल के एक प्रवक्ता ने बताया कि घायलों में कुछ की स्थिति बेहद गंभीर है। बस में सवार यात्री एक समूह में थे और वे छुट्टियां मना कर वापस लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि दुर्गम इलाके में पुलिस, सेना, अग्निशमन विभाग और स्थनीय लोगों के साथ बचाव कार्य चल रहा है।

### इटली के मशहूर डिजाइनर जियोर्जियो अरमानी का निधन

**रोम।** इटली के मशहूर फैशन डिजाइनर और अरमानी ग्रुप के संस्थपक जियोर्जियो अरमानी का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बीबीसी के मुताबिक वह इतालवी शैली और लालित्य के आदर्श थे, जिन्होंने आधुनिक दर्शकों के लिए पुरुषों और महिलाओं के परिधानों को डिजाइन किया था। अरमानी को दुनिया भर के फैशन में सबसे प्रभावशाली लोगों में से एक माना जाता था। वह अपनी आखिरी सांस तक बिजनेस और डिजाइन के काम में सक्रिय रहे।

# डिनर डिप्लोमेसी में 'ट्विस्ट': ट्रम्प की पार्टी में मस्क आउट

## ट्रम्प की डिनर पार्टी में शामिल हुए दिग्गज टेक बिजनेसमैन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार रात व्हाइट हाउस में टेक बिजनेसमैन के लिए डिनर रखा। इसमें गूगल सीईओ सुंदर पिंचाई, मेटा सीईओ मार्क जुकरबर्ग, ओपन एआई सीईओ सेम आल्टमैन, समेत कई दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए।

हालांकि, टेस्ला सीईओ एलन मस्क को न्योता नहीं दिया गया। ट्रम्प ने कहा: ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था, जब इतने सारे बुद्धिजीवी एकसाथ मिले हों। उन्होंने इस टीम को 'हाई आईक्यू ग्रुप' कहकर संबोधित किया। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक यह डिनर प्रेसिडेंट हाउस के रोज गार्डन में होना था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण यह स्टेट डाइनिंग रूम में किया गया। ट्रम्प के साथ डिनर में प्रथम महिला मेलानिया भी शामिल हुईं। उनके बगल में बिल गेट्स बैठे नजर आए। वहीं ट्रम्प



**ट्रम्प के साथ डिनर में प्रथम महिला मेलानिया भी शामिल हुईं, उनके बगल में बिल गेट्स बैठे नजर आए**

के बगल में मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग बैठे थे। बिल गेट्स ने मेलानिया की अध्यक्षता वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एजुकेशन प्रोग्राम की सराहना की। बिल गेट्स ने मेलानिया की अध्यक्षता वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एजुकेशन प्रोग्राम की सराहना की। मस्क कुछ महीने पहले तक ट्रम्प के सलाहकार थे, लेकिन अब दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं। इस डिनर में जेरेड इसाकमैन भी रहे। इसाकमैन ही वह शख्स हैं जिनकी वजह से मस्क और ट्रम्प के बीच दूरियां आनी शुरू हुईं। इसाकमैन मस्क के करीबी सहयोगी रहे हैं। उन्हें ट्रम्प ने स्पेस एजेंसी नासा की लीडरशिप के लिए चुना था। जब ट्रम्प और मस्क के बीच दूरी आ गई, तो इसाकमैन का नामिनेशन रद्द कर दिया गया। डिनर का आयोजन व्हाइट हाउस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिक्षा पर बनी नई टास्क फोर्स की बैठक के बाद हुई। टास्क फोर्स का मकसद अमेरिकी युवाओं के लिए एआई शिक्षा का विकास करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेलानिया ट्रम्प ने की। मेलानिया ने कहा कि एआई अभी शुरुआती दौर में है, इसलिए इसके साथ वैसा ही व्यवहार करना होगा जैसा बच्चों के साथ किया जाता है। इसे सतर्कता के साथ जिम्मेदार बनाना होगा। मेलानिया ने कहा कि हम एक खास समय में जी रहे हैं। बच्चों को इस भविष्य के लिए तैयार करना हमारी जिम्मेदारी है। पिछले महीने, मेलानिया ने के-12 ग्रेड के छात्रों के लिए एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता शुरू की, जिसमें एआई का उपयोग करके चुनौतियों का समाधान करने को कहा गया। हालांकि, उन्होंने एआई के नुकसान पर भी ध्यान दिया। मेलानिया ने इस साल एआई-जनरेटेड डीपफेक इमेज का इस्तेमाल कर आनलाइन यौन शोषण करने वालों के खिलाफ कानून बनाने की मांग की थी।




चेन्नई। अमेरिका द्वारा भारत पर हाल ही में लगाए गए टैरिफ बढ़ोतरी के विरोध में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ पोस्टर लेकर प्रदर्शन में भाग लेते वामपंथी दलों के कार्यकर्ता

# इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा 'पेंटागन'

## ट्रम्प देंगे इसको नया नामः युद्ध मंत्रालय

**वाशिंगटन।** अमेरिकी के पेंटागन को युद्ध मंत्रालय और रक्षा मंत्री को युद्ध मंत्री के नाम से जाना जाएगा। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नया कानून बनाने जा रहे हैं जिसके अंतर्गत ये दोनों नाम बदल दिए जाएंगे।

नया नाम रक्षा मंत्रालय, एक द्वितीयक पद के रूप में इस्तेमाल होगा और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को युद्ध मंत्री के नाम से जाना जाएगा। सरकार को इस पर

- **सरकार को इस पर कानून बनाने के लिए पहले अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी चाहिए होगी**
- **रक्षा शब्द से केवल रक्षात्मक क्षमताओं पर ही ध्यान जाता है**

कानून बनाने के लिए पहले अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी चाहिए होगी। नाम बदलने के तर्क में कहा गया है कि 'युद्ध मंत्रालय' नाम 'रक्षा मंत्रालय' की तुलना में कहीं अधिक तत्परता और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। रक्षा शब्द से केवल रक्षात्मक क्षमताओं पर ही ध्यान जाता है। विदित हो कि अमेरिकी सशस्त्र सेवाओं की देखरेख करने वाले पेंटागन को 1947 तक युद्ध मंत्रालय ही कहा जाता था।

# रूस और यूक्रेन युद्ध पर भारत की यूएन में दो टूक

**न्यूयार्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में कहा है कि वह रूस-यूक्रेन जंग को जल्द ही खत्म करने के लिए राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थई प्रतिनिधि पार्वथनेनी हरीश ने कहा कि भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंतित है। हमारा मानना है कि निर्दोष लोगों की जान नहीं जानी चाहिए।

युद्ध के मैदान में इसका कोई समाधान नहीं निकाला जा सकता। भारत ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि जंग खत्म करने के लिए बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है, चाहे यह रास्ता कितना भी कठिन क्यों न लगे। स्थई शांति के लिए दोनों देशों की भागीदारी और प्रतिबद्धता अहम है। जंग का जल्द ही अंत होना सभी के हित में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई मौकों पर कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। भारत

- **राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार फिर दोहराई पीएम मोदी की बातः ये युग युद्ध का नहीं**

इसके लिए कूटनीतिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। भारत इस दिशा में हाल के सकारात्मक घटनाक्रमों का स्वागत करता है। हमने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में हुई समिट का समर्थन किया। हम अलास्का समिट में हुई प्रगति की सराहना करते हैं। हम वाशिंगटन डीसी में यूक्रेनी राष्ट्रपति और यूरोपीय नेताओं के साथ ट्रम्प के कूटनीतिक प्रयासों की भी सराहना करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिलहाल की स्थिति को लेकर राष्ट्रपति पुतिन, राष्ट्रपति जेलेंस्की और यूरोपीय नेतृत्व के संपर्क में हैं।

# इजरायल के हवाई हमले में हूती के 12 सदस्य मारे गए

**यरूशलम।** इजरायल सेना के पिछले हफ्ते सना में एक सैन्य ठिकाने पर किए गए हवाई हमले में हूती समूह के 12 सदस्य मारे गए। सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि पिछले गुरुवार को हुए हमलों में यमन की राजधानी में एक सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया गया, जिसका इस्तेमाल हूती समूह के वरिष्ठ कमांडर करते थे, जहां सैन्य अधिकारी और सरकारी मंत्री मौजूद थे। बयान में इन अधिकारियों के नाम नहीं बताए गए, लेकिन हूती ने पिछले हफ्ते पुष्टि की थी कि हूती सरकार के प्रधानमंत्री अहमद गालिब अल-रहावी भी मारे गए लोगों में शामिल थे। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने गुरुवार को इजरायल पर हुए हालिया हूती हमलों का कड़ा जवाब देने का संकल्प लिया।

# वेनेजुएला ने अमेरिकी वॉरशिप के ऊपर उड़ाया एफ-16 फाइटर जेट

**तनाव बढ़ाः ताकत दिखाने की कोशिश न करें, अंजाम बुरा होगा**

**कराकस।** अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। वेनेजुएला के दो एफ-16 लड़ाकू विमानों ने गुरुवार को कैरेबियन सागर में अमेरिकी वारशिप यूएसए जेसन डनहम के ऊपर से उड़ान भरी।

अमेरिका ने इस कदम की आलोचना की और कहा कि वेनेजुएला ताकत दिखाने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी रक्षा विभाग ने देर रात जारी बयान में वेनेजुएला को चेतावनी दी कि वे आगे ऐसी उकसावे वाली हरकत की तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे। डनहम एक गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रायर वॉरशिप है, जिसे अमेरिका ने पिछले सप्ताह वेनेजुएला के पास तैनात किया था। अमेरिका के मुताबिक, यह जहाज ड्रग्स और आपराधिक संगठनों को निशाना बनाने के लिए तैनात किया गया है। 40 साल पहले अमेरिका और वेनेजुएला के बीच संबंध काफी अच्छे थे। साल 1982 में वेनेजुएला और अमेरिकी

## अमेरिका ने किया खबरदार



कंपनी लाकहीड मार्टिन के बीच 24 एफ-16 फाइटर जेट्स को लेकर करार हुआ था। इनकी डिलिवरी 1982 से 1985 के बीच हुई। यह पहली बार था जब किसी लैटिन अमेरिकी देश को एफ-16 दिए गए। शुरुआत में इन विमानों का रखरखाव और अपग्रेड भी अमेरिका ही करता था। 2000 के बाद जब ह्यूगो शावेज और फिर निकोलस मादुरो वेनेजुएला की सत्ता में आए, तब अमेरिका से इसके के रिश्ते बिगड़ गए। अमेरिका ने 2006 में वेनेजुएला पर हथियार प्रतिबंध लगा दिया, जिस कारण वेनेजुएला अब अपने एफ-16 के लिए अमेरिकी स्पेयर पार्ट्स नहीं खरीद सकता था। इसके चलते ज्यादातर एफ-16 जेट धीरे-धीरे खराब हो रहे हैं और इनका इस्तेमाल सीमित हो गया है। आधिकारिक तौर पर वेनेजुएला के पास अब 5 से 6 एफ-16 हैं जो उड़ने के काबिल हैं। बाकी या तो स्टोरेज में हैं या कबाड़ बन चुके हैं। वेनेजुएला ने इन्हें अपग्रेड कराने के लिए रूस और ईरान से मदद लेने की कोशिश भी की, लेकिन एफ-16 अमेरिकी तकनीक है, इसलिए इसे पूरी तरह से अपग्रेड करना मुश्किल हो गया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ड्रग कार्टेल पर सख्ती के लिए यह नौसैनिक अभियान शुरू किया था। इसी वजह से दोनों देशों के रिश्तों में और तनाव बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने राष्ट्रपति मादुरो पर आरोप लगाया है कि वह ड्रग कार्टेलों से मिले हुए हैं और उनकी मदद से अमेरिका और उसके इलाको में नशीले पदार्थों की तस्करी करते हैं।

# अफगान में नौ घंटे में पांच बार कांपी धरती

## जमीन से 50 किमी की गहराई में लगे इन झटकों के बाद अफगानिस्तान में दशहत का माहौल

**काबुल।** अफगानिस्तान में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। बीते नौ घंटे में यहा भूकंप के पांच झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह 7.46 बजे 4.6 तीव्रता का भूकंप आया।

इससे कुछ ही देर पहले यहां 5.2 तीव्रता के झटके लगे थे। इससे पहले गुरुवार आधी रात के बाद करीब 3:16 बजे 4.9 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले रात 11.58 बजे भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.1 मापी गई। नेशनल सेंटर फार सिस्मोलाजी (एनसीएस) के मुताबिक काबुल से 118 किलोमीटर दूर भूकंप आया।



- **इससे करीब आधे घंटे पहले लगे भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.8 मापी गई**

जमीन से 50 किमी की गहराई में लगे इन झटकों के बाद अफगानिस्तान में दहशत का माहौल है। बता दें कि 4.1 तीव्रता के भूकंप से चंद मिनट पहले भी धरती कांपी थी, जिसकी तीव्रता 5.8 मापी गई। इस तरह 24 घंटे से भी कम समय में चार झटके लगे और पांच घंटे के भीतर तीन बार धरती कांपी। इससे करीब आधे घंटे पहले लगे भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.8 मापी गई। भूकंप के झटके काबुल से पूर्वी दिशा में लगभग 133 किमी दूर आए। एनसीएस के मुताबिक भूकंप की गहराई 160 किमी रही। इससे पहले आज दिन में भी भूकंप के झटके महसूस किए थे। जिसकी तीव्रता 4.8 थी। भूकंप 135 किलोमीटर की गहराई में आया था। बता दें कि 4 सितम्बर की सुबह 10:40 बजे भी भूकंप आया था, जिसमें अब तक 2200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, बुधवार देर रात भी यहां 10 किलोमीटर की गहराई में भूकंप दर्ज किया गया था, जिससे आफ्टरशाक का खतरा बढ़ गया था। 'एक्स' पर एक पोस्ट में एनसीएस ने बताया कि अफगानिस्तान में रात 23:53 बजे 10 किलोमीटर की गहराई में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस बीच खामा प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने अफगानिस्तान के भूकंप प्रभावित कुनार और नंगरहार प्रांतों में आपातकालीन सहायता भेजी है, जहां 2205 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 3000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

# 'बांग्लादेश दरिया-ए-नूर' हीरे वाली तिजोरी खालेगा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने ढाका के एक स्टेट बैंक की लंबे समय से बंद पड़ी तिजोरी को खोलने का आदेश दिया है। इस तिजोरी को 117 साल पहले (1908 में) सील की गई थी। इस तिजोरी में दुनिया की सबसे कीमती रत्नों में से एक 'दरिया-ए-नूर' हीरा बंद होने की उम्मीद है। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि यह हीरा वहां है भी या नहीं, क्योंकि दशकों से इसे देखा नहीं गया है। दरिया-ए-नूर को 'कोहिनूर की बहन' कहा जाता है। कोहिनूर अभी ब्रिटेन में मौजूद है। दोनों हीरे भारत से ले जाए गए थे। वर्तमान में दरिया-ए-नूर की कीमत लगभग 13 मिलियन डालर (लगभग 114.5 करोड़ रुपये) आंकी गई है।

# सितम्बर का महीना नेतन्याहू के लिए इम्तिहान जैसा

**फलस्तीन स्वतंत्र राष्ट्र जैसे कई बड़े घटनाक्रम**

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए सितम्बर का महीना आसान नहीं होने वाला। वजह है कई बड़े घटनाक्रम, जो इजरायल की राजनीति और कूटनीति को झकझोर सकते हैं।

इसी महीने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा होने जा रही है, जहां फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की मांग उठेगी। दूसरी तरफ अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो यरुशलम पहुंच रहे हैं, यूएई ने लाल रेखा खींच दी है और इजरायली सेना गाजा में बड़े अभियान की तैयारी में जुटी है। यानी, सितम्बर नेतन्याहू के लिए सियासी और रणनीतिक इम्तिहान लेकर आया है। पेरिस, लंदन, ब्रसेल्स, ओटावा और



- **इजरायल की राजनीति और कूटनीति को झकझोर सकते हैं**

कैनबरा जैसे अहम पश्चिमी शहर फलस्तीनी राज्य को मान्यता देने की तैयारी में हैं। इसके जवाब में इजरायल के भीतर यह बहस तेज हो गई है कि यहूदा और शमरोन (पश्चिमी तट) के बड़े हिस्से को अपने अधिकार क्षेत्र में शामिल कर लिया जाए। इसी बीच, वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने यहूदा और शमरोन (वेस्ट बैंक) के बड़े हिस्से को इजरायल में मिलाने की योजना पेश कर दी है। इस योजना के मुताबिक बड़े फलस्तीनी शहर रामल्ला, नाबलुस, हेब्रोन, जेरिको, जेनिन और तुल्करम फलस्तीनी अथॉरिटी के अधीन रहेंगे, लेकिन बाकी जमीन इजरायल के अधीन जाएगी। संयुक्त अरब अमीरात ने साफ कहा है कि अगर इजरायल एनेक्सेशन करता है तो अब्राहम समझौता खतरे में पड़ जाएगा। याद रहे कि 2020 में यही समझौता इस शर्त पर हुआ थ कि इजरायल अधिग्रहण को रोक देगा।

# यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देंगे 26 देश

**यूक्रेन बॉर्डर पर इंटरनेशनल फोर्स तैनात होगी, जेलेंस्की ने ट्रम्प से भी समर्थन मांगा**

**पेरिस।** 26 यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को पोस्ट वॉर सुरक्षा गारंटी देने का वादा किया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में एक इंटरनेशनल फोर्स भी तैनात की जाएगी। मैक्रों ने 'कोएलिशन ऑफ विलिंग्स' समिट के बाद प्रेस मीट में ए जानकारी दी।

इस बैठक में ईयू समेत 35 देशों के नेता के शामिल हुए, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने समिट के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से भी बातचीत की और गारंटी के लिए समर्थन देने को कहा। मैक्रों ने कहा कि इससे भविष्य में किसी बड़े हमले को रोका जा सकेगा। कुछ देश यूक्रेन के बाहर से भी सहायता देंगे, जैसे कि यूक्रेनी सेना को ट्रेनिंग देना और हथियारों की आपूर्ति करना। हालांकि, मैक्रों ने यह साफ नहीं किया कि कितने सैनिक शामिल होंगे या कौन-कौन से देश इस गारंटी में हिस्सा लेंगे। मैक्रों ने बताया कि सहायता देने वाले देशों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई देश अभी फैसला लेने की प्रक्रिया में हैं। वहीं, अमेरिका की भागीदारी को लेकर अगले कुछ दिनों में अंतिम निर्णय होने की उम्मीद है। अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने इस समिट में हिस्सा लिया। बैठक से पहले उन्होंने फ्रांसीसी, ब्रिटिश, जर्मन, इतालवी और यूक्रेनी वरिष्ठ राजनयिकों से मुलाकात की। यूरोपीय अधिकारियों का कहना है कि यूक्रेन में शांति अभी दूर की कौड़ी लगती है, लेकिन वे युद्ध खत्म होने के बाद भी किसी भी इमरजेंसी के लिए तैयार रहना चाहते हैं। वे मानते हैं कि, इस प्रयास से यूक्रेन को अपने समर्थन का भरोसा दिला सकते हैं।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वैदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acnc) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108